

केरल : पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी - 12




ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास - 12



पश्चिम एशिया में विश्वविद्यालय भी निशाने पर - 13



ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली- 14




एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष द्वादशी 07:09 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 30 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 222, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये




अमेरिका के सेंट पॉल में 'नो किंग्स' मार्च के दौरान मिनेसोटा स्टेट कैपिटल के बाहर नारे लगाते प्रदर्शनकारी।

## अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ भड़का आक्रोश

### 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' में पद से हटाने की मांग, यूरोप-ऑस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन

सेंट पॉल (अमेरिका), एजेंसी

**50** अमेरिकी राज्यों में हुआ प्रदर्शन

**3300** जगहों पर जुटे प्रदर्शनकारी

**80** लाख लोग विरोध मार्च में शामिल

अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों के खिलाफ 'नो किंग्स प्रोटेस्ट' हुआ। अमेरिका के सभी 50 राज्यों के अलावा यूरोप, आस्ट्रेलिया समेत 12 देशों में लाखों लोगों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

यह विरोध प्रदर्शन विशेष रूप से ईरान के साथ जारी युद्ध और कड़े इमिग्रेशन कानूनों के खिलाफ हो रहे है। अमेरिका में नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए। अमेरिका का मिनेसोटा प्रांत इस आंदोलन का मुख्य केंद्र बनकर उभरा, जहां हजारों लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए ट्रंप की सख्त आव्रजन नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। सेंट पॉल में कैपिटल लॉन में आयोजित मुख्य रैली में प्रसिद्ध गायक ब्रूस स्प्रिंगस्टीन भी शामिल हुए। ब्रूस और अन्य वक्ताओं ने भीषण सर्दी के बावजूद सड़कों पर उतरकर अमेरिकी आव्रजन एजेंसी की कार्रवाई का विरोध करने के लिए प्रांत के लोगों की सराहना की। ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने संघीय एजेंटों की गोलीबारी में रिनी गुड और एलेक्स प्रेट्टी की मौत पर विरोध प्रकट करते हुए अपना गीत स्ट्रीट्स ऑफ मिनियापोलिस प्रस्तुत किया। इस गीत के माध्यम से उन्होंने गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि मिनेसोटा के लोगों द्वारा आव्रजन एजेंसी के खिलाफ किया गया प्रतिरोध पूरे देश के लिए आशा की किरण बन गया है। उन्होंने कहा, आपकी ताकत और प्रतिबद्धता ने हमें यह एहसास कराया कि यह अब भी वही देश है। और यह रूढ़ीवादी भयावह दौर तथा अमेरिकी शहरों में इस तरह की कार्रवाई अधिक समय तक नहीं चलेगी। 85 लाख की आबादी वाले न्यूयॉर्क शहर से लेकर दो हजार से भी कम आबादी वाले ड्रिग्स कस्बे तक लोग सड़कों पर उतर आए। अमेरिका के अलावा, यूरोप, लातिन अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया समेत कम से कम 12 देशों में भी विरोध-प्रदर्शन हुए।

---

**ब्रीफ न्यूज**

### 100 रुपये के लेन-देन को लेकर व्यक्ति की पीट पीटकर हत्या

**बड़वानी (मप्र)।** मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में महज 100 रुपये के लेन-देन के विवाद में 35 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार फूल सिंह (35) ने मनीष सोलंकी (23) को कुछ वक्त पहले 100 रुपये उधार दिए थे और जब उसने यह रकम वापस मांगी, तो शनिवार और रविवार की दरमियानी रात सोलंकी का उससे विवाद हो गया। सोलंकी ने अपने दो के साथ मिलकर फूल सिंह को बुरी तरह पीटा। छाती, गुप्तांग और अन्य अंगों में गंभीर चोटों से फूल सिंह की मौत हो गई।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने ईंधन भेजने के लिए पीएम मोदी को दिया धन्यवाद

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति में उत्पन्न व्यवधान के बीच भारत द्वारा तेल से भरा टैंकर भेजने के लिए रविवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। आपातकालीन सहायता के रूप में, 20,000 मीट्रिक टन डीजल और 18,000 मीट्रिक टन पेट्रोल सहित 38,000 मीट्रिक टन ईंधन की एक खेप शनिवार को भारत से कोलंबो पहुंची। दिसानायके ने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी से पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति में हो रही दिक्कतों के बारे में बात की थी।

### नेपाल में 4.5 तीव्रता का आया भूकंप, काठमांडू से 80 किमी दूर था केंद्र

**काठमांडू।** नेपाल के सिंधुपालचौक जिले में शनिवार रात को 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। झटके काठमांडू तक महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति या जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। रात करीब 11.35 बजे आए भूकंप का केंद्र सिंधुपालचौक के नुलथला खारका क्षेत्र के पास स्थित था, जो काठमांडू से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में है।

---

## युद्ध के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण संकट के राजनीतिकरण से बचें

### मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी बोले- जंग से गहरा रहा पेट्रोल-डीजल का संकट

- भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार की जानकारी पर ही भरोसा करें
- मोदी बोले- पश्चिम एशिया से उपजी चुनौतियों का मिलकर सामना करें देशवासी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी नागरिकों से पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध के कारण पैदा हुई चुनौतीपूर्ण स्थिति से पार पाने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। मोदी ने वर्तमान संकट का राजनीतिकरण करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में स्वार्थ भरी राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में कहा कि अफवाहें फैलाने वाले लोग देश को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध जारी है। यह निश्चित तौर पर चुनौतीपूर्ण समय है। मैं आज मन की बात के माध्यम से सभी देशवासियों से फिर यह आग्रह करूंगा कि हमें एकजुट होकर इस चुनौती से बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जुड़ा विषय है और इसमें स्वार्थ भरी राजनीति का कोई स्थान नहीं है।अफवाह फैला रहे लोग देश का बहुत बड़ा नुकसान कर रहे हैं। मैं सभी देशवासियों से अपील करूंगा कि वे जागरूक रहें, अफवाहों के बहकावे में न आएं। सरकार की तरफ से आपको जो निरंतर जानकारी दी जा रही है, उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मोदी ने कहा कि उन्हें हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर इन कठिन हालात से विजयी बनकर बाहर निकल जाएंगे। खाड़ी देशों में रह रहे और वहां काम कर रहे एक करोड़ भारतीयों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए वह उन देशों के अत्यंत आभारी हैं। युद्ध वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

### मोटापे से बचने के लिए चीनी का सेवन करें कम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने देशवासियों से चीनी का सेवन कम करने और खाना पकाने के तेल का उपयोग 10 प्रतिशत तक घटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे प्रयास लोगों को मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से दूर रखेंगे। मोदी ने कहा कि इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के पोस्ट पर कई लोगों ने टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने पिता को चीनी का सेवन कम करने के लिए कहने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि मेरी अपील का उनके पिता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि चीनी का सेवन कम करें, और जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, हमें खाना पकाने के तेल का उपयोग भी 10 प्रतिशत तक कम करना होगा। ये छोटे प्रयास आपको मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाएंगे।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव पूरे भारत में

**नई दिल्ली।** मोदी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों पर प्रकाश डाला और कहा कि इसका प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। घरेलू छतों पर सौर ऊर्जा लगाने की यह योजना, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी ऐसी पहल कहा जाता है, का लक्ष्य मार्च 2027 तक एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा की आपूर्ति करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कोई आज किसी भी शहर, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, का दौरा करे तो उसे निश्चित रूप से एक बदलाव नजर आएगा कि बड़ी संख्या में घरों की छतों पर सौलर पैनल लगाए गए हैं।

---

## अमेरिका के 2500 सैनिक पश्चिम एशिया पहुंचे, हमले में सऊदी में अमेरिकी एयरबेस को बड़ा नुकसान



ईरान के हमले में ध्वस्त हुआ अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान।

- 1000 अमेरिकी पैराट्रूपर्स जल्द पहुचेंगे अत्याधुनिक अमेरिकी ई-3 सेंट्री विमान तबाह
- इजराइली व अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में एक माह से जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के लगभग 2,500 मरीन सैनिक युद्ध क्षेत्र में पहुंच गए हैं और इसके साथ ही यहां पिछले दो दशकों में अमेरिका की सबसे बड़ी सैन्य तैनाती हो गई है। इसके अलावा, 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' के 1,000 'पैराट्रूपर्स' को भी पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया गया है, जो दुश्मन के इलाके में उतरकर अहम ठिकानों और हवाई पट्टियों को सुरक्षित करने में सक्षम हैं।

वहीं, ईरान ने शुक्रवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन से बड़ा जवाबी हमला किया। ईरानी मीडिया का दावा है कि इस हमले में अमेरिका का अत्याधुनिक ई-3 सेंट्री विमान काफी हद तक नष्ट हो गया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि अमेरिका जमीनी बल उतारने के साथ ही अपने सभी उद्देश्यों को हासिल कर सकता है। इस बीच, रविवार को ईरान ने क्षेत्र में स्थित इजराइली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को निशाना बनाने की धमकी दी। ऐसा पहली बार है जब ईरान ने शिक्षण संस्थानों को निशाना बनाने की खुले तौर पर धमकी दी है। अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने चेतावनी दी कि यदि ईरानी विश्वविद्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो क्षेत्र में मौजूद इजराइली विश्वविद्यालयों और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के परिसर को सीधे तौर पर निशाना बनाया जाएगा।

### पाकिस्तान ने मिस्र और तुर्किये से जारी तनाव पर की चर्चा

**इसलामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की। विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर हैं। विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।

### इरबिल में ड्रोन हमले तेज अमेरिकी ठिकाने निशाने पर

**दुबई।** जारी युद्ध के बीच उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में शनिवार रात भर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास एवं अन्य स्थानों को निशाना बनाकर कई ड्रोन हमले किए गए लेकिन उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले की रोक दिया गया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने हाल के दिनों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं। इरबिल भी लगातार इन हमलों का निशाना बन रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। अमेरिका ने एक बयान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घृणित आतंकी हमले बताया।

---

## दो और एलपीजी जहाज होर्मुज से सुरक्षित पार

**नई दिल्ली।** दो और भारतीय ध्वज वाले एलपीजी टैंकर युद्ध-प्रभावित होर्मुज से सुरक्षित निकल चुके हैं और कुछ दिन में भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है। इन पर एक दिन के इस्तेमाल का रसोई गैस का भंडार है।

दो एलपीजी जहाज बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम, में 94,000 टन एलपीजी हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई की ओर बढ़ रहा है और इसके 31 मार्च को पहुंचने की उम्मीद है, वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मंगलौर की ओर जा है और इसके एक अप्रैल को आने की उम्मीद है। होर्मुज मार्ग खाड़ी देशों से दुनिया में तेल और गैस के निर्यात का रास्ता है। हालांकि, ईरान ने पिछले सप्ताह कहा था कि जो देश शत्रु नहीं हैं उनके जहाज ईरानी अधिकारियों के साथ समन्वय के बाद इस मार्ग से निकल सकते हैं। इससे पहले चार भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर सुरक्षित रूप से इस मार्ग से निकल चुके हैं।



- एक दिन की रसोई गैस का भंडार, जल्द भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद
- बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम जहाज में है 94,000 टन एलपीजी

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्रियों की संपत्तियों की जांच को आयोग गठित

**काठमांडू।** नेपाल की नवगठित सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी 100 सूत्री कार्य योजना के तहत पूर्व प्रधानमंत्रियों की संपत्तियों की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया है। इस समिति में कानून, वित्त, राजस्व और अनुसंधान के विशेषज्ञ शामिल हैं। सीआईएए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अधीन कार्य करेगा। पहले चरण में, 2006 की नेपाल क्रांति के बाद सार्वजनिक पदों पर आसीन सभी लोगों की जांच की जाएगी और आयोग 15 दिनों के भीतर जांच पूरी करेगा। इसके बाद सरकार चार पूर्व प्रधानमंत्रियों - शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली, प्रचंड और माधव कुमार की संपत्तियों की जांच शुरू करेगी।

---

## यूपी में आज से गेहूं खरीद शुरू 48 घंटे में होगा भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2.24 लाख किसानों ने कराया पंजीकरण 50 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य

**अमृत विचार :** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश में गेहूं खरीद आज यानी सोमवार से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। खरीद शुरू होने से पहले ही अब तक 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रदेश में खोले जाने वाले कुल 6500 क्रय केंद्रों में से 3574 क्रय केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं।

सरकार ने इस वर्ष गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये अधिक है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए हैं कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुगम रहे तथा किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग समेत कुल आठ एजेंसियों के माध्यम से



6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाने हैं। सभी क्रय केंद्र सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक संचालित होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। इस बार किसानों को गेहूं बिक्री पर अतिरिक्त सुविधा देते हुए उतराई, छनाई और सफाई के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल अलग से दिए जाएंगे।

---

**कार्यक्रम** संकट के समय दुष्प्रचार राष्ट्रहित के खिलाफ, लोगों से सतर्क रहने की अपील, 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को मिले नियुक्ति पत्र

## जनता ने नकार दिया तो अब बन गए हैं अफवाहबाज : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता द्वारा नकारे जाने के बाद कुछ लोग अब अफवाह और दुष्प्रचार के सहारे समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से ऐसे लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि संकट के समय दुष्प्रचार करना राष्ट्रहित के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को लोक भवन में आयोजित 665 नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस को लेकर अफवाह और दुष्प्रचार फैलाने वाले विपक्षी नेताओं पर तीखा प्रहार किया। वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में आर्थिक अस्थिरता और संकट की स्थिति है, पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थिति नियंत्रित है। केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कमी कर 145 करोड़ देशवासियों को राहत दी है, जिसका लाभ सभी वर्गों को मिल रहा है। योगी ने अफवाहों के उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ लोग गैस सिलेंडर में कम गैस मिलने या देश में लॉकडाउन लगने जैसी झूठी बातें फैला रहे हैं। उन्होंने इसे बचकानी हरकत बताते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें केवल भ्रम पैदा करती हैं, जबकि प्रदेश में सभी कार्य सामान्य रूप से चल रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि बिना आवश्यकता पेट्रोल-डीजल या गैस के लिए लाइन में न लगें और अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जब टंकी भरी है तो बार-बार लाइन में खड़े होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौरान सरकार ने हर स्तर पर जनता की सहायता की थी। आज भी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लोगों के साथ खड़ी है। ऐसे में अफवाह फैलाने वालों के बहकावे में आने के बजाय सरकार के मार्गदर्शन का पालन करना चाहिए।



**लखनऊ :** लोकभवन में एक अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी।

### नौ लाख युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। पूरी प्रक्रिया मेरिट और आरक्षण के नियमों के अनुसार पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि अब भर्ती प्रक्रियाएं इतनी निष्पक्ष हैं कि न्यायालयीय हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### अपराध के साथ भ्रष्टाचार पर भी जीरो टॉलरेंस

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति सिर्फ अपराध के प्रति ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ भी है। भर्ती प्रक्रिया में मानव हस्तक्षेप को समाप्त कर पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है और देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।



लखनऊ के लोक भवन में आयोजित 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# अभ्यर्थियों ने पारदर्शी चयन प्रक्रिया को सराहा

## मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर भावुक हुए अभ्यर्थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राजधानी लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों की खुशी देखते ही बन रही थी। मंच से एक-एक कर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता की सराहना की।

अभ्यर्थियों ने कहा कि अब सरकारी भर्तियों में मेहनत और योग्यता को ही प्राथमिकता मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जाति, धर्म और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर सभी को समान अवसर दिया जा रहा है। इस नियुक्ति प्रक्रिया ने युवाओं के बीच सिस्टम के प्रति विश्वास को मजबूत किया है। चयनित अभ्यर्थियों की बातों से साफ झलकता है कि अब सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता और निष्पक्षता नई पहचान बन चुकी है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं शिक्षा अमित घोष, लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, केजीएमयू वाइस चांसलर डॉ. सोनिया नित्यानंद आदि उपस्थित थे।

> पारदर्शी परीक्षा के कारण मुझे प्रथम रैंक हासिल करने का अवसर मिला। परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष रही। मुख्यमंत्री से मिलना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।
> – प्रियंका सिंह (मोहनलालगंज, लखनऊ)

> दो चरणों में हुई परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी रही। इसमें वही सफल हुए जो वास्तव में योग्य थे। यह मेरे जीवन का गौरवपूर्ण क्षण है।
> – संध्या सिंह (सुल्तानपुर)

> परीक्षा केंद्रों पर इतनी कड़ी सुरक्षा थी कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना ही नहीं थी। यह सरकार की ईमानदार और पारदर्शी व्यवस्था का उदाहरण है।
> – अनामिका यादव (मैनपुरी)

> पहले मेरे मन में उत्तर प्रदेश को लेकर गलत धारणा थी, लेकिन अब राज्य तेजी से विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बदलाव साफ दिखता है।
> – शरिमा सिद्दीकी

> नियुक्ति पत्र मिलना मेरे जीवन का सबसे गर्वपूर्ण क्षण है। पारदर्शी प्रक्रिया से योग्य उम्मीदवारों को ही अवसर मिला।
> – आकांक्षा

## न्यूज ब्रीफ

### वादा करें नोएडा एयरपोर्ट नहीं बेचेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिलेश यादव की गौतमबुद्ध नगर के दादरी में आयोजित रैली से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। सपा प्रमुख ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इसका उद्घाटन "बेचने के लिए" किया गया है और सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि एयरपोर्ट का निजीकरण नहीं होगा। उन्होंने किसानों को उनकी जमीन का बाजार भाव से मुआवजा न मिलने का आरोप लगाते हुए वादा किया कि सपा सरकार बनने पर विकास परियोजनाओं के लिए ली जाने वाली जमीन का उचित मूल्य दिया जाएगा। दादरी के सम्राट मिहिर भोज कॉलेज मैदान में हुई रैली में अखिलेश यादव ने कहा कि सपा शासनकाल में किसानों को बेहतर मुआवजा मिलता था, जबकि वर्तमान सरकार में उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है।



### बसपा सरकार में पड़ी थी नोएडा एयरपोर्ट की नींव

**अमृत विचार, लखनऊ :** जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लेकर बसपा प्रमुख मायावती का दावा है कि इस परियोजना की आधारशिला उनकी बसपा सरकार के दौरान ही रखी गई थी। जरूरी बुनियादी कार्य बसपा सरकार के समय ही शुरू हो गए थे, लेकिन बाद में केंद्र की कांग्रेस सरकार के असहयोग से इसमें देरी हुई। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि उस समय केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस परियोजना में बाधाएं डालीं। अगर, व्यवधान न खड़े किए गए होते तो यमुना एक्सप्रेसवे की तरह यह परियोजना भी उनकी सरकार में ही पूरी हो सकती थी।



### संगठन के विस्तार में जुटी आरपीआई (ए)

**अमृत विचार, लखनऊ :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के केंद्रीय नेता रामदास अठावले के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेशभर से लोगों का पार्टी से जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन विस्तार को लेकर बैठक हुई। बैठक में कई पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। लखनऊ पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को ग्राम पंचायत, ब्लॉक और बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। आने वाले समय में रैलियों और बैठकों के माध्यम से जनसमस्याओं को गहराई से समझा जाएगा।

### कन्या सुमंगला योजना से नई उड़ान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कन्या सुमंगला योजना बेटियों के सशक्तीकरण का मजबूत आधार बनती जा रही है। इसी क्रम में अमेठी जिले की 23 छात्राओं को स्नातक स्तर पर प्रवेश के बाद योजना की अंतिम किश्त जारी की गई, जिससे उनके उच्च शिक्षा के सपनों को नई मजबूती मिली है। योजना के तहत बेटियों को जन्म से लेकर स्नातक स्तर तक छह चरणों में आर्थिक सहायता दी जाती है। वर्ष 2024-25 में इस सहायता राशि को बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है, जो सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है।

# नए बजट की हर स्वीकृति पर रहेगी वित्त विभाग की नजर

## विधानमंडल से स्वीकृत बजट 2026-27 लागू करने का शासनादेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अंतिम तिमाही में फिजूल खर्च पर रोक, योजनाओं में चरणबद्ध किया जाएगा भुगतान**
- **पेंशन-छात्रवृत्ति सीधे खातों में नई योजनाओं पर बिना अनुमति खर्च नहीं**

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को लागू करते हुए खर्च और वित्तीय स्वीकृतियों पर कड़ा नियंत्रण लागू कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी विस्तृत शासनादेश में साफ कहा गया है कि अब विधानसभा से पारित अनुदान और विनियोग को ही अंतिम बजट माना जाएगा और सभी विभाग उसी के अनुरूप खर्च करेंगे।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने स्पष्ट किया है कि नई योजनाओं, नई सेवाओं या अतिरिक्त व्यय से जुड़े किसी भी प्रस्ताव पर बिना वित्त विभाग की सहमति के स्वीकृति नहीं दी जाएगी। वहीं, पहले से चल रही योजनाओं में प्रशासनिक विभागों को सीमित अधिकार दिए गए हैं, लेकिन उन्हें भी तय नियमों का पालन करना होगा। शासनादेश में सामाजिक योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वृद्धावस्था पेंशन, किसान पेंशन, निराश्रित महिलाओं और दिव्यांगजन को मिलने वाली सहायता अब सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी। इसी तरह छात्रवृत्ति की धनराशि भी सीधे छात्रों तक पहुंचेगी, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी।

निर्माण कार्यों में अनियमितता रोकने के लिए भी सख्त प्रावधान किए गए हैं। पांच करोड़ तक की परियोजनाओं में पूरी धनराशि कार्य की गुणवत्ता से संतुष्टि के बाद ही जारी होगी, जबकि बड़ी परियोजनाओं में चरणबद्ध किस्तों में भुगतान किया जाएगा। 25 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं में तीन चरणों में धनराशि दी जाएगी और हर चरण में गुणवत्ता की जांच जरूरी होगी। सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि लागत सीमा से बचने के लिए परियोजनाओं को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटने की अनुमति नहीं होगी। वहीं 50 करोड़ से अधिक लागत वाले भवन निर्माण कार्य ईपीसी मोड से कराए जाएंगे, जिससे समय और लागत दोनों पर नियंत्रण रहेगा।

### नए नियम एक नजर में

- विधानसभा से पारित बजट ही अंतिम, उसी के अनुसार खर्च
- नई योजनाओं पर वित्त विभाग की अनुमति जरूरी
- पेंशन और छात्रवृत्ति सीधे खातों में ट्रांसफर
- निर्माण कार्यों में चरणबद्ध भुगतान और गुणवत्ता जांच अनिवार्य
- अंतिम तिमाही में खर्च की सीमा तय
- एकमुश्त निकासी पर रोक, जरूरत के अनुसार ही धन जारी
- एसएनए- स्पर्श से केंद्र योजनाओं का संचालन
- सभी स्वीकृतियां ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

### खर्च पर नियंत्रण के लिए कड़े निर्देश

खर्च पर नियंत्रण के लिए वित्त विभाग ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। वित्तीय वर्ष के अंतिम तीन महीनों में कुल बजट का 30 प्रतिशत से अधिक और अंतिम महीने में 15 प्रतिशत से ज्यादा खर्च की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ ही एकमुश्त धन निकासी पर रोक लगाते हुए जरूरत के अनुसार ही धनराशि निकालने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि राज्य के कैश मैनेजमेंट पर दबाव न पड़े। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के संचालन के लिए एसएनए स्पर्श प्रणाली को लागू किया गया है। इस व्यवस्था के तहत केंद्रांश सीधे आरबीआई में खुले खाते में आएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भुगतान प्रक्रिया तेज होगी।

### वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप खर्च रहेगा संतुलित

वित्त विभाग ने सभी विभागों को वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने और खर्च को पूरे साल संतुलित रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी वित्तीय स्वीकृतियों को अनिवार्य रूप से सरकारी पोर्टल पर अपलोड करना होगा, जिससे निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आज सौगात देंगे मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **स्मार्टफोन व ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस दिए जाएंगे और नियुक्ति पत्र भी**
- **नए केंद्रों व परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास-लोकार्पण भी करेंगे योगी**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मुख्य सेविकाओं को कई बड़ी सौगातें देंगे। प्रदेश में कुल 69,794 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन दिए जाएंगे, जिससे डिजिटल मॉनिटरिंग और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। साथ ही, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के इस कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण, बाल विकास और रोजगार सृजन से जुड़ी कई योजनाओं की शुरुआत होगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आंगनबाड़ी सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस वितरित करेंगे। इसमें स्टैडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर और मदर-चाइल्ड वेटिंग स्केल शामिल हैं। प्रदेश भर में कुल 1,33,282 स्टैडियोमीटर, 10,553 इन्फैंटोमीटर और 58,237 वेटिंग स्केल वितरित किए जाएंगे, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी और अधिक सटीक हो सकेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम की भी शुरुआत करेंगे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। वहीं, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से 46 जिलों में 739 कार्यकर्ताओं और 42 जिलों में 15,203 सहायिकाओं को भी नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री इस अवसर पर नए आंगनबाड़ी केंद्रों के डिजाइन का विमोचन भी करेंगे। साथ ही 13 जिलों में 633 केंद्रों, 28 जिलों में 71 बाल विकास परियोजना कार्यालयों और 27 जिलों में 69 अन्य केंद्रों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। दूसरी ओर, 70 जिलों में 2,468 आंगनबाड़ी केंद्रों और 29 जिलों में 69 परियोजना कार्यालयों का लोकार्पण भी किया जाएगा।

## गन्ना विभाग और यूपीएसआरएलएम के बीच एमओयू

- **महिला समूहों को मिलेगा रोजगार, करेंगी मार्केटिंग**

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर गन्ना विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया गया है। इसके तहत अब महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी गन्ना उत्पादन से लेकर वैल्यू एडिशन तक बढ़ाई जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, प्रदेश में करीब 47.5 लाख गन्ना किसान हैं, जिनमें लगभग 2.95 लाख महिला किसान शामिल हैं। वहीं, 57 हजार से अधिक महिलाएं 3,000 से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गन्ने की उन्नत किस्मों की पौध तैयार कर रही हैं। एमओयू के तहत महिलाओं को केवल पौध उत्पादन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें गन्ना प्रसंस्करण, जैविक उत्पाद निर्माण, गुड़ और अन्य वैल्यू एडेड उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## पांच करोड़ के स्टाम्प घोटाले में उप-लेखाकार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आरोपी राजेश सगर

**अमृत विचारः** बदायूं के दातागंज उप कोषागार में हुए 5.08 करोड़ के स्टाम्प शुल्क की हेराफेरी में उप-लेखाकार को ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने आठ वर्ष से फरार चल रहे आरोपी राजेश सगर को बदायूं के सिविल लाइन इलाके से दबोचा। स्टाम्प शुल्क घोटाले के समय वह दातागंज उपकोषागार में उप-लेखाकार के पद पर तैनात था।

ईओडब्ल्यू के अधिकारी के मुताबिक, दातागंज उप-कोषागार में स्टाम्प बिक्री से प्राप्त करीब 5,08,98,110 रुपये की धनराशि सरकारी कोष में जमा नहीं किया गया। इन रुपये का बंदरबांट किया गया था। इस मामले में वर्ष 2019 में दातागंज थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जिसकी विवेचना बाद में शासन के निर्देश पर ईओडब्ल्यू को सौंपी गई। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि तत्कालीन अधिकारी और कर्मचारियों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से सरकारी धन का गबन किया। आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज है।

## दुग्ध उत्पादन से दो वर्ष में कमाए 67 लाख

**अमृत विचार, लखनऊः** सोनभद्र की विनीता ने दुग्ध उत्पादन को अपनाकर महज दो वर्षों में 67 लाख रुपये की कमाई की और आज 'लखपति दीदी' के रूप में पहचान बना ली है। महिला सशक्तीकरण और आजीविका योजनाओं का लाभ उठाकर विनीता ने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। विनीता, जो पहले पति अविनाश के साथ 10-12 दुधारू पशुओं के जरिए काम करती थीं। निजी डेयरियों पर निर्भरता के कारण उन्हें समय पर भुगतान और उचित मूल्य नहीं मिल पाता था। हालात बदलने के लिए उन्होंने काशी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़ने का निर्णय लिया। यहां उन्हें न केवल उचित मूल्य मिला, बल्कि तकनीक और प्रशिक्षण का लाभ भी मिला।


लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में लोगों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व सांसद राकेश राठौर।

## पूर्व सपा नेता अरुणेश यादव समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की नीतियों और जन मुद्दों पर राहुल गांधी के संघर्ष से प्रेरित होकर सीतापुर के पूर्व सपा नेता अरुणेश यादव ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान परिवर्तन समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने भी अपने साथियों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया। माल एवन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी। सांसद राकेश राठौर ने कहा कि अरुणेश यादव के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।

## झूठ और समाज को बांटने की राजनीति कर रही सपा : पंकज चौधरी

**अमृत विचार, लखनऊः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दादरी में दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का भाषण झूठ, भ्रम, हताशा और समाज को बांटने की राजनीति का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में जनता ने सपा की कुशासन, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति को नकार दिया था और 2027 में भी प्रदेश की जनता भाजपा को ही चुनेगी। पंकज चौधरी ने आरोप लगाया कि पीडीए के नाम पर सपा सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है।

**खुलासा** | दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर स्क्राइब (श्रुत लेखक) के रूप में सॉल्वर बैठाने का मामला

# दस वर्ष से चला रहे थे गिरोह, बैंक परीक्षा में भी किया था खेल

इंद्र भूषण दुबे, लखनऊ

- **एसटीएफ पुराने रिकार्ड खंगालने में जुटी, गिरोह के सदस्यों की तलाश में दबिश**

**अमृत विचारः** प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर स्क्राइब (श्रुत लेखक) के रूप में सॉल्वर बैठाने वाले गिरोह की जांच कर रही एसटीएफ का मानना है कि उक्त गिरोह पिछले दस वर्षों से सक्रिय है। गिरोह ने इसी तर्ज पर बैंक पीओ की परीक्षा में भी खेल किया। करीब पांच दर्जन से अधिक युवक व युवतियों को नौकरी लगवा दी है। एसटीएफ ऐसे सभी अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी जुटाकर संबंधित बैंक को सूची भेजने की तैयारी कर रही है। ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक, पुलिस जांच में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, जो विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर व पेशेवर स्क्राइब उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षाओं में पास कराने का काम करता था। इस गिरोह के जरिए बैंकिंग परीक्षाओं में चयन कराकर लाखों रुपये की उगाही की जा रही थी। पूछताछ के दौरान अभिषेक यादव ने खुलासा किया कि वह बीए स्नातक है और उसके परिचितों के माध्यम से फर्जी लो विजन (40 प्रतिशत दिव्यांगता) का प्रमाण पत्र बनवाया गया था। इस प्रमाण पत्र के आधार पर उसने विभिन्न परीक्षाओं में स्क्राइब की मदद ली। उसने बताया कि ईएमआरएस परीक्षा के टियर-1 और टियर-2 दोनों चरणों में फर्जी स्क्राइब के जरिए परीक्षा दी गई। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्य अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जुटाकर उन पर हस्ताक्षर कराते थे। मौके से विभिन्न परीक्षाओं के दर्जनों प्रवेश पत्र बरामद हुए, जिनकी प्रिंट कॉपी लेकर पुलिस ने कब्जे में लिया है।

एसटीएफ के मुताबिक पूछताछ में आकाश अग्रवाल ने बताया कि वह पिछले करीब दस वर्ष से अपने साथियों सौरभ सोनी और मनीष मिश्रा के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा कर रहे थे। उसने बताया कि वह झांसी में पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत है और शहर में संपर्कों का फायदा उठाकर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाता था, स्क्राइब उपलब्ध कराकर अभ्यर्थियों को पास कराता था। इसके एवज में मोटी रकम वसूली जाती थी।

### बैंक पीओ के लिए वसूले थे 30-30 लाख

एसटीएफ की पूछताछ व जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बैंक पीओ की परीक्षा पास कराने व नौकरी दिलाने के नाम पर गिरोह ने अभ्यर्थियों से 30-30 लाख रुपये वसूले थे। इसके बदले में बैंक ऑफ बड़ौदा व केनरा बैंक के पीओ पद पर अभ्यर्थियों का चयन कराया था। आकाश अग्रवाल, सौरभ सोनी और मनीष मिश्रा ने कुबूल किया था कि इन लोगों ने एक महिला अभ्यर्थी को बैंक ऑफ बड़ौदा में पीओ की नौकरी दिलाई। वह लखनऊ में ट्रेनिंग कर रही है। इसके अलावा एक महिला को केनरा बैंक में पीओ पद पर चयन कराया था। इसके बदले में दोनों ने 30-30 लाख रुपये दिये थे। इसी तरह करीब एक दर्जन से अधिक युवक व युवतियों की बैंक पीओ की नौकरी लगवाई है।

### खेत बेचकर एक लाख में बनवाया प्रमाण पत्र

पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों में शामिल झांसी के भरोसा मोंठ निवासी राजकिशोर ने नौकरी के लालच में आकाश, मनीष व सौरभ सोनी से संपर्क किया। तीनों ने नौकरी दिलाने का लालच दिया। उसे दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कहा। इसके लिए युवक ने खेत बेचकर एक लाख रुपये दिए। जिसके बदले में झांसी से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया था। इसके बाद स्क्राइब की मदद से परीक्षा दी थी। लेकिन परीक्षा के समय वह विकासनगर स्थित केंद्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से मिले दस्तावेजों और डिजिटल डाटा की जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा है। जल्द ही इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मन की बात में पीएम ने की यूपी मॉडल की प्रशंसा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- **वाराणसी में रिकॉर्ड पौधरोपण और मेरठ का सोलर मॉडल बना प्रेरणा**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में वाराणसी में हुए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का उल्लेख करते हुए देशवासियों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत करते हैं। साथ ही मेरठ के सौर ऊर्जा मॉडल की विशेष सराहना की। इससे उत्तर प्रदेश की पर्यावरण और ऊर्जा क्षेत्र की पहलों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन गईं।

वाराणसी में एक घंटे में 2.51 लाख से अधिक पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया, जिसे प्रधानमंत्री ने "जनशक्ति और पर्यावरण चेतना का अद्भुत संगम" बताया। वहीं मेरठ के निवासी अरुण कुमार की सौर ऊर्जा पहल को भी सराहा गया। उन्होंने अपने घर पर सोलर पैनल लगाकर न सिर्फ आत्मनिर्भरता हासिल की, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड को देकर आय का स्रोत भी बनाया, जिससे वे 'ऊर्जादाता' के रूप में पहचान बना रहे हैं।

मंत्री नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग उप्र. एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हरित विकास और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जो उत्तर प्रदेश को सतत और आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश में जनभागीदारी आधारित विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर

विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# पांच वर्षों से सुचारु संचालन के लिए तरस रहा अयोध्या धाम बस स्टेशन

अयोध्या कार्यालय।

- अंडरपास तैयार, फिर भी दोनों लेन से नहीं जुड़ा, अब एनएचएआई को लिखा पत्र
- ओवरब्रिज निर्माण के दौरान सड़क से ऊंचा हो गया था बस स्टेशन का प्रवेश द्वार


अयोध्या धाम बस स्टेशन।

**अमृत विचार :** करीब पांच वर्षों से बस सेवा के सुचारू संचालन के लिए तरस रहे अयोध्या धाम बस स्टेशन को अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। एनएच-27 पर ओवरब्रिज व अंडरपास तैयार होने के बाद यह बस स्टेशन सड़क से ऊंचा हो गया है। इसके चलते सुचारू मार्ग न होने के कारण बस संचालन में बाधा आ रही है। सड़क को बराबर करने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक ने एनएचएआई को पत्र लिखा है।

वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अयोध्या के विकास के क्रम में योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एनएच-27 पर माझा बरहटा के पास इस बस स्टेशन का निर्माण शुरू कराया था। करीब सात एकड़ भूमि पर 14 करोड़ की लागत से इस बस स्टेशन का निर्माण जून 2021 में पूर्ण हुआ। इसके बाद औपचारिक रूप से इसके संचालन की भी घोषणा कर दी गई, लेकिन हाईवे की एक ही लेन से कनेक्टिविटी होने के कारण यहां से बसों का संचालन में बाधा आने लगी थी। मुख्यमंत्री द्वारा इस योजना की स्वयं देख रेख करने के परिणामस्वरूप वर्ष 2024 में एनएचएआई ने यहां ओवरब्रिज व अंडरपास का निर्माण शुरू किया गया, जो दिसंबर 2025 में तैयार भी हो गया। इस निर्माण के दौरान यह बस स्टेशन सड़क मार्ग से करीब तीन फिट ऊंचा हो गया। जनवरी में परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने एनएचएआई को इसे दुरुस्त कराने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन यह कार्य अभी तक नहीं हो सका। इसके चलते हाईवे के दोनों लेन से जुड़ने के बाद भी यहां से बसों का संचालन सुचारू नहीं हो सका।

### हाईवे के दोनों ओर बना सर्विस लेन

अयोध्या धाम से उचित कनेक्टिविटी न होने के कारण इस बस स्टेशन के निर्माण के बाद से ही इसकी उपयोगिता पर सवाल उठ रहे थे। इसको देखते हुए ओवरब्रिज निर्माण के साथ हाईवे के दोनों ओर करीब 22 फिट की सर्विस लेन का भी निर्माण कराया गया है। इससे अब अयोध्या शहर से यात्री ई रिक्शा, ऑटो व अन्य साधनों से आसानी से यहां तक पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही मेले के दौरान भी चलने वाली मेला स्पेशल बसों का यहां से संचालन की राह आसान हो गई है।

> सड़क को बराबर कराने के लिए प्रशासन व एनएचएआई से दोबारा लिखा पढ़ी की गई है। उम्मीद है कि जल्द ही इसका निर्माण हो जाएगा। यहां से बसों के संचालन की तैयारी पूरी है। 20 नई ई-बसें भी यहां पहुंच गई हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन आदि की प्रक्रिया चल रही है। **– विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम**

## 84 कोसी परिक्रमा के लिए दो को रवाना होंगे साधु-संत

**अयोध्या कार्यालय।** 84 कोसी परिक्रमा यात्रा में इस वर्ष 1000 से अधिक साधु संत व राम भक्त शामिल होंगे। विश्व हिंदू परिषद के अनुसंगिक संगठन हनुमान मंडल के नेतृत्व में यह यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए अब तक लगभग 600 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कर लिया है। अलग-अलग राज्यों से भी लोग शामिल होने के लिए आ रहे हैं। 2 अप्रैल को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा इस यात्रा को झंडी दिखाकर मखौड़ा धाम के लिए रवाना किया जायेगा, रात्रि विश्राम के उपरांत प्रात :काल दर्शन पूजन करके आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 21 दिन बाद यात्रा सरयू घाट होते हुए सीता कुंड पर पहुंचेगी जहां इस यात्रा का समापन होगा। 24 अप्रैल को इस यात्रा में शामिल राम भक्त व साधु संत रामकोट की परिक्रमा करेंगे। हनुमान मंडल के संयोजक सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि यात्रा में शामिल होने वाले लोगों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। यात्रा में तीन रथ शामिल किया जाएगा।

# देवकाली में लोगों ने घेरी गैस एजेंसी, डीएम को घुमाया फोन

### आक्रोशित लोगों के सब्र का टूटा बांध, पुलिस ने कराया शांत । डीएसओ ने मामले की जांच कराने का दिया आश्वासन

अयोध्या कार्यालय


सिलेंडर न मिलने पर एजेंसी के बाहर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार


सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** देवकाली के भीखापुर स्थित एक गैस एजेंसी पर रविवार को लोगों के सब्र का बांध टूट गया। सुबह से ही लाइन लगाए लोगों ने सिलेंडर न मिलने पर जमकर हंगामा काटा। आक्रोशित 30 से 35 लोगों ने एजेंसी का घेराव कर दिया। इस दौरान मौके से ही जिलाधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को फोन घुमा दिया। प्रदर्शन कर गैस एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। घंटों समझाने के बाद लोग माने और अपने घरों को लौटे।

जिले में भले ही पेट्रोल डीजल का संकट खत्म हो गया हो, लेकिन सिलेंडर की किल्लत अभी भी जारी है। रोजाना गैस एजेंसियों व गोदामों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

> भीखापुर स्थित एजेंसी में हंगामे की सूचना मिली है। विभाग द्वारा गठित की गई टीम सोमवार को जांच के लिए जाएगी। **– बृजेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी**

रविवार को यहां भीखापुर स्थित एक एजेंसी पर लोगों ने नारेबाजी करनी शुरू कर दी। शिवम पांडेय का आरोप था कि उनके सामने 150 सिलेंडर बांट दिया गया। जब उनकी बारी आई तो कहा गया कि अब कल आना। उन्होंने बताया कि उन्हें 25 मार्च को ही डीएसी नंबर आ गया था, लेकिन अभी तक सिलेंडर नहीं मिला। श्वेता खन्ना की भी यही शिकायत थी। उन्हें भी अगले दिन सिलेंडर लेने के लिए बुलाया गया। अतुल का आरोप था कि सुबह पांच बजे से लाइन में लगे रहे। दोपहर 12:30 बजे तक उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। 25 मार्च को ही डीएसी नंबर प्राप्त हो गया था। एक युवक ने बताया कि उन्होंने 10 दिसंबर को सिलेंडर बुक कराया था। 22 मार्च को डिलीवरी का मैसेज आया, लेकिन घर पर अभी तक सिलेंडर नहीं पहुंचा। हम लोग अगर रोज आकर यहां का चक्कर काटेंगे तो नौकरी कैसे चलेगी? रवि मिश्रा ने सिलेंडर न मिलने का गंभीर आरोप लगाया। इसके बाद सभी ने गैस एजेंसी घेरकर नारेबाजी शुरू कर दी। मुर्दाबाद के नारे लगाए। कुछ ही देर में अयोध्या पुलिस पहुंच गई और आक्रोशित लोगों को समझाया।

## बिजली चोरी पर लगेगी लगाम एक से मंडल में महासर्च अभियान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच बिजली की मांग बढ़ने लगी है। इसे देखते हुए मंडल के सुल्तानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, बाराबंकी और अयोध्या में पावर कार्पोरेशन ने बिजली बर्बादी और चोरी रोकने के लिए महासर्च अभियान चलाने का फैसला किया है। विभाग ने सभी जिलों में इसका माइक्रोप्लान तैयार कर लिया है। यह महासर्च अभियान आगामी एक अप्रैल से शुरू किया जाएगा। अभियान को लेकर सभी जिलों के अधिशासी अभियंता नोडल नामित किए गए हैं। वर्तमान में मंडल के जिलों में भी बिजली की डिमांड 45 प्रतिशत बढ़ गई है। मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि फसलों की सिंचाई के लिए अवैध नलकूप (कटिया डालकर चलाए जा रहे) और अन्य बिजली चोरी के मामलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंडल में एलएमवी-5 श्रेणी के 10,648 वैध नलकूप उपभोक्ता हैं, लेकिन बड़ी संख्या में किसान बिना कनेक्शन के अवैध तरीके से नलकूप चला रहे हैं। अभियान के तहत अभियंता और कर्मी गांव-गांव जाकर कनेक्शनों की जांच करेंगे। वैध कनेक्शनों की पड़ताल के साथ-साथ लोड क्षमता का आकलन भी किया जाएगा। लंबी दूरी से खींची गई अवैध लाइनें ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार डालती हैं, जिससे वे बार-बार जल जाते हैं और उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज व बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है।

### प्रधान ने की ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग

ग्राम पंचायत पुरैनिया के कशिमरवा गांव में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता न बढ़ाए जाने की शिकायत प्रधान प्रदीप कुमार तिवारी ने विद्युत उपखंड अधिकारी से की है। उन्होंने कहा कि अवर अभियंता से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे स्थानीय उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### अतुल मिश्र बने भाजपा के आईटी जिला संयोजक



शाहगंज, अयोध्या, अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी ने युवा नेतृत्व को बढ़ावा देते हुए 21 वर्षीय अतुल मिश्र को अयोध्या का आईटी जिला संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी द्वारा की गई है। अतुल लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे।

### जन आरोग्य मेले में 64 मरीजों की जांच

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार :** विकासखंड बीकापुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मोहम्मद इरशाद, फार्मासिस्ट कनिक राम चौधरी और लैब टेक्नीशियन संतोष ने 36 मरीजों का रजिस्ट्रेशन करके दवा वितरित की। अधिकतर मरीज जुखाम बुखार और सांस की बीमारी से पीड़ित थे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा में महिला चिकित्सक डॉ अंजली गुप्ता, फार्मासिस्ट दुर्गेश पांडे व अन्य के द्वारा 28 मरीजों को चिकित्सीय सलाह देने के साथ दवा दी गई।

### हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पहले से छह मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि दो मार्च को थाना क्षेत्र के कंदैला गांव में कुछ लोगों ने गांव निवासी राज सिंह के ऊपर लाठी डंडों से हमला कर उनकी हत्या करने का प्रयास किया था। मामले में उनके चचेरे भाई अमित सिंह की तहरीर पर गांव निवासी चार नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज किया गया था। बताया कि रविवार को उप निरीक्षक रामराज चौधरी व उनकी टीम ने मामले में वांछित आरोपी रामलगन मौर्या को सथरी कंदैला नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर दिया गया है।

### पैसा न देने पर सौतेले भाई ने बहन को पीटा

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** पैसा न देने पर सौतेले भाई पर बहन को पीटने का आरोप लगा है। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के काजी सराय निवासी मरयम पत्नी मोहम्मद तौसीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 मार्च को वह उनसे पैसा मांग रहा था। मना करने पर उन्हें लात घूंसों से मारने लगा और उठाकर पटक दिया। हल्ला गुहार मचाने पर आस पड़ोस के लोग दौड़े तो आरोपी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

# छेड़खानी का विरोध करने पर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे व चाकू

अयोध्या कार्यालय।

- एक को लगा चाकू, सात घायल, दोनों पक्षों की तहरीर पर 13 पर केस

**अमृत विचार :** थाना राम जन्मभूमि क्षेत्र अंतर्गत एक इलाके में शनिवार की रात छेड़खानी को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पहले एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को लोहे की रॉड व लाठी डंडों से पीटा। इसके कुछ देर बाद दूसरे पक्ष ने धारदार हथियारों से हमला किया। करीब दो घंटे तक इलाके में अफरा-तफरी रही। घटना में दोनों पक्ष के सात लोगों को गंभीर चोटें आईं। इसमें एक के पेट में चाकू मारने का भी आरोप है। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर 13 लोगों पर केस दर्ज किया है।

एक पक्ष की महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले सूरज, आकाश, पकल्लू व अनिल पांडेय आए दिन उनकी दोनों बेटियों पर फब्तियां कसते हैं। शनिवार की रात करीब आठ बजे आरोपियों ने दोबारा कमेंट किया तो उनकी बेटियों ने विरोध किया। इस पर उक्त लोगों ने उनके घर में घुसकर उनके पिता व भाई पर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें उनके पिता का सिर फट गया, जबकि भाई के पेट में चाकू लग गया।

वहीं, दूसरे पक्ष की महिला का आरोप है कि पड़ोसी परिवार के दर्जन भर लोगों ने रात करीब 9:30 बजे उनके घर में घुसकर लोहे की रॉड व लाठी डंडों से हमला किया। इसमें पकल्लू, सूरज, निखिल व राज का सिर पर गंभीर चोटें आईं। वहीं, पड़ोसियों का कहना है कि दोनों परिवार में आपसी विवाद है। इसके चलते आए दिन मारपीट व गाली गलौज होती रहती है। शनिवार की रात दोनों पक्षों ने आपस में इतना हंगामा किया कि मोहल्ला युद्ध का अखाड़ा बन गया। आरोप लगाया कि अधिकतर लोग नशे में थे। थाना राम जन्मभूमि प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्ष आपस में रिश्तेदार हैं। आपसी विवाद में मारपीट हुई है। घटना में दोनों पक्ष के सात लोग घायल हुए हैं, जिनका श्रीराम अस्पताल में इलाज चल रहा है। मेडिकल रिपोर्ट में चाकू से घाव के निशान की पुष्टि नहीं हुई है। दोनों पक्ष की तहरीर पर 13 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## एक लाख बिजली बिल, पानी की टंकी पर चढ़ा पूर्व बीडीसी

**बड़ागांव, अमृत विचार :** सत्ती चौरा क्षेत्र में समस्याओं का समाधान न होने से शनिवार शाम पिरखौली गांव के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य धमसादीन.ने पानी की टंकी पर चढकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। चौकी प्रभारी सत्ती चौरा सत्यम अग्रवाल ने तहसीलदार से फोन से बात की। ड्रामा शांत करने में कामयाबी हासिल की। पीड़ित पानी की टंकी से नीचे उतरा। पीड़ित का आरोप है कि बिजली विभाग ने मनमानी मीटर का बिल एक लाख रुपये से अधिक भेज दिया है। दुरुस्तीकरण के लिए उपखंड अधिकारी कार्यालय से फीडर पर तैनात कर्मचारियों के यहां साल भर तक दौड़ लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आजिज होकर यह कदम उठाने पर विवश होना पड़ रहा है। इसी तरह बीते वर्ष समस्याओं का समाधान न होने पर ग्राम सभा बरई कला में हाई वोल्टेज बिजली के खंभे पर करेरू गांव में पेड़ पर चढ़कर समस्या सुनाई थी। तहसीलदार सोहावल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया मामले की जानकारी हुई है। मामले की जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

- साल भर से पावर कॉर्पोरेशन कार्यालय का चक्कर लगा रहा पीड़ित

# गनर हटाए जाने पर भड़के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह

मिल्कीपुर, अयोध्या।

- बोले, राजनीतिक साजिश के तहत उनके कार्यक्रमों को रोका जा रहा


पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू।

**अमृत विचार :** बीकापुर विधानसभा के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह 'बबलू' का गनर हटाए जाने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। इसको लेकर पूर्व विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ सुनियोजित तरीके से माहौल बनाया जा रहा है, सुरक्षा में कटौती उसी कड़ी का हिस्सा है।

हैरिंग्टनगंज में एक ट्रस्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे जितेंद्र सिंह ने पत्रकारों ने कहा कि उनका गनर कोर्ट के आदेश पर लगाया गया था, लेकिन अब उसे हटा दिया गया है, जिससे उनकी सुरक्षा को खतरा बढ़ गया है। आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई लोगों को सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है, लेकिन उन्हें ही निशाना बनाकर असुरक्षित किया जा रहा है। कहा कि उनके कार्यक्रमों में लगातार बाधाएं डाली जा रही हैं, जिससे साफ है कि विरोधी राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस तरह के कदम उठा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में निष्पक्षता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

सूत्रों के मुताबिक आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जितेंद्र सिंह 'बबलू' क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं। ऐसे में गनर हटाए जाने की कार्रवाई को लेकर सियासी गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। फिलहाल इस पूरे मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन मुद्दा अब राजनीतिक रंग लेता नजर आ रहा है।


## 64.95 लाख के घोटाले के आरोपी सहायक वेतन लिपिक को भेजा जेल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** फर्जी एवं कूटरचित बिलों के जरिए 64.95 लाख रुपये के गबन के मामले में कोतवाली नगर पुलिस ने रविवार को सहायक वेतन लिपिक पीयूष श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उसे रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। रिमांड मजिस्ट्रेट ने उसे 14 दिन के न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट वरिष्ठ प्रशासनिक कार्यालय के लिपिक एजाज अहमद ने दर्ज कराई थी। मामले में जिला जज रणंजय कुमार वर्मा ने सहायक वेतन लिपिक पीयूष श्रीवास्तव तथा हृदय राम फर्राश को निलंबित कर दिया था। प्रकरण की जानकारी मुख्य कोषाधिकारी के पत्र पर हुई थी, इसके बाद इसकी जांच आहरण एवं वितरण अधिकारी से करवाई गई। उन्होंने अपनी रिपोर्ट जिला जज को सौंपी थी, जिसमें बताया गया कि अप्रैल 2022 से दिसंबर 2025 तक विभिन्न डीडीओ के कार्यकाल में बिल अनुभाग में कार्यरत रहे सहायक वेतन लिपिक पीयूष द्वारा हृदयराम फर्राश व कोषागार के किसी अज्ञात कर्मचारियों के साथ षड्यंत्र करके 64.95 लाख रुपये का भुगतान हृदय राम के खाते में करवाया गया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से पीयूष लगातार कार्यालय से अनुपस्थित चल रहा था। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि आरोपी पीयूष को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है।

**आस्था** | पहली चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर व दूसरी छोटी दिवाली पर मनाई जाती है जयंती

# रामनगरी में साल में दो बार हनुमान जयंती मनाने की परंपरा

सत्य प्रकाश, अयोध्या


गर्भगृह में विराजमान हनुमान जी।

**अमृत विचार :** रामनगरी में बजरंगबली की दो बार जयंती मनाई जाती है। मंदिरों में विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान और उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 2 अप्रैल चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को पहली जयंती पड़ रही है। वहीं दूसरी बार कार्तिक मास के नरक चतुर्दशी यानि छोटी दीपावली को भी हनुमान जयंती मनाए जाने की परंपरा है, जिसमें हनुमान गढ़ी समेत धाम के सभी मंदिरों में उत्सव होते हैं।

अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के बाद चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर राम मंदिर में भी पहली बार भव्य श्री हनुमान जयंती के आयोजन की तैयारी है। इसके अलावा हनुमान गढ़ी में भी दिव्य झांकी सजाई जाएगी। वहीं सरयू तट स्थित प्राचीन काले राम मंदिर में विराजमान दक्षिण मुखी हनुमान जिनके जन्म जयंती का आयोजन भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। जहां ब्रह्म मुहूर्त से ही धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न होगा। मंदिर के पुजारी गोपाल देश पाण्डेय ने बताया कि चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर हनुमान जयंती दक्षिण भारत में विशेष महत्व होता है। देश में अलग-अलग तिथियों पर हनुमान जी की जयंती मनाई जाती है, जिसमे उत्तर भारत में कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के मध्य रात्रि में मनाई जाती है तो वहीं दक्षिण भारत में चैत्र कृष्ण पूर्णिमा के सूर्योदय के समय हनुमान जन्मोत्सव मनाने की परंपरा है। 2 अप्रैल को सूर्योदय के समय मंदिर में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी का अभिषेक आरती का आयोजन किया जाएगा। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हनुमान कथा भी संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि दक्षिण मुखी हनुमान जी का दर्शन बहुत ही दुर्लभ है। कालेराम में स्थित हनुमान जी की मूर्ति देवी स्वरूप है जब पाताल में जाकर अहिरावण का वध किया था तो उन्होंने देवी रूप धारण किया था और बाएं पैर के नीचे अहिरावण हैं क्योकि बाएं पैर से ही वध किया था उसी रूप में इस स्थान पर भगवान हनुमान का दर्शन होता है।

## अयोध्या एयरपोर्ट पर अब फ्री वाई-फाई की सुविधा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू द्वारा राजकोट अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से विमानन सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं यात्री सुविधाओं के विस्तार के तहत विभिन्न नई सुविधाओं का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अयोध्या एयरपोर्ट पर भी यात्रियों की सुविधाओ के लिए फ्री वाई-फ़ाई की सुविधा शुरू की गई।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय एवं एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के मार्गदर्शन में विभिन्न एयरपोर्ट पर उड़ान यात्री कैफे, डिजी यात्रा, निःशुल्क वाई-फाई सेवा, किड्स प्ले एरिया तथा फ्लाइब्रेरी जैसी आधुनिक सुविधाएं यात्रियों को समर्पित की गईं। इन सुविधाओं के शुरू होने से यात्रियों को किफायती भोजन, तेज और पेपरलेस यात्रा अनुभव, बच्चों के लिए मनोरंजन क्षेत्र तथा पढ़ने के लिए पुस्तकालय जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में विमानपत्तन निदेशक धीरेन्द्र सिंह ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे इन सुविधाओं का लाभ उठाएं और डिजिटल सेवाओं को अपनाकर यात्रा को और भी सहज बनाएं।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar,Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

**न्यूज ब्रीफ**

## जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह आज

**गोसाईंगंज, अमृत विचार :** गोसाईंगंज बाजार में जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह 30 मार्च सोमवार को मड़हा पुल के समीप एक मैरिज हॉल में मनाया जाएगा। शाम को होने वाले कार्यक्रम में फूलों की होली, रंग गुलाल, हंसी- ठिठोली और आपसी मेल मिलाप का संगम होगा। जायसवाल समाज के नगर अध्यक्ष राम प्रकाश जायसवाल सोनू ने बताया कि कार्यक्रम में सुल्तानपुर से आने वाले कलाकारों से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## पर्यावरण के लिए एनएसएस स्वयं सेवकों ने किया पौधरोपण

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना सभा और झंडारोहण कर डाभासेमर गांव में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। बौद्धिक सत्र में समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. अनुज पटेल ने पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के विषय पर स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी को कचरा कम करने, अधिक पेड़ लगाने और ऊर्जा बचाने जैसी आदतें अपनानी चाहिए। संचालन डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया। स्वतंत्र त्रिपाठी, पल्लव पांडेय, सीमा तिवारी, प्रशांत सिंह, रुचि पांडेय, श्रेया तिवारी, संजय मीणा, काजल मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** केबी सिंह इंटर कॉलेज पूरे पहलवान बैसिंह में वार्षिकोत्सव समारोह में संस्कृति, शिक्षा, संस्कार और सामाजिक मूल्यों का संगम दिखा। मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने ग्रामीण अंचल में शिक्षा को औरअधिक महत्व दिए जाने पर जोर दिया। कहा कि बालिकाओं को शत-प्रतिशत शिक्षित करना होगा ताकि समाज का पूर्ण विकास हो सके। विशिष्ट अतिथि अवध विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचल में शिक्षा शिक्षा पर जोर इसलिए भी दिया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीण बच्चे भी अपनी प्रतिभा दिखा सके। इस अवसर सुधीर सिंह मुन्ना देवगढ़, भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय संयोजक छेदी सिंह, लाल साहब सिंह, ग्राम प्रधान रमेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, डॉ पंकज सिंह ने भी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि विधायक और प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। संचालन आरपी सिंह ने किया। आभार अमित सिंह ने व्यक्त किया।

# मनरेगा की 15 हजार अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने पर फोकस

### नए वित्तीय साल में वीबी जी राम जी की तैयारी ■ इस साल के अंत तक अधूरे कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



मनरेगा परियोजना में काम करते मजदूर (फाइल फोटो)

- नहीं जनरेट की जा रही नए काम की आईडी
- कम हो गई परियोजनाओं पर मजदूरों की संख्या

**अमृत विचार :** नए वित्तीय साल में वीबी जीराम जी (विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण) की तैयारी तेज है। इसकी पृष्ठभूमि में जिले में मनरेगा की शुरुआत से वित्तीय साल 2024-25 तक की लगभग 15 हजार अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने पर फोकस है। मनरेगा के तहत कार्यों की नई आईडी जनरेट नहीं की जा रही है। परियोजनाओं पर मजदूरों की संख्या भी कम हो गई है।

बता दें कि भारत सरकार ने मनरेगा का नाम वीबी जी राम जी कर दिया है। इसके नियम कायदे में भी बदलाव किया गया है। इसकी सूचना जिले तक पहुंच गई है। उम्मीद है कि नए वित्तीय साल में मनरेगा के स्थान पर काम जीराम जी के तहत कराए जाएंगे। इसकी पृष्ठभूमि में अब मनरेगा के समापन की कार्रवाई तेज है। अधूरी परियोजनाओं को इस साल के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। जिससे इनके लेखे जोखे से फुरसत मिल जाए।

जिले में मनरेगा साल 2008 में शुरू की गई थी। व्यवस्था यह कि साल समाप्त होने पर चालू परियोजनाओं को अगले साल शामिल करके चलाया जाता रहा है। साल 2026 तक अधूरी परियोजनाओं की संख्या लगभग लगभग 20 हजार बताई गई है। इसमें अकेले साल 2025-26 में लगभग 44 सौ परियोजनाएं शामिल है। यह तो चल ही रही हैं। यदि इनको बाहर कर दिया जाए तो साल 2008 से 2025 तक की लगभग 15 हजार की संख्या में परियोजनाएं लंबित हैं। नए साल में योजना का नाम बदल रहा है। इसलिए पुरानी योजना के नाम की परियोजनाओं को अब पूरा करने पर फोकस है। यह काम मार्च की शुरुआत से ही शुरू कर दिया गया था। मार्च के समापन तक बड़ी संख्या में परियोजनाओं को पूरा भी कर लिया जाएगा।

### 33 लाख का मानव दिवस सृजन 79 करोड़ तक भुगतान

मनरेगा में चल रहे वित्तीय साल में अब तक लगभग 33 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया। श्रम के तहत भुगतान की राशि लगभग 80 करोड़ तक पहुंच रही है। इसके अलावा सामग्री और मानदेय के मद में भुगतान अलग से हैं।

### अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने का प्रयास

इस लक्ष्य को पूरा करने के मद्देनजर मनरेगा के तहत नई परियोजनाओं की आईडी जनरेट नहीं की जा रही है। इसलिए मनरेगा में नई परियोजनाएं शुरू नहीं हो रही हैं। इसके साथ ही मजदूरों की संख्या भी परियोजनाओं पर कम हो गई है। जिले की लगभग 250-300 ग्राम पंचायतों में लगभग चार से पांच हजार की संख्या में परियोजनाओं पर मजदूर काम कर रहे हैं। डीसी मनरेगा उपेंद्र कुमार पाठक बताते हैं कि नए साल से योजना का नाम बदल रहा है। इसकी तैयारी चल रही है। प्रयास है कि पुरानी अधूरी परियोजनाओं को पूरा करा लिया जाए। इससे मनरेगा में पेंडिंग परियोजनाएं नहीं रहेंगी। जीराम जी के संचालन में सुविधा होगी।

## परमात्मा की भक्ति के लिए निर्मल मन अति आवश्यक : दयाल दास



**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नैमिषारण्य से आए संत सिरजनहार दयाल दास महाराज ने कहा कि भगवान राम कहते हैं कि जो व्यक्ति सभी का समान रूप से आदर सम्मान करता है, लेकिन अपने मान सम्मान की इच्छा नहीं रखता वह परमात्मा को प्राणों के समान प्रिय होता है। वह उसरूप के पास आयोजित सत्याधारा, सतनाम सत्संग के तहत रामचरित मानस के गूढ़ तत्वों पर बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि रामायण में महर्षि वाल्मीकि ने कहा है कि जो व्यक्ति प्रभु को निवेदन के बाद ही भोजन व वस्त्र ग्रहण करता है, जो पराई स्त्री को मां व बहन के समान जानता है। पराए धन के प्रति लोभ नहीं करता ऐसे लक्षणों वाले मनुष्य के अंदर परमात्मा निवास करता है। उन्होंने बताया कि परमात्मा की भक्ति प्राप्त करने के लिए निर्मल मन होना अति आवश्यक है। बोले कि सारा संसार इच्छा रूपी स्त्री के वश में है। इच्छाओं के वशीभूत होकर मनुष्य अपनी इच्छा पूर्ति करने हेतु अनन्त कष्ट सहता व परेशान रहता है। सत्संग का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे थे।

# 872 बुजुर्ग श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत

अयोध्या कार्यालय।



अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं को टीका लगाकर स्वागत करती महिला।

- मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अंबाला से विशेष ट्रेन रविवार शाम पहुंची अयोध्या
- सोमवार को सरयू स्नान के बाद करेंगे रामलला का दर्शन पूजन, 31 को वापस रवाना होगी ट्रेन

**अमृत विचार :** हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 872 बुजुर्ग श्रद्धालुओं को लेकर एक विशेष ट्रेन रविवार शाम करीब पांच बजे अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पहुंची। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का ढोल-नगाड़ों व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सभी बुजुर्गों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया।

हरियाणा के करनाल जिले के जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी और अयोध्या तीर्थ यात्रा के स्टेट इंचार्ज सत्यवान महिवाल ने बताया कि हरियाणा राज्य के गरीब और बुजुर्ग परिवारों के सात जिलों से लगभग 872 लोगों को भगवान रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या लाया गया है। सभी श्रद्धालुओं के लिए हरियाणा सरकार द्वारा निशुल्क यात्रा, भोजन व ठहरने की व्यवस्था की गई है। यह विशेष ट्रेन अंबाला कैंट स्टेशन से शनिवार की रात रवाना हुई थी। बताया कि रविवार को सभी श्रद्धालु सरयू आरती में शामिल होंगे। सोमवार सुबह सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाकर रामलला का व हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन करेंगे। श्रद्धालुओं में शामिल अंबाला निवासी अशोक कुमार ने बताया कि वह भगवान रामलला से मुख्यमंत्री की लंबी आयु और उनके जनकल्याणकारी कार्यों को निरंतर जारी रखने की कामना करेंगे। वहीं करनाल निवासी विक्रम सिंह सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रयास से आज हमें रामलला का दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा। कहा कि अयोध्या पहुंचते ही अत्यंत सुखद अनुभूति हुई है।

### सर्वाधिक सोनीपत के श्रद्धालु

अयोध्या आने वाले कुल 872 श्रद्धालुओं में 462 पुरुष और 410 महिलाएं हैं। इनमें अंबाला से 114, करनाल के 223, कुरुक्षेत्र से 43, पंचकूला के 28, सोनीपत के 237, पानीपत के 151 व यमुनानगर जिले के 76 श्रद्धालु शामिल हैं। यह विशेष ट्रेन 31 मार्च को वापस हरियाणा के लिए रवाना होगी।

## कामदा एकादशी पर श्रद्धालुओं ने की पंचकोसी परिक्रमा

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या के मठ मंदिरों में रामलला के जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद चैत्र शुक्ल एकादशी पर्व के मौके पर लाखों की संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाकर चतुर्दिक पंचकोसी परिक्रमा प्रारंभ की (बड़ी संख्या में साधु संतों के साथ गृहस्थों ने श्रीराम नाम का जाप करते हुए आस्था की डगर पर परिक्रमा को पूरा किया। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस पंचकोसी की परिधि में भगवान रामलला का जन्म स्थान और अयोध्या के सभी मंदिर आते हैं। इसलिए इस परिक्रमा का विशेष महत्व है। वैसे तो अक्षय नवमी तिथि पर प्रतिवर्ष अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा का एक महा आयोजन होता है, लेकिन भगवान राम के जन्मोत्सव के बाद पड़ने वाली चैत्र शुक्ल एकादशी जिसे कामदा एकादशी के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भी अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा करने की परंपरा रही है।

# योगी सरकार ने बदली बेसिक शिक्षा की तस्वीर : राधेश्याम त्यागी



बीकापुर कंपोजिट विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी के साथ मौजूद बच्चे।

**अयोध्या, अमृत विचार :** बीकापुर के कंपोजिट विद्यालय सरायखरगी में धूमधाम से वार्षिकोत्सव हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी और विशिष्ट अतिथि मीडिया प्रभारी सुशील मिश्रा रहे। अध्यक्षता विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक रामकेष निगम और संचालन अनिल सिंह ने किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने कहा कि योगी सरकार ने बेसिक विद्यालय की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने नवीन सत्र 2026/27 के नए नामांकित 30 बच्चों को पुरस्कार प्रदान करने के साथ अभिभावकों को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक डॉ रामकेश ,पुनीत सिंह, विद्यासागर, अर्चना सिंह, आकांक्षा सिंह गायत्री देवी, राकेश सिंह द्वारा समस्त अभिभावकों का स्वागत किया गया। अनूप द्विवेदी,अनिल सिंह,रविंद्र गौतम, विद्या यादव आदि मौजूद रहे।

## जिले में 600 नौनिहालों ने दी सारथी छात्रवृत्ति परीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प के साथ प्राण फाउंडेशन द्वारा रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में सारथी छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में जिले के 900 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूरे जनपद में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस वर्ष छात्रवृत्ति के लिए कुल 1300 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था, जिनमें से 900 छात्र-छात्राएं परीक्षा में उपस्थित रहे।इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से कक्षा 8 में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर 50 मेधावी छात्रों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को संस्था की ओर से 6000 रुपये वार्षिक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

# हिस्ट्रीशीटर संजय सिंह के घर की कुर्की

मिल्कीपुर, अयोध्या।



हिस्ट्रीशीटर के घर कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस। अमृत विचार

- वर्ष 1993 में लूट की धाराओं में दर्ज एक मुकदमे में चल रहा फरार

**अमृत विचार :** इनायतनगर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर लंबे समय से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर अपराधी के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की। यह कार्रवाई अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय के आदेश पर हुई। पुलिस ने गांव में विधिवत मुनादी कराते हुए आरोपी की संपत्ति की कुर्की की प्रक्रिया पूरी की।

बताया गया कि वर्ष 1993 में इनायतनगर थाने में मिल्कीपुर क्षेत्र के ईंट गांव निवासी संजय सिंह के खिलाफ लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में आरोपी पिछले कई वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा उसकी लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन आरोपी के न मिलने पर पुलिस ने न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत कर स्थिति से अवगत कराया। पुलिस की रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए न्यायालय ने वाद संख्या 1886/24 में धारा 83 सीआरपीसी के अंतर्गत कुर्की आदेश जारी किया। आदेश के अनुपालन में रविवार को थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी के घर पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की गई।

# कुलपति ने 200 क्षमता वाले छात्रावास का किया उद्घाटन



तिलोदकी पुरुष छात्रावास का उद्घाटन करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में रविवार को कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने तिलोदकी पुरुष छात्रावास का उद्घाटन और मशरूम उत्पादन प्रोडक्शन इकाई का जीर्णोद्धार किया। विश्वविद्यालय के इंजीनियर ओमप्रकाश ने बताया कि तिलोदकी छात्रावास का निर्माण 200 छात्रों की क्षमता को देखते हुए किया गया है। इसका निर्माण मंडी परिषद द्वारा किया गया है। छात्रावास में भोजन की सुविधा भी बच्चों के लिए उपलब्ध रहेगी। छात्रावास अधीक्षक डॉ. नवाज खान ने बताया कि छात्रावास में एग्री बिजनेस मैनेजमेंट और बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र रह रहे हैं। नए छात्रावास को लेकर छात्रों में उत्साह है। वहीं दूसरी तरफ मशरूम यूनिट के जीर्णोद्धार के बाद अब यहां मशरूम का उत्पादन शुरू हो जाएगा। मशरूम के उत्पादन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी किसानों तक पहुंचाई जा सकेगी। किसान हो या आम आदमी सभी को यहां से मशरूम उपलब्ध हो सकेगा। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जन्नतुल बकी रौजे के निर्माण को लेकर हुआ जलसा

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर की चौक की मस्जिद हसन रज़ा खां में अलकायम फाउंडेशन की ओर से शनिवार रात एक एहतेजाजी जलसे का आयोजन किया गया, जिसमें सऊदी हुकूमत का विरोध करते हुए उससे मांग की गई कि वह जन्नतुल बकी के रौजे.की तामीर जल्द से जल्द कराए। यह भी कहा गया कि भारत सरकार भी सऊदी हूकूमत पर दबाव डाले कि वह जन्नतुल बकी की तामीर कराए। इस मौके पर मौलाना कमर मेहंदी ने जलसे को संबोधित किया। एक मजलिस को वसीका अरबी कॉलेज के प्रिंसिपल मौलाना मोहम्मद मोहसिन ने खेताब किया। शायरे अहले बैत शबाब फैजाब़ादी और दानिश फैजाब़ादी ने इंकलाबी शेर पढ़े। मौलाना जफर अब्बास कुम्मी ने कहा कि बुराई के खिलाफ हमेशा लड़ाई लड़ने वाला हमारा मजहब है। शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना जाफर रज़ा आब्दी, मौलाना महफूज आलम, अल कायम फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद शफी हैदर, शिराज हुसैन मौजूद रहे। संचालन अर्शी मौलाई ने किया।

# न्याय पाने में आर्थिक बोझ से जूझ रहे गरीब

रुदौली, अयोध्या।



रुदौली के बार सभागार में अधिवक्ता सभा के कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी।

**अमृत विचार :** प्रदेश के गरीब, मजदूर और आम आदमी न्याय पाने में भारी आर्थिक बोझ से जूझ रहे हैं।अधिकारी बेलगाम और भ्रष्टाचार में लिप्त है। यह आरोप सपा नेता व पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी ने लगाया। वह रविवार को बार सभागार में समाजवादी अधिवक्ता सभा के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सपा सरकार बनने पर हर तहसील में आमजन को सस्ता, त्वरित और निष्पक्ष न्याय उपलब्ध कराने के लिए अधिवक्ताओं का पैनल बनाया जाएगा।

उन्होंने अधिवक्ताओं की मांग पर अधिवक्ता सभागार में माइक स्थापना के लिए पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारस नाथ यादव ने कहा कि आज आम जनता को हर मुद्दे पर लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। कार्यक्रम को अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव शावेज़ जाफरी, जिलाध्यक्ष राम करन यादव ने भी संबोधित किया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन समेत वरिष्ठ अधिवक्ताओं अतिथियों का स्वागत किया। नव मनोनीत अधिवक्ताओं को मनोनयन पत्र भी वितरित किए गए। मौके पर कुलभूषण यादव, नरेंद्र मिश्रा, राम रतन यादव, अब्दुल हुई खान, दिलीप सिंह, मनोज यादव, गोविंद प्रताप सिंह समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

फैज़ाबाद पब्लिक स्कूल
English Medium, Senior Secondary, Co-Educational
Darabganj, Mumtaznagar, Ayodhya-224001 (U.P.)
Email: fpsfzd@rediffmail.com, Mob: 9170009377-9794935082
Admission Open
प्रवेश प्रारम्भ
अयोध्या का एकमात्र सी.बी.एस.ई. विद्यालय
किफायती शुल्क में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा
Limited Seats
नर्सरी से IX – XI (विज्ञान एवं कॉमर्स)
Bus facility available. Smart Classes & CCTV Cameras in every class etc.
Prospectus available at school office from 08.30 a.m. to 04.00 p.m.
K.K. Mishra PRINCIPAL



इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

## विधायक ने किया परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**अयोध्या, अमृत विचार :** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रविवार को परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कछौली गांव में दो इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण और एक अध्ययन कक्ष का शिलान्यास किया। विधायक ने पक्की सड़क से गायत्री सर्वोदय विद्यालय तक और सीताराम के घर से रामगुलाम मौर्या के घर तक निर्मित इंटरलॉकिंग मार्गों का लोकार्पण किया। साथ ही कन्हैया भगवान सिंह स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूरे पहलवान बैसिंह में अध्ययन कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में कपिल देव वर्मा, दिनेश वर्मा, भूपेंद्र पांडेय, देवता पटेल, अनूप वर्मा, डॉ. अविनाश सिंह, राजेश पाठक, प्रमोद, अजय सिंह, लाल साहब सिंह, भगवान बक्श सिंह सहित अन्य लोग थे।

# भाजपा नेताओं ने बूथों पर सुनी पीएम के मन की बात

अयोध्या कार्यालय

- कार्यक्रम, देशवासियों के साथ प्रधानमंत्री का सीधा संवाद : विधायक

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण महानगर के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं व आमजन ने सामूहिक रूप से सुना। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताया।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सरायरासी स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना। कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का माध्यम है। इसमें देश के विकास, नवाचार और जनभागीदारी के जो उदाहरण प्रस्तुत किए जाते हैं। वे सभी को सकारात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सहादतगंज स्थित आवास पर कार्यक्रम को सुना। कहा कि यह कार्यक्रम देशवासियों के साथ प्रधानमंत्री का सीधा संवाद है, जो हमें अपने दायित्वों के प्रति जागरूक करता है। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने मणिराम दास की छावनी वार्ड स्थित तिवारी मंदिर में कार्यक्रम सुना। बोले कि मन की बात समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। हमें सेवा, समर्पण व जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कार्यालय में कमेटी के साथ कार्यक्रम सुना। कहा कि यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक है। पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महामंत्री शैलेंद्र कोरी, परमानंद मिश्र ने कार्यक्रम सुना। पूर्व महापौर ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। जिला महामंत्री शिवेन्द्र सिंह ने ग्राम सभा मड़ना में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना। महानगर उपाध्यक्ष तिलक राम मौर्य, शशि प्रताप सिंह, हरभजन गौड, अमल गुप्ता, शिवम शुक्ला, गन्ना समित के चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, अनुराग त्रिपाठी, बाबूराम यादव सहित अन्य ने अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम को सुना।

कार्यालय : जलकल विभाग
नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :– 1209 / ज0क0वि0न0नि0अयो0 /ई–निविदा/2025–26 दिनांक :– 28/03/2026

प्रथम ई–निविदा सूचना पत्र

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु प्रथम ई–निविदा आमंत्रण :–

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवासीय योजना बाग विजैसी, जनकपुरी आवासीय योजना, जानकी विहार आवासीय योजना एवं ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक योजना के अन्तर्गत निर्मित कालोनियों में विभिन्न 11 कार्य कराने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसे दिनांक 06/04/2026 से दिनांक 27/ 04/2026 तक प्रथम आमंत्रित की जाती है, अन्तिम तिथि 28/04/2026 को ई–निविदा खोली जायेगी। उक्त कार्य की समस्त नियम / शर्ते व निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है । ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigam ayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता (जल)
नगर निगम अयोध्या

महाप्रधन्धक (जल)
नगर निगम अयोध्या

# गन्ना खरीद में मिल पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप

अयोध्या कार्यालय



गन्ना समिति मसौधा के प्रांगण में आयोजित सामान्य निकाय की बैठक में समिति के पदाधिकारी।

● गन्ना समिति की बैठक में पारित किए गए कई प्रस्ताव

**अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति मसौधा के सामान्य निकाय की बैठक में कई मुद्दों पर विचार किया गया। बैठक में गन्ना खरीद के समय चीनी मिल क्षेत्र के लिए आरक्षित गन्ना किसानों के साथ दोहरा मापदंड अपनाने का भी आरोप लगा है। साथ ही कई अन्य प्रस्ताव पारित किए गए।

समिति परिसर में शनिवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष संतोष सिंह ने की। मौजूद गन्ना किसानों एवं प्रबंध परिषद सदस्यों ने गन्ना किसानों की समस्याओं को एक-एक करके गिनाया। गन्ना डायरेक्टर कमलेश सिंह के प्रतिनिधि नरसिंह ने किसानों का गन्ने की फसल से हो रहे मोह भंग पर चिंता व्यक्त की। इसके लिए चीनी मिल प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने गन्ना खरीद के समय चीनी मिल क्षेत्र के लिए आरक्षित गन्ना किसानों के साथ दोहरा मापदंड अपनाने की बात कही। समिति के सीजनल कर्मचारियों को केवल काम भर के लिए ही समिति में रखे जाने का प्रस्ताव दिया। कहा कि ज्यादातर कर्मचारियों को दूसरी समितियों के लिए भेज दिया जाए, ताकि समिति में मौजूद सभी कर्मियों को समय से वेतन सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जा सके। अध्यक्ष ने संबंधित चीनी मिल और गन्ना विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्या का त्वरित निदान का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में गन्ना किसानों के बैंक खातों के फीडिंग किए जाने में समिति की ओर से किसानों से नो ड्यूज कदापि न मांगा जाए। मौजूद केएम शुगर मिल मसौधा, रौजागांव और मिंझौड़ा के अधिकारियों ने गन्ना किसानों को चीनी मिल प्रबंधन तंत्र की ओर से दिए जा रहे प्रोत्साहन और कृषि यंत्र सहित कीटनाशक इत्यादि के अनुदान पर विस्तार से जानकारी दी।

गन्ना किसानों की सुविधा के लिए समिति की भूमि पर बनने जा रहे मैरिज लॉन का नाम किसान भवन रखे जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। समिति अध्यक्ष संतोष सिंह ने मौजूद गन्ना किसानों और प्रतिनिधियों को बताया कि किसानों को गन्ना बुवाई से लेकर उनके आपूर्ति तक में किसी भी प्रकार की समस्या नही आने दी जाएगी। गन्ना डायरेक्टर एवं समिति उपाध्यक्ष ऋषिकेश वर्मा को भाजपा जिला कमेटी में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। समिति के सचिव तुलसीराम ने समिति का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राम प्रताप यादव ने गन्ना विभाग की ओर से गन्ना किसानों के लिए दी जा रही सुविधाओं सहित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। संचालक मंडल सहित गन्ना किसान प्रतिनिधि, समिति कर्मी सहित अन्य मौजूद थे।



राज्य आमंत्रण पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम कप के साथ। अमृत विचार

# कानपुर हॉस्टल ने जीती राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राज्य आमंत्रण पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में कानपुर हॉस्टल टीम ने मैनपुरी हॉस्टल को पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। मुख्य अतिथि जिला ओलंपिक संघ के सचिव परमेंद्र सिंह व क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। खेल निदेशालय के निर्देशन में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के स्टेडियम में आयोजित राज्य आमंत्रण पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि परमेंद्र ने फाइनल की टीमों कानपुर हॉस्टल व मैनपुरी हॉस्टल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबला कानपुर हॉस्टल व मैनपुरी हॉस्टल टीमों के बीच खेला गया। कानपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 143 रन बनाए। इसमें यथार्थ ने सर्वाधिक नाबाद रहते हुए शानदार 51 रन बनाए। जवाब में जीत के लिए 144 रनों का जीत का लक्ष्य लेकर बल्लेबाजी करने उतरी मैनपुरी हॉस्टल टीम सभी विकेट खोकर 124 रनों पर सिमट गई। कानपुर हॉस्टल ने 19 रनों से खिताबी जीत दर्ज की। इस मौके पर उपक्रीड़ा अधिकारी, ऑफिसियल, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# शिवपुरम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

रुदौली, अयोध्या



रुदौली के शिवपुरम में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रुदौली नगर के शिवपुरम (पूरे काजी) में चैत्र मास की दशमी पर श्रद्धा एवं भक्ति का संगम रहा। प्राचीन श्रीरामेश्वर धाम मंदिर के पुनरुद्धार वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दो भव्य मंदिरों की आभा के बीच आयोजित इस उत्सव ने समूचे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया।

अति प्राचीन श्रीरामेश्वर धाम का पुनरुद्धार (जीर्णोद्धार) नगर के लोगों के सहयोग से संपन्न हुआ था। यह स्थान अब क्षेत्र की आध्यात्मिक चेतना का मुख्य केंद्र बन गया है। वर्षगांठ प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव के रूप में मनाई जाती है। श्री नर्मदेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में आचार्य दयाशंकर मिश्र के आध्यात्मिक सान्निध्य और प्रतिष्ठित कवि विंध्यवासिनी प्रसाद मिश्र चंचल की गरिमामयी मौजूदगी के साथ क्षेत्र की प्रबुद्ध विभूतियों, वरिष्ठ नागरिकों और भारी संख्या में महिलाओं ने अपनी श्रद्धापूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। मंदिर के अर्चक नीरज मिश्र के संयोजन में आयोजित भंडारे में व्यवसायी एवं समाजसेवी श्याम बाबू गुप्ता, रंजीत विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा सहित सभासद महेश कश्यप मौजूद रहे। समाजसेवी राज किशोर गुप्ता, सुनील यादव, संतोष कसौधन, जगजीवन, जगदीश यादव, कमलेश यादव, प्रदुमन गुप्ता एवं श्याम जी सहित अन्य ने योगदान दिया। महिलाओं के उत्साह और सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। स्थानीय निवासियों ने कहा कि यह पावन परिसर न केवल उपासना का स्थल है, बल्कि यह सामाजिक एकता और समरसता की जीवंत मिसाल भी है।

# फेडरेशन कप चैंपियन रही उप्र टीम में 12 खिलाड़ी जिले की

अयोध्या कार्यालय



फेडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट की चैम्पियन रही उप्र टीम विजेता कप व मेडल के साथ।

● उप्र टीम लगातार छठवीं बार बनीं चैंपियन जिले की मुस्कान सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

**अमृत विचारः** रुड़की, उत्तराखंड में 27 से 29 मार्च तक हुई फेडरेशन कप टेनिसबॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में उप्र बालिका टीम चैंपियन रही। विजेता रही उप्र टीम में 12 खिलाड़ी अयोध्या की शामिल रहीं। टीम कोच रमेन्द्र सिंह ने बताया कि उप्र बालिका टीम ने लगातार छठवीं बार विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उप्र टीम की अयोध्या की मुस्कान जायसवाल को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व ऋषिका तिवारी सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर रहीं।

प्रतियोगिता में उप्र टीम ने लीग में महाराष्ट्र, पुडुचेरी, उत्तराखंड को पराजित कर सेमीफाइनल में गोवा पर जीत हासिल कर खिताबी दौर में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला तमिलनाडु व उप्र के बीच खेला गया। उप्र टीम ने बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु को 72 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए तमिलनाडु टीम तीन विकेट खोकर 42 रन ही बना सकी और उप्र ने खिताब अपने नाम कर लिया।

उप्र टीम में मुस्कान जायसवाल (कप्तान), ऋषिका तिवारी (उप कप्तान), नीलम निषाद, नेहा वर्मा, शालिनी सिंह, तृप्ति, नंदिनी सिंह, शांभवी सिंह, छवि जायसवाल, दीपिका, पल्लवी, रिद्धि (सभी अयोध्या), आयुषी सिंह (वाराणसी), एकता सिंह (गोरखपुर), प्रीति (कानपुर), कामिनी (झांसी) शामिल रहीं। उप्र टीम की इस उपलब्धि पर उप्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव इमरान अहमद लारी, प्रदेश उपाध्यक्ष तौसीफ अहमद लारी, संयुक्त सचिव टीम कोच रमेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी, संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या योगेंद्र सिंह, डीआईओएस डॉ. पवन तिवारी, जीजीआईसी प्रधानाचार्या कुसुम लता, मंडलीय विद्यालय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह, जिला सचिव अभिषेक सिंह, जिला ओलम्पिक संघ के सचिव परमेंद्र सिंह, ज़िला तलवार बाजी संघ के सचिव बिजेंद्र सिंह, कैंब्रियन स्कूल के प्रधानाचार्य जयंत बोस, माला यादव, अनु, विशाल सिंह आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# शंकराचार्य ने सनातन धर्म पर दिया प्रवचन

टांडा, अंबेडकरनगर।



टांडा तहसील क्षेत्र स्थित गोवर्धनपुर के मां सिद्धेश्वरी मंदिर में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती व अन्य।

● जनपद पहुंचे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, मां सिद्धेश्वरी मंदिर में हुआ भव्य स्वागत

**अमृत विचार।** जनपद के टांडा तहसील क्षेत्र स्थित गोवर्धनपुर के मां सिद्धेश्वरी मंदिर में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन हुआ। रविवार को इस अवसर पर श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शंकराचार्य के आगमन को लेकर मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्त एकत्रित हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में एक धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। भक्तों ने शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जो शंकराचार्य के दर्शन और उनके प्रवचन सुनने के लिए पहुंचे थे। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सनातन धर्म के मूलभूत मूल्यों और आचरण की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सदैव मर्यादा, त्याग और अनुशासन का पालन करना चाहिए। उन्होंने व्यक्तिगत जीवन में सादगी, संयम और उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाने पर विशेष बल दिया। शंकराचार्य ने समाज में धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्तियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे लोगों के आचरण और व्यवहार से ही समाज को सही दिशा और मार्गदर्शन प्राप्त होता है। इसलिए धर्म से जुड़े व्यक्तियों को अपने व्यवहार और कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखते हुए एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। शंकराचार्य ने आध्यात्मिक जागृति और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# तमसा नदी के चयनित स्ट्रेच पर चलेगा विशेष सफाई अभियान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के सफल आयोजन के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसके माध्यम से नदियों की स्वच्छता के साथ.साथ जनजागरूकता बढ़ाने का भी उद्देश्य है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर विशाल सारस्वत ने बताया कि 30 मार्च को प्रातः 08 बजे नदी स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत तमसा नदी के लगभग 03 किलोमीटर चयनित स्ट्रेच पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत चयनित स्थलों को तीन भागों में विभाजित कर जिम्मेदारियां निर्धारित की गई हैं। गायत्री मंदिर घाट से शाहजंगपुर पुल तक नगर पालिका परिषद टीम, शाहजंगपुर पुल से झारोड़ी पांडेय टोला पुल तक जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उनकी टीम तथा झारोड़ी पांडेय टोला पुल से शिवालय घाट तक प्रभागीय वनाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन में विभिन्न निकायों और एनजीओ, एनसीसी आदि के साथ ही अभियान के संचालन में अन्य नगर निकायों से उपलब्ध कराए गए सफाई कर्मियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

# रामप्यारे यादव बने अंबेडकर नगर कांग्रेस के प्रभारी



रामप्यारे यादव को सम्मानित करते कांग्रेसी।

**आजमगढ़। अमृत विचार :** सदर विधानसभा क्षेत्र के धर्मनपुर निवासी रामप्यारे यादव को शीर्ष नेतृत्व द्वारा अंबेडकर नगर जनपद का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह सूचना मिलते ही उनके समर्थकों और साथियों में खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि श्री यादव वर्तमान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग में प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत थे। उनकी इस नई जिम्मेदारी को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर श्री राम प्यारे यादव ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

# बिजली चोरी में एक दर्जन से अधिक पर केस



मॉर्निंग रेड में शामिल अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव व साथ में अन्य।

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र के विभिन्न बाजारों एवं गांवों में रविवार की सुबह अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव के नेतृत्व में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में अभियान टीम के द्वारा मॉर्निंग रेड में आलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मूसेपुर एवं बर्बसापुर में एक दर्जन से अधिक लोग अवैध रूप से बिजली प्रयोग करते हुए पाए गए। उन सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अधिशासी अभियंता आलापुर ने बताया कि सघन चेकिंग अभियान प्रतिदिन चलता रहेगा जो भी व्यक्ति अवैध रूप से बिजली प्रयोग करते हुए मिलेगा, उस पर विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराते हुए कठोर से कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने समस्त नागरिकों और उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपना नियमित विद्युत कनेक्शन कराकर ही विद्युत का प्रयोग करें। बिना कनेक्शन के विद्युत प्रयोग करने पर कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में मॉर्निंग रेड में उपखंड अधिकारी कुमार अनिकेत, अवर अभियंता अनिल बाल्मीकि, दीपक, कुंवरदीप, रमाकांत, राजेश समेत कई अन्य विद्युत कर्मचारी शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि 28 मार्च को मोहल्ला साहब तारा निवासी सैफ सिद्दीकी पुत्र फैयाज अहमद जो मुस्कान फुवियर से संबंधित है। उसने इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कृत्य न केवल देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है, बल्कि इससे समाज में वैमनस्य और अशांति फैलने की आशंका भी है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल अजय प्रताप यादव ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ताओं में आनंद जायसवाल, कृष्ण कुमार, आदित्य, अंकित यादव, सत्यम यादव सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# 1478 बूथों पर लोगों ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



मन की बात कार्यक्रम को सुनते पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा व साथ में मौजूद अन्य।

**अमृत विचार।** प्रत्येक माह की अन्तिम रविवार को होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 132वें एपिसोड को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव के संयोजन में जनपद के बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि जनपद के 1478 बूथों पर 13967 लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने विधानसभा टांडा के अपने बूथ सुलेमपुर में बूथ अध्यक्ष अशोक कन्नौजिया सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ सुनकर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर गहरी चिंता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश मिलकर इन चुनौतियों से बाहर निकल कर आएगा। मार्च का महीना वैश्विक स्तर पर बेहद घटनापूर्ण रहा है। अलग अलग क्षेत्रों में युद्ध और संघर्ष स्थितियां लगातार सामने आती रहीं हैं, इससे उबरने के बाद दुनिया एक नई शुरुआत के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगी।

## इन्होंने भी सुना

मन की बात कार्यक्रम को एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, विधायक धर्म राज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, जय राम विमल, अनीता कमल, चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, गौरव सिंह, प्रतिनिधि आनंद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. राना रणधीर सिंह, मनोज मिश्र, डॉ रजनीश सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, दीपक तिवारी, पंकज वर्मा, बजरंगी पाठक, नंद कुमार तिवारी राना, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह आदि ने मुख्य रूप से सुना।

## भाजपाइयों में मन की बात प्रसारण को लेकर विशेष उत्साह

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 132वीं कड़ी ने जलालपुर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच नई ऊर्जा का संचार किया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में इस प्रसारण को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। नगर के विभिन्न बूथों पर भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि की अध्यक्षता में मन की बात को सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर विभिन्न बूथों से आए वरिष्ठ नेता राम किशोर राजभर, पंकज वर्मा, संजय सिंह, संजीव मिश्र, कृष्णा अग्रहरि, दुर्गेश अग्रहरि, शिवम आर्या सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वार्षिक परिणाम वितरण समारोह का आयोजन





छात्रों को वार्षिक परीक्षा परिणाम देते प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद यादव।

**आज़मगढ़। अमृत विचार :** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार, 29 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव और विद्यालय की निदेशिका कंचन यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया।

बैठक | जनपद में गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए कुंतल, गेहूं की खरीद 30 मार्च से, जनपद के 73 गेहूं क्रय केंद्र हुए तैयार

# गेहूं खरीद में बिचौलियों की संलिप्तता बर्दाशत नहीं : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में मौजूद अन्य।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि 30 मार्च से जनपद में समर्थन मूल्य के अंतर्गत गेहूं खरीद प्रारम्भ हो रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन संकल्पित है। समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिए क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित कर सकें।

जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपए प्रति कुंतल के आधार पर गेहूं की खरीद की जा रही है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को एवं केन्द्र प्रभारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि गेहूं खरीद में बिचौलियों की संलिप्तता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों को गेहूं क्रय केंद्र से लौटाया न जाए, उनकी फसल शत प्रतिशत कय करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष 30 मार्च से घोषित समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपए की दर से क्रय एजेंसिया गेहूं खरीद करेंगी। जनपद में वर्ष 2026-27 के लिए कुल 73 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद के सभी मंडी सचिवों को निर्देश दिए कि वह सुनिश्चित कर लें कि जो भी केंद्र मंडी में खोले गए हों वह मंडी के किसी कोने में न हो और मंडी के मुख्य द्वार पर या जहां किसानों की सीधी आवक हो ऐसे स्थान पर केन्द्र स्थापित कराए जाएं। केंद्र पर पहुंचने वाले मार्ग का चिन्हीकरण कराएं और पथ प्रदर्शक चिन्ह प्रत्येक दशा में लगवाएं, इसके अतिरिक्त मंडी के गेट पर एक बड़ा बैनर लगवाया जाएं, जिसमें गेहूं खरीद संबंधी सभी सूचनाएं बड़े-बड़े अक्षरों में प्रदर्शित हों ताकि किसानों को केंद्र तक पहुंचने में कोई समस्या न रहे।

## जिम्मेदार गेहूं के सुरक्षित भंडारण की करें व्यवस्था

जिलाधिकारी ने समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिए किसानों से अपील किया कि किसी भी जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या स्वयं द्वारा खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि पंजीयन में खतौनी, खाता संख्या सावधानीपूर्वक दर्ज करें तथा कुल रकबे के साथ–साथ बोए गए गेहूं के रकबे को भी दर्ज करें। संयुक्त भूमि की दशा में अपनी हिस्सेदारी की सही घोषणा पंजीयन में करना ना भूले। गेहूं क्रय केंद्रों की स्थापना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक क्रय केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन तथा छलना आदि उपकरण अवश्य रखे जाएं।

# जिला अस्पताल परिसर में मिला युवक का शव

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर स्थित जिला अस्पताल परिसर में एक युवक का शव उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान 29 वर्षीय पवन कुमार के रूप में हुई है, जो जिला अस्पताल में सीनियर वार्ड मास्टर बांके प्रसाद के पुत्र थे। उनका शव अकबरपुर थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल स्थित आवास के एक कमरे में मिला। परिजनों के अनुसार पवन शनिवार रात खाना खाकर अपने कमरे में गया था। रविवार सुबह काफी देर तक जब पवन का कमरा नहीं खुला, तो परिजनों ने उसे जगाने की कोशिश की। दरवाजा न खुलने पर उन्होंने खिडक़ी से देखा, जहां पवन का शव पंखे से लटका हुआ था।

# परती भूमि पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** तहसील जलालपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरई के पुरवा अजईपुर गांव में नवीन परती भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। बता दें कि तहसील प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और अवैध रूप से बनाए गए छप्परनुमा मकान को ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में हडक़ंप की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार गांव निवासी राममिलन द्वारा सरकारी परती भूमि पर कब्जा कर छप्पर डालकर निर्माण कर लिया गया था। मामले की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने जांच कर कब्जे को अवैध पाया और अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। प्रशासनिक टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और सबसे पहले संबंधित परिवार के सदस्यों को हिरासत में लेकर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

न्यूज ब्रीफ

### ज्ञानदीप अभियान के 22वें सप्ताह में बच्चों को मिली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** घर सुलतानपुर फाउंडेशन द्वारा संचालित ज्ञानदीप अभियान के अंतर्गत बल्लीपुर में 22वें सप्ताह का शैक्षिक सत्र सम्पन्न हुआ। इस दौरान बच्चों को गणित (मापन), विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों का अध्ययन कराया गया। कार्यक्रम में रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। नितिन मिश्रा, मधुरम पाठक, विनायक मिश्रा, सचिन सिंह एवं सिद्धार्थ सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें प्रेरित किया। अंत में बच्चों को क्रिकेट भी खिलाया गया, जिससे उनमें टीम भावना का विकास हुआ। यह अभियान ग्रामीण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सराहनीय पहल साबित हो रहा है।

### भव्य महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कामदा एकादशी के पावन अवसर पर रविवार की शाम 06 :30 बजे श्री ठाकुर कल्पवृक्ष (पारिजात वृक्ष) भगवान की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन कल्पवृक्ष सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में कल्पवृक्ष सेवा समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से प्रत्येक एकादशी को नियमित रूप से किया जा रहा है। महाआरती में मुख्य यजमान के रूप में रवि त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस दौरान सुदमा प्रसाद यादव, गोकुल प्रसाद श्रीवास्तव, नीरज तिवारी, सत्येंद्र पांडेय, सीताराम यादव, निखिल मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# जांच को गई पुलिस टीम पर हमला

## सिपाहियों से मारपीट, फाड़ी वर्दी, धम्मौर थाना क्षेत्र के भांटी गांव में छेड़छाड़ का मामला

धम्मौर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** धम्मौर थाना क्षेत्र के भांटी गांव में छेड़खानी के मामले की जांच करने पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है।

उप निरीक्षक के अनुसार, 28 मार्च को एक युवती ने अंकित यादव पर पीछा करने, छेड़खानी, गाली-गलौज और भगाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। शिकायत की जांच के लिए उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह अपनी टीम के साथ रात करीब 8 बजे आरोपी के दरवाजे पर पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान अंकित यादव और उसके परिजन सूरज यादव, राजनरायन यादव, श्यामलली, शिवलली, रामलली, बिट्टू और पूजा यादव सहित अन्य अज्ञात चार पांच लोगों ने एकजुट होकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट शुरू कर दी तथा जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान सिपाही संजय यादव की वर्दी फाड़ दी गई और उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया। वहीं, सिपाही अंकुश चौधरी का मोबाइल भी कुछ देर के लिए कब्जे में ले लिया गया, जिसे बाद में ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर वापस कर दिया गया। मारपीट में दोनों सिपाहियों को चोटें आई हैं। घटना के बाद धम्मौर थाना प्रभारी ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीओ सिटी सौरभ सामन्त ने बताया कि भांटी गांव में दबिश के दौरान आरोपी व उसके घर की महिलाओं ने पुलिस के साथ मारपीट की है। मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।


सिपाही से मारपीट करते लोग (सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट)।

### थाने में इंस्पेक्टर को लगी गोली, गंभीर

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** अखंड नगर थाने में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब प्रभारी निरीक्षक अरुण द्विवेदी अपने ही निजी असलहे से चली गोली लगने से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि वह वर्दी पहन रहे थे, तभी अचानक असलहा चल गया और गोली उनके कंधे में जा लगी। आनन-फानन में घायल इंस्पेक्टर को अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अरुण कुमार द्विवेदी कुछ महीने पहले नगर कोतवाली प्रभारी पद से हटाए गए थे। इससे पूर्व वह अमेठी से स्थानांतरित होकर कुड़वार थाने में भी प्रभारी रह चुके हैं।

## विदेश जाने के नाम पर 4.84 लाख लिए, मांगने पर दी धमकी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हलियापुर थाना क्षेत्र निवासी ने विदेश जाने के नाम पर 4.84 लाख रुपए उधार ले लिया। पैसा वापस मांगने पर अब धमकी दी जा रही है। अब्दुल्ला पुत्र साजन अली, मूल निवासी ग्राम ढढौवा, जनपद गोण्डा (वर्तमान निवासी हथियानाला, कोतवाली नगर सुलतानपुर), ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसने हलियापुर निवासी लल्लन को विदेश जाने के लिए कुल 4 लाख 84 हजार रुपये उधार दिए थे। इसमें 1 लाख 37 हजार रुपये ऑनलाइन यूपीआई के माध्यम से लल्लन के सहयोगी मोफीज खान के खाते में ट्रांसफर किए गए, जबकि 3 लाख 47 हजार रुपये नकद दिए गए। पीड़ित के अनुसार, रुपये मांगने पर 5 नवंबर 2025 को थाना हलियापुर में सुलह समझौता हुआ, जिसमें लल्लन ने हर माह 10 हजार

- **पुलिस से लगाई गुहार, न्याय न मिलने पर ली कोर्ट की शरण**

रुपये लौटाने का लिखित आश्वासन दिया। साथ ही यह भी स्वीकार किया कि पूरा पैसा उसके पुत्र सलमान ने लिया है और वह उसे वापस करेगा। लेकिन समझौते के बाद आरोपियों का रवैया बदल गया। न तो पैसा लौटाया गया और न ही फोन का जवाब दिया गया। 10 दिसंबर 2025 को जब पीड़ित लल्लन के घर पहुंचा, तो आरोप है कि उसे गाली-गलौज कर भगा दिया गया और दोबारा पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने इस संबंध में थाना हलियापुर और पुलिस अधीक्षक को भी शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंतत: निराश होकर पीड़ित ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर न्याय की मांग की है।

## माता प्रसाद हत्याकांड: दो और गिरफ्तार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बीते 25 मार्च को कुड़वार थाना क्षेत्र के कस्बे में हुए सनसनीखेज गोलीकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज करते हुए एक और नामजद आरोपी व एक साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। हालांकि घटना को अंजाम देने वाले दोनों शूटर अभी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

ज्ञात हो कि 25 मार्च की शाम नरवापार पूरे बेनी माधव गांव निवासी माता प्रसाद पांडेय (55) को कमला गैस एजेंसी के पास बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इससे पूर्व पुलिस अनुराग मौर्य और रमेश मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। रविवार को पुलिस ने नामजद आरोपी सुरेंद्र शर्मा निवासी इक्षा का पुरवा अमहट को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए। साथ ही साजिश रचने के आरोप में प्रवीण कुमार सिंह उर्फ राहुल सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार जमीन बैनामा को लेकर हुए विवाद के बाद इस हत्या की साजिश रची गई थी। थानाध्यक्ष तरुण पटेल ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

- **पुलिस ने एक नामजद आरोपी व साजिशकर्ता को भेजा जेल**


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

### किशोरी से दुष्कर्म और धमकी का आरोपी बंदी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात पुलिस ने दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ गुलशन अहमद उर्फ मोली पुत्र रसीद अहमद ने जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाया। साथ ही विरोध पर जान से मारने की धमकीं दी थी किशोरी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार को कोतवाली देहात प्रभारी धर्मवीर सिंह हमराही निरीक्षक हवलदार सिंह यादव, हेड कांस्टेबल विनय यादव और कांस्टेबल योगेश मिश्रा के साथ आरोपी को छतौना मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर ने बताया कि आरोपी को न्यायालय भेजा गया था, जहां से जेल भेजने की कार्यवाही हुई है।

## टीईटी विरोध: दिल्ली प्रदर्शन को बनी रणनीति

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चल रहा शिक्षकों का देशव्यापी आंदोलन अब निर्णायक चरण में पहुंच गया है। इसी क्रम में चार अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित विशाल धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए तिकोनिया पार्क में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने की, जबकि समीक्षा प्रभारी के रूप में अंबेडकरनगर के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में ब्लॉक अध्यक्षों, मंत्रियों, कार्यसमिति सदस्यों व तहसील प्रभारियों ने भाग लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की। समीक्षा प्रभारी बृजेश मिश्रा ने ब्लॉकवार शिक्षकों की भागीदारी, वाहनों की व्यवस्था और रूट चार्ट की विस्तृत समीक्षा की तथा आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता का मुद्दा लाखों शिक्षकों के भविष्य और सेवा सुरक्षा से जुड़ा है, जिससे देशभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बैठक में शिक्षकों ने एकजुटता का संदेश देते हुए 4 अप्रैल को बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।


तिकोनिया पार्क में बैठक कर रणनीति बनाते शिक्षक। ● अमृत विचार

## दो बाइकों की टक्कर में चार घायल, दो की हालत नाजुक

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर पहुंचाया गया।

जानकारी के अनुसार, रामपुर खुर्द निवासी रमेश अग्रहरि (45) गांव के ही कन्हैया (27) के साथ बाइक से कादीपुर बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मुडिला डीह बाजार की ओर से आ रहे मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव निवासी अभिषेक (28) अपने साथी बब्लू (15) के साथ दूसरी बाइक पर सवार थे। ककना गांव के पास दोनों बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी कादीपुर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रमेश अग्रहरि, कन्हैया और अभिषेक को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां से हालत नाजुक होने पर रमेश अग्रहरि और कन्हैया को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

### इलेक्ट्रॉनिक सामान के नाम पर 3.6 लाख की ठगी

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धनपतगंज थाना क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक सामान दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। बंजरवा (मझवारा) गांव निवासी देव प्रकाश मिश्रा ने आरोप लगाया है कि प्रतापगढ़ के रामापुर बाजार निवासी बलराम तिवारी ने उनसे सामान भेजने के बहाने करीब 3 लाख 60 हजार रुपये ले लिए, लेकिन न तो सामान भेजा और न ही पैसा वापस किया। शिकायतकर्ता के अनुसार, 2 जून 2025 को उन्होंने आरोपी के बैंक खाते में 1.79 लाख रुपये ट्रांसफर किए और फोन-पे के माध्यम से 21 हजार रुपये दिए। इसके अलावा आरोपी अपने मैनेजर विजय कुमार शुक्ला के साथ आकर 1.60 लाख रुपये नकद भी ले गया। कई महीने बीतने के बाद भी सामान नहीं भेजा गया। धनपतगंज थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## व्यापारियों की समस्याओं पर हुआ मंथन

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार देर रात जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरि की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यह बैठक जिला मंत्री गजेंद्र बहादुर सिंह उर्फ डब्बू सिंह के कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई, जिसमें व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं और संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में कस्बे में लगने वाले जाम, फूड विभाग के अधिकारियों द्वारा प्राइवेट व्यक्तियों को साथ लेकर चलने, मनमानी पार्किंग शुल्क वसूली और अवैध तहबाजारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। व्यापारियों ने इन समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए विभिन्न बाजारों में पुनर्गठन के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कीं। बैठक में जिला मंत्री गजेंद्र बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रहरि, तहसील अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, नगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत कर व्यापारियों की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।


बैठक कर व्यापारियों की समस्याओं पर विचार करते जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

- **भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर**

## नशे में दरिंदा बने पति के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर

- **पत्नी पर चाकू से हमला, दो मासूमों संग कमरे में किया था बंद**

**अमृत विचार:** दोस्तपुर थाना क्षेत्र से घरेलू हिंसा की गंभीर और चिंताजनक घटना सामने आई थी। नशे के आदी एक युवक ने अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों को कमरे में बंद कर बेरहमी से हमला कर दिया था।

युवक की घायल पत्नी पूजा का मां निन्हा देवी पत्नी रामनेवाज निषाद, निवासी बेरा मारुफपुर थाना कादीपुर, ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उनकी पुत्री पूजा की शादी चार वर्ष पूर्व संसारपुर निवासी चन्द्रभान निषाद से हुई थी। शादी के बाद से ही चन्द्रभान नशे का आदी हो गया था और आए दिन विवाद करता था। बीते 27/28 मार्च की रात करीब चार बजे चन्द्रभान ने पूजा और दोनों छोटे बच्चों को कमरे में बंद कर दिया और चाकू व कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान आरोपी को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल सुलतानपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दोस्तपुर थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## प्रशिक्षण वर्ग से संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जनपद के धम्मौर, शिवनगर, कूरेभार, बल्दीराय एवं जयसिंहपुर मण्डलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ बनाने के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिवनगर मण्डल के प्रशिक्षण वर्ग में जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने दूसरे दिन परवरभार स्थित शांति मैरिज लॉन में आयोजित सत्र में सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप और एआई जैसे आधुनिक विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। इससे पूर्व छठवें सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं पहले दिन भाजपा नेता अशोक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में पूर्व जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छंगू और जिला महामंत्री संदीप सिंह ने कार्यकर्ताओं को सेवा, समर्पण और बूथ प्रबंधन के गुर सिखाए।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- **शिवनगर, बल्दीराय, कूरेभार, धम्मौर व जयसिंहपुर में हुआ आयोजन**

### राम चरित मानस प्रचार समिति के बैनर तले तीन दिवसीय राम कथा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करिया बझना गांव में आज से भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। राम चरित मानस प्रचार समिति के बैनर तले विगत 39 वर्षों से चली आ रही तीन दिवसीय राम कथा का 40वां वर्ष बड़े धूमधाम से शुरू होगा। राम कथा शाम सात बजे से रात्रि ग्यारह बजे तक चलेगी, जहां श्रद्धालु राम कथा का अमृत पान करेंगे। कथा वाचन के लिए अयोध्या धाम से पधारे पंडित चंद्रदेव जी महाराज और मानस मधुकर डॉ. दिनेश कुमार त्रिपाठी अपने प्रवचनों से भक्तों को भाव-विभोर करेंगे। समिति के अध्यक्ष पं. प्रदीप कुमार पांडेय ज्योतिषाचार्य ने बताया कि आयोजन स्थल की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राम कथा 30, 31 मार्च व एक अप्रैल तक चलेगी।

## गोमती मित्रों के अरमान पूरे, विधायक का किया सम्मान

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** वर्षों की लगातार मेहनत और प्रयास के बाद गोमती मित्र मंडल समिति का सपना साकार होता नजर आ रहा है। पिछले 13 वर्षों से सीता कुंड धाम के विकास और गोमती नदी के संरक्षण को लेकर सक्रिय गोमती मित्रों ने अंततः अपनी मुहिम में सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि समिति ने लंबे समय तक विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से संपर्क कर सीता कुंड धाम के सुंदरीकरण और गोमती कॉरिडोर के निर्माण की मांग उठाई थी। वर्ष 2022 में विधायक के रूप में विनोद सिंह के निर्वाचित होने के बाद एक बार फिर उम्मीद जगी। गोमती मित्रों के अनुरोध पर विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा और मुख्यमंत्री से लगातार प्रयास कर लगभग पांच करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाई। रविवार को इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए गोमती मित्रों ने विधायक आवास पहुंचकर उनका माल्यार्पण और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, महिला मंडल प्रदेश अध्यक्ष शालिनी कसौधन सहित कई सदस्य मौजूद रहे। समिति के पदाधिकारियों ने इसे सामूहिक प्रयास की जीत बताते हुए कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र की आस्था, पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को नई पहचान देगा।


विधायक को सम्मानित करते गोमती मित्र।

### गोमती मित्रों ने की गोमती तट की साफ-सफाई

**संवाददाता, सुलतानपुर :** बीते 13 वर्षों से गोमती मित्र मंडल समिति द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान को बड़ी सफलता मिली है। हर रविवार आयोजित होने वाले साप्ताहिक श्रमदान के माध्यम से समिति लगातार लोगों को स्वच्छता, नदी संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक करती रही है। इसी निरंतर प्रयास का परिणाम है कि सीताकुंड धाम के सुंदरीकरण के लिए शासन द्वारा गोमती कॉरिडोर हेतु बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। रविवार को आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में उपस्थित गोमती मित्रों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। सदस्यों ने कहा कि यह सफलता वर्षों की मेहनत और समाज के प्रति समर्पण का फल है।

आयोजन

293 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षाफल वितरण समारोह सम्पन्न

## आराध्या व स्वीकृति 99 .6 प्रतिशत अंकों के साथ बनीं टॉपर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर में रविवार को आयोजित परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुलतानपुर विधायक विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र अपनी बात की शुरुआत भारत माता के नाम से करते हैं, जो उनकी देशभक्ति और संस्कारों को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थियों की सोच बड़े शहरों के छात्रों से कहीं अधिक श्रेष्ठ है। विद्यालय भारतीय संस्कृति को सहेजने और संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां का अनुशासन और संस्कार अनुकरणीय है, जो सशक्त नेतृत्व का परिचायक है।

इससे पहले प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने वार्षिक परीक्षाफल प्रस्तुत करते हुए बताया कि कुल 2499 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 98.8 प्रतिशत सफल घोषित किए गए। उन्होंने बताया कि 293 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। बहन आराध्या मिश्रा एवं स्वीकृति गुप्ता ने 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 9 के दिव्यांशु पांडेय ने 99 प्रतिशत तथा कक्षा 11 के आशुतोष सिंह ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी-अपनी कक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

समारोह में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्रों अंशुल तिवारी, ध्रुव मिश्र, आयुष्मान शुक्ल, आरव मौर्य, प्रतीक वर्मा, यशांक, प्रेरणा यदुवंशी, यज्ञांशी पाण्डेय, श्रीश, आर्या यादव, किंशुकी त्रिपाठी, अमृता और पीहू मिश्रा को भी मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष भोलानाथ अग्रवाल, प्रबंधक डॉ. पवन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. वी.के. झा , श्रद्धा शुक्ला, अजीत प्रताप सिंह, रणविजय सिंह, देवेंद्र पाठक सहित समिति के सदस्य एवं समस्त आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित रहे।



समारोह को संबोधित करते विधायक विनोद सिंह। ● अमृत विचार

### मदद के नाम पर ले उड़ा बाइक, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय क्षेत्र में एक युवक ने मदद के नाम पर भरोसा जीतकर बाइक पार कर दी। शनिवार कि दोपहर दो बजे बरसाती पाल निवासी अमेठी अपनी लाल रंग की टीवीएस स्टार सिटी प्लस बाइक से जा रहे थे। अशरफपुर गांव के पास एक युवक ने पत्नी से झगड़े का हवाला देकर लिफ्ट मांगी। भरोसा कर उसने उसे बैठा लिया युवक ने उसे बल्लीपुर चौराहे पर चाय भी पिलाई इसके बाद युवक ने खुद गाड़ी चलाने की बात कही और मौका मिलते ही बाइक लेकर फरार हो गया। बरसाती ने बल्दीराय थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर पर बल्दीराय पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र के निधन से शोक

**अखण्डनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ग्राम धर्मापुर निवासी स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र लाल बहादुर उर्फ लल्लन सिंह का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। शाम करीब पांच बजे अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया गया। देर रात उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। लल्लन सिंह के पिता स्वर्गीय सन्तबक्स सिंह आजाद हिंद फौज के सेनानी रहे थे, जिससे परिवार का क्षेत्र में विशेष सम्मान रहा है। रविवार को उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। शाम को पूरे रीति-रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और लोगों ने उनके व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
इसरार अहमद सिद्दीकी से विवाहोपरांत मेरा नाम कौसर फातिमा से बदलकर कौसर इसरार हो गया है जो मेरे आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर भी अंकित है। कौसर फातिमा एवं कौसर इसरार दोनों नाम एक ही महिला अर्थात मेरे ही है। **कौसर इसरार निवासी– सी –2706, सेक्टर–6, सपना कॉलोनी, राजाजीपुरम लखनऊ, उ.प्र.।**

**सूचना**
मैं **फरा पुत्री मोहम्मद आलम मोहल्ला अफसरी, गुरसहायगंज कन्नौज (उत्तर प्रदेश)** की निवासिनी हूं। मेरी जन्म तिथि 15/07/1996 है। मैं बालिग हूं और मैं बिना किसी जोर जबरदस्ती के हिन्दू धर्म स्वीकार करती हूं और आजीवन इसका पालन करूंगी। मुझे आज के बाद हिन्दू धर्म में ही मुझे माना जाए। ताकि वक्त जरूरत काम आवे। यह कि मेरा नाम उपरोक्त ही रहेगा।

# 88.90 करोड़ की लागत से मसकनवा रेलवे फाटक पर बनेगा ओवरब्रिज

## केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह व विधायक प्रभात वर्मा की पैरवी पर परियोजना को मिली स्वीकृति

सौगात

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** गौरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पूर्वोत्तर रेलवे के मसकनवा बाजार के रेलवे समपार संख्या-237 स्पेशल पर टू लेन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। करीब 8890.15 लाख की लागत से इस ओवरब्रिज का निर्माण कराया जायेगा।

इस ओवर ब्रिज के निर्माण से न सिर्फ मसकनवा बाजार के रेलवे क्रासिंग पर लगने वाले जाम से छुटकारा मिलेगा, बल्कि डुमरियागंज, गौरा चौकी व कटरा-अयोध्या मार्ग से आवागमन भी सुलभ हो जायेगा। इस ओवरब्रिज को गोंडा लोकसभा क्षेत्र खासकर गौरा विधानसभा के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है। लंबे समय से इस परियोजना के लिए केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह व क्षेत्रीय विधायक प्रभात वर्मा लगातार पैरवी कर रहे थे। अब मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मसकनवा बाजार स्थित रेलवे फाटक संख्या 237 स्पेशल लंबे समय से स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था। कटरा-अयोध्या मार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव के कारण फाटक बंद होते ही वाहनों की लंबी कतार लग जाती थी। बाजार क्षेत्र होने की वजह से यहां रोजाना छोटे-बड़े वाहनों, स्कूल वाहनों, एंबुलेंस, व्यापारिक वाहनों और पैदल राहगीरों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में रेलवे फाटक पर जाम लगना आम बात थी। कई बार लोगों को घंटों तक जाम में फंसना पड़ता था। मसकनवा में आरओबी निर्माण की मांग लंबे समय से उठ रही थी। क्षेत्रीय लोगों, व्यापार मंडल और जनप्रतिनिधियों ने कई बार इस समस्या को उठाया था। करीब 88.90 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह टू लेन रेलवे उपरिगामी सेतु तैयार होने के बाद रेलवे फाटक बंद होने के कारण लगने वाले लंबे जाम से राहत मिलेगी और आवागमन पहले की तुलना में कहीं अधिक सुगम, हो जाएगा। इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। खासकर आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों, स्कूल बसों, व्यापारिक परिवहन और दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित यह मांग पूरी होने से मसकनवा बाजार, गौरा विधानसभा और आसपास के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। व्यापारियों का मानना है कि जाम से राहत मिलने के बाद बाजार क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वहीं आमजन को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।



मसकनवा बाजार स्थित समपार फाटक। ● अमृत विचार

# 1 हजार लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 3 गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद कच्ची शराब और लहन। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, परिवहन और धंधे के खिलाफ पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 1000 लीटर कच्ची शराब और एक बाइक बरामद की है, मौके पर लगभग 80 क्विंटल लहन नष्ट कर दी गयी

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि ढेमवा घाट चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सरयू नदी के किनारे माझा क्षेत्र के टापू पर अवैध शराब निर्माण की सूचना मिली थी। इस पर सीओ यूपी सिंह के नेतृत्व में पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार को छापेमारी की। पुलिस ने अवैध शराब के धंधे में संलिप्त अमित सिंह, संचित सिंह तथा श्रीराम सभी निवासी दत्तनगर थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को बड़ी मात्रा में अवैध सामग्री बरामद हुई, जिसमें 1336 प्लास्टिक पन्नियों में भरी लगभग 1000 लीटर कच्ची शराब शामिल है। इसके अलावा शराब बनाने में प्रयुक्त 200 लीटर क्षमता के 41 प्लास्टिक ड्रम, 50 लीटर के 6 ड्रम, 8 जस्ते के पतीले और 3 लोहे की भट्ठियां भी जब्त की गईं। एक बाइक भी बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर तैयार हो रही करीब 80 क्विंटल लहन को नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** इटियाथोक शिक्षा क्षेत्र के घोपतपुर बस्ती स्थित शिवांश पब्लिक स्कूल में बच्चों के अंक पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूनम द्विवेदी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यव्रत छोटू ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें योग का विशेष कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर उपस्थित अतिथि एवं अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका कमलेश तिवारी, उप प्रबंधक कैलाश राठौर, प्रधानाचार्य शिव मंगल राठौर, शिक्षक विष्णु वर्मा, शिक्षिका रोशनी शुक्ला सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं क्षेत्र के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने गांव पहुंचकर किया वादों का निस्तारण



गांव में मौके पर पहुंचकर मामले का निस्तारण करतीं एसडीएम नेहा मिश्रा।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तहसील प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे न्यायालय आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को एसडीएम नेहा मिश्रा ने ग्राम धर्मपुर व सेहरिया कला पहुंचकर लंबित मामलों का मौके पर निस्तारण किया। एसडीएम ने ग्राम धर्मपुर में धारा 24 के अंतर्गत हनुमान बनाम छत्तर सिंह प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पत्रावली का अवलोकन करने के साथ ही दोनों पक्षों की बात सुनी और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। मामले में आपत्तियां लंबित होने के कारण निस्तारण नहीं हो पा रहा था, जिसे मौके पर जांच कर सुलझाया गया। वहीं ग्राम सेहरिया कला में धारा 116 के तहत चल रहे विवाद का भी निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने बताया कि न्यायालय में सामान्यत: पत्रावली व साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लिया जाता है, लेकिन न्यायालय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन कर निष्पक्ष निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में करीब दो दर्जन मामलों के निस्तारण की कार्रवाई जारी है।

# ढाबा पर खाना खा रहे सेल्समैनों पर हमला

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी स्थित महादेव फिलिंग स्टेशन के समीप ढाबे पर खाना खा रहे दो सेल्समैनों पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। मारपीट में दोनों कर्मचारी घायल हो गए। घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है, जो वायरल भी हो रहा है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई तेज कर दी है।

बीती 27 मार्च की देर रात कुछ युवक पेट्रोल पंप पर तेल लेने पहुंचे थे। आरोप है कि वे 30 रुपये का पेट्रोल बोतल में और 70 रुपये का बाइक में भरवाना चाहते थे, लेकिन उस समय पंप पर तेल खत्म होने के कारण सेल्समैन मुकेश कुमार और मुकेश तिवारी ने पेट्रोल देने से मना कर दिया। उस समय तो आरोपी वापस चले आए लेकिन रात होने पर नाराज होकर युवकों ने कर्मचारियों को सबक सिखाने पहुंच गए। रात करीब 12 बजे जब दोनों सेल्समैन पास के ढाबे पर खाना खाने पहुंचे, तभी आरोपियों ने वहां उन पर हमला कर दिया जिससे दोनों कर्मचारियों को चोटें आईं। मामले में पेट्रोल पंप मालिक आशीष मिश्रा की तहरीर पर नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले राज सोनी, हर्षित गुप्ता, राहुल नागा सहित चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जिम्मेदारी मिश्रौलिया चौकी प्रभारी अंकित सिंह को सौंपी गयी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया कर लिया गया है। गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# डीजल और पेट्रोल की स्थिति में सुधार

- घरेलू गैस सिलेंडर के लिए अब भी मची है मारामारी

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में बीते दिनों से ईंधन को लेकर बनी अफरा-तफरी के बाद अब डीजल और पेट्रोल की स्थिति में काफी हद तक सुधार देखने को मिल रहा है। पेट्रोल पंपों पर जहां पहले लंबी-लंबी कतारें लगी रहती थीं, वहीं अब हालात सामान्य होते नजर आ रहे हैं। आपूर्ति सुचारु होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, दूसरी ओर घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों के बाहर घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। सुबह होते ही लोग सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे एजेंसियों पर भारी भीड़ देखी जा रही है।

जानकारों के मुताबिक, जिले में करीब 76 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जो लगभग 7 लाख उपभोक्ताओं को हर महीने गैस उपलब्ध कराती हैं। इसके बावजूद आपूर्ति और मांग के बीच संतुलन बिगड़ने से समस्या उत्पन्न हो रही है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन का कहना है कि गैस आपूर्ति को सुचारु करने के लिए संबंधित विभाग और कंपनियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत से ज्यादा गैस सिलेंडर का स्टॉक न करें। जिले में 213 पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र में सभी पेट्रोल पंपों पर अब लाइन भी नहीं दिख रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी जा रही है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिव प्रकाश तिवारी ने बताया कि डीजल पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध है वहीं घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में भी सुधार हुआ है।



डीएम बंगले के सामने स्थित पेट्रोल पंप।

## चाय-समोसे की दुकानों पर खुलेआम रसोई गैस का प्रयोग



दुकान पर लगा सिलेंडर।

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज बाजार में चाय-समोसे और होटलों पर रसोई गैस का खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। रविवार को की गई पड़ताल में सामने आया कि लगभग 80 प्रतिशत दुकानों पर घरेलू रसोई गैस का प्रयोग हो रहा है। गौरतलब है कि एक ओर गांवों में गैस सिलेंडर के लिए लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर बाजार में व्यावसायिक उपयोग के लिए घरेलू गैस का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि तरबगंज तहसील मुख्यालय होने के कारण यहां कई तहसील स्तरीय अधिकारी तैनात हैं, जो दिन में कई बार बाजार से गुजरते हैं, लेकिन इस गंभीर समस्या पर किसी की नजर नहीं पड़ रही है। इस मामले में उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह ने कहा कि जांच की जाएगी। यदि किसी भी होटल या चाय-समोसे की दुकान पर रसोई गैस का अवैध उपयोग पाया गया, तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भक्त भावविभोर



श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी के स्वरूप के साथ कथा सुनाते आचार्य पंकज।

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचार :** मसकनवा बाजार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य पंकज ने श्री कृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। कथा व्यास ने बताया कि विदर्भ नरेश की पुत्री रुक्मिणी भगवान श्री कृष्ण की परम भक्त थीं। उन्होंने मन ही मन श्री कृष्ण को अपना पति स्वीकार कर लिया था। किंतु उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से निश्चित कर दिया। इस निर्णय से रुक्मिणी अत्यंत व्यथित हो उठीं। रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्री कृष्ण को संदेश भेजा, जिसमें उन्होंने अपने हृदय की व्यथा प्रकट करते हुए कहा कि वह उन्हें ही अपना सर्वस्व मान चुकी हैं। उन्होंने आग्रह किया कि विवाह से पूर्व वह आकर उनका हरण कर लें, अन्यथा वह अपने प्राण त्याग देंगी। कथा व्यास ने आगे बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने रुक्मिणी की पुकार सुनकर द्वारका से विदर्भ की ओर प्रस्थान किया। विवाह के दिन रुक्मिणी जब मंदिर में देवी पूजन के लिए पहुंचीं, तभी श्री कृष्ण वहां आए और उन्हें रथ पर बैठाकर ले गए। श्री कृष्ण रुक्मिणी को द्वारका ले गए, जहां उनका विवाह संपन्न हुआ। यजमान निर्मला कसौधन एवं उनके सुपुत्र शिव प्रसाद कसौधन, दिनेश कुमार कसौधन और अरविंद कुमार कसौधन रहे। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने टेट से मुक्ति को भरी हुंकार

**गोंडा, अमृत विचार :** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने रविवार को बैठक का आयोजन कर दिल्ली में आयोजित होने वाले धरने की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में 4 अप्रैल को दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन को सफल बनाने को रणनीति पर चर्चा की गई।

टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधे रमण त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों की जीविका पर आए संकट को लेकर अब आंदोलन राष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। राज्यों से लाखों शिक्षक 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में एकत्र होकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाएंगे। जिलाध्यक्ष आनंद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि संगठन पूरी क्षमता से प्रतिभाग करेगा। संयुक्त मंत्री एवं मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जनपद से लगभग एक हजार शिक्षक 4 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन में भाग लेंगे। बैठक में जिला मंत्री विजय नारायण पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह, अमित सिंह, राजमंगल पांडेय, लवकुश शुक्ल, नागेंद्र पांडेय, मनोज मिश्रा, पवन शुक्ल, राम विलास वर्मा, चन्द्रशेखर तिवारी, कौशल ओझा, ऋषि तिवारी, सर्वदेव शुक्ल, तेज बहादुर सिंह, दुर्गा प्रसाद शर्मा, डॉ. विष्णु शंकर तिवारी आदि थे।




प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## 4 अप्रैल को रामलीला मैदान में करेंगे प्रदर्शन

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक कंपोजिट विद्यालय महराजगंज में हुई। इसमें टीईटी के विरोध में 4 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने की रणनीति बनायी गई। अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने की। बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, प्रांतीय लेखाकार राजेश कुमार शुक्ला, जिला महामंत्री अजीत कुमार तिवारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुशील कुमार, मुजेहना अध्यक्ष तोताराम पांडेय, मनकापुर उपाध्यक्ष देव प्रकाश पांडेय, कटरा बाजार अध्यक्ष रवि तिवारी, रुपईडीह अध्यक्ष देव प्रकाश पाण्डेय, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, जिला संयुक्त मंत्री अमित कुमार पांडेय, मनकापुर अध्यक्ष जनार्दन पांडेय आदि थे।

## मालगाड़ी के आगे लेटकर युवक ने दी जान

**करनैलगंज, अमृत विचार :** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास रविवार सुबह एक युवक ने मालगाड़ी के आगे लेटकर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह करीब छह बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 32 वर्षीय युवक काफी देर तक स्टेशन के पास घूमता रहा। इसी दौरान लखनऊ से गोंडा की ओर जा रही एक मालगाड़ी स्टेशन पर खड़ी थी। जैसे ही मालगाड़ी रवाना हुई, युवक अचानक पटरी पर जाकर उसके सामने लेट गया। ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी थाना प्रभारी दिनेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शरीर पर अन्य कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।

# आज से होगी किसानों से गेहूं की खरीद

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत किसानों से 2550 प्रति क्विंटल की भाव से गेहूं खरीदा जाएगा। गेहूं खरीद 30 मार्च यानी सोमवार से शुरू की जाएगी। जो 15 जून तक चलेगी। जिला प्रशासन ने खरीद एजेंसियों से प्रस्ताव मंगाकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

जिले में गेहूं क्रय केंद्रों के संचालन के लिए कुल छह एजेंसियों से 100 केंद्र अनुमोदित हुए हैं। मूल्य समर्थन योजना के तहत इस बार मूल्य भी बढ़ाया गया है। मंडी समिति के 12, प्रादेशिक सहकारी संघ पीसीएफ के 19, प्रादेशिक उपभोक्ता सहकारी संघ पीसीयू के 42, उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ यूपीएसएस के 22, भारतीय खाद्य निगम एफसीआई के 3 तथा अन्य के 2 क्रय केंद्र शामिल हैं। गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारी लगातार प्रस्तावित केंद्रो पर जाकर आवागमन की सुविधा का जायजा ले रहे हैं। गेहूं खरीद को पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए एडीएम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर क्रय केंद्रों पर तौल, बारदाना, भंडारण एवं भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एनके पाठक ने बताया कि गेहूं खरीद को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। 30 मार्च से खरीद की शुरुआत की जाएगी। एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर ऐसे स्थानों पर क्रय केंद्र खोले जाएंगे, जहां किसानों और वाहनों की पहुंच आसान हो।

## भारत और भारतीयता बनी व बची रहनी चाहिए




अभ्यास वर्ग के समापन सत्र को संबोधित करते क्षेत्रीय संगठन मंत्री हरि वोरिकर।

**गोंडा, अमृत विचार :** अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न हो गया। अभ्यास वर्ग के दूसरे दिन समापन सत्र को संबोधित करते हुए अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हरि वोरिकर ने कहा कि हम सभी का ये दायित्व है कि भारत और भारतीयता बनी और बची हुई रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता परिषद राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आगे बढ़ाने वाला संगठन है। उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के संयोजक विपिन त्यागी ने अधिवक्ता परिषद के विभिन्न आयामों और आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में सहभागिता कर रहे सभी 9 इकाइयों के प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। प्रदेश महामंत्री मीनाक्षी सिंह परिहार ने सभी प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं भी जानीं। प्रांतीय उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि अधिवक्ता परिषद अपनी राष्ट्रवादी सोच को आमजन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष धन लाल तिवारी ने किया। आयोजन में नॉलेज कनेक्टिव आयाम प्रमुख संदीप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल पांडेय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रेमचंद राय, प्रांत मंत्री अमर बहादुर सिंह, रंजीता वाल्मीकि, डॉ पूजा सिंह, विशेष आमंत्रित सदस्य अमरनाथ मिश्रा व अजय पांडेय एवं गोंडा सहित नौ जिलों के प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन गोंडा के महामंत्री जयप्रकाश सिंह ने किया।

# चलती बाइक बनी आग का गोला, युवक ने बचायी जान

**उगोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर क्षेत्र अंतर्गत धानेपुर बाजार में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती बाइक अचानक आग की लपटों में घिर गई। बाइक चालक ने दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचा ली।

सरजू पुरवा निवासी घनश्याम शुक्ला बाजार से सामान लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाजार में उनकी मोटरसाइकिल से अचानक धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी बाइक जलकर राख हो गई। पीड़ित ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन आशंका है कि पेट्रोल टंकी फुल होने के कारण ओवरफ्लो हुआ और उसी से आग लग गई। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आसपास मौजूद लोग तत्काल मदद करते तो शायद बाइक को बचाया जा सकता था। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर मौजूद लोग मोटरसाइकिल जलने का वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना देने की जहमत नहीं उठाई। सूचना मिलने पर धानेपुर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मोटरसाइकिल पूरी तरह जल चुकी थी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना देर से मिली थी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।



धू-धूकर जलती बाइक।

शिक्षा जगत

सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले पर जोर, गांव-गांव पहुंचेगा स्कूल चलो अभियान

# एक अप्रैल से चलेगा स्कूल चलो अभियान

**गोंडा, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र के लिए बच्चों के नामांकन बढ़ाने को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग एक बार फिर व्यापक स्तर पर 'स्कूल चलो अभियान' चलाने जा रहा है। शासन के निर्देश पर अभियान का पहला चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक और दूसरा चरण 1 जुलाई से 15 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जागरूकता रैलियां निकाली जाएंगी, अभिभावकों से घर-घर संपर्क किया जाएगा और उन्हें अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी विद्यालयों में कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अभियान को आकर्षक बनाने के लिए विद्यालयों में सत्र शुरू होने से पहले विशेष तैयारियां भी कराई जाएंगी। सभी परिषदीय विद्यालयों में साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा, परिसर को व्यवस्थित किया जाएगा और सत्र के पहले दिन स्कूलों को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया जाएगा। विभाग का मानना है कि विद्यालयों का स्वागतपूर्ण वातावरण नामांकन बढ़ाने में सहायक होगा। अभियान के सफल संचालन में स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी के सदस्यों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। एसएमसी सदस्य गांव-गांव और मोहल्लों में अभिभावकों से संवाद कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह अभियान केवल नामांकन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विद्यालयों के प्रति समाज में सकारात्मक माहौल तैयार करने की दिशा में भी काम करेगा। अभियान संचालन के लिए सरकार ने 72 लाख रुपये का लिमिट जारी की है। इसमें से 5 लाख रुपये जिला स्तर पर आयोजित रैली और कार्यक्रमों पर खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा प्रत्येक ब्लॉक को 10-10 हजार रुपये, प्रत्येक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय को 4250 रुपये तथा प्रत्येक परिषदीय विद्यालय को अभियान संचालन के लिए 2500 रुपये दिए जाएंगे। लिमिट जारी करने के साथ ही राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने जिला बीएसए को अभियान की तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए हैं। बीएसए अमित सिंह ने बताया कि सभी ब्लाकों व स्कूलों को लिमिट जारी की जा रही है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को स्कूल चलो अभियान संचालन के लिए तैयारी का निर्देश दिया गया है।



नए शैक्षिक सत्र के स्वागत के लिए सजा कंपोजिट विद्यालय धानेपुर। ● अमृत विचार

## मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग हुए घायल

**करनैलगंज, अमृत विचार :** अलग अलग मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें 5 की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज गोंडा रेफर किया गया। शनिवार की देर शाम स्टेशन रोड पर बिजली के खंभे से बाइक सवार युवक टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज रेफर किया गया। घायल की पहचान सुभान अली निवासी नई बाजार करनैलगंज के रूप में हुई। वहीं देर शाम बाइक सवार नजर मोहम्मद निवासी कटरा बाजार छुट्टा गाय से टकराकर घायल हो गया। श्रवण कुमार निवासी गाड़ी बाजार भी बाइक से टकराकर घायल हुए उनकी भी हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज रेफर किया गया। रविवार दोपहर एक बैटरी रिक्शा पर चालक समेत तीन लोग परसपुर रोड पर गाय को बचाने के चक्कर में रिक्शा पलटने से घायल हुए। जिसमें रिक्शा चालक दीपू कश्यप निवासी ग्राम रामगढ़ कटरा बाजार दो महिला सवारियों किताबुल निशा व रहबाना निवासी कोल्हापुर पयागपुर बहराइच को लेकर चकरौत जा रहा था। रास्ते में अचानक आई गाय को बचाने में रिक्शा पलट गया जिसमें तीनों को चोटें आईं। लोगों ने सभी को सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं को मेडिकल कालेज गोंडा रेफर किया गया। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय का कहना है कि दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं। जिनका इलाज सीएचसी में किया गया। तहरीर नहीं मिली।

# भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गयी निशान शोभायात्रा


बालाजी निशान शोभायात्रा में पूजन-अर्चन करते अतिथि। ● अमृत विचार

आस्था

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** भगवतीगंज स्थित चंद्र प्रकाश राइस मिल से रविवार को भक्ति और श्रद्धा के माहौल में निशान शोभायात्रा निकालकर श्री मेहंदीपुर बालाजी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में महिलाओं और पुरुष श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी रही। श्री बालाजी के भजनों और गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

उदासीन संगत गेल्हापुर मंदिर के महंत बृजानंद जी महाराज एवं सभासद संजय कुमार मिश्रा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा को रवाना किया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू के नेतृत्व में निकली इस शोभायात्रा में महिलाएं सिर पर निशान लेकर भजन गाती चल रही थीं, जबकि पुरुष श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए जयकारे लगाते नजर आए।

शोभायात्रा भगवतीगंज से निकलकर भरत मिलाप चौराहा व गौशाला रोड होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में "जय श्री बालाजी" के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

इस अवसर पर ताराचंद्र अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, गंगा शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम ने नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना दिया।


बालाजी निशान शोभायात्रा में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवकों की मौत

## बभनान -गौरा चौकी मार्ग पर खोड़ारे थाना क्षेत्र अंतर्गत बुकनापुर गांव के समीप

रफ्तार की मार

बभनान

**अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उन्हें एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर भेजा। जहां डाक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय कस्बे से सटे बभनान -गौरा चौकी मार्ग पर खोड़ारे थाना क्षेत्र अंतर्गत बुकनापुर गांव के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार की रात करीब लगभग 8:30 बजे तीन युवक मोटरसाइकिल से बभनान से गौरा चौकी की तरफ जा रहे थे। अभी वह बुकनापुर गांव के समीप पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे पड़े हुए थे। इसी बीच स्थानीय लोगों की नजर तीनों पर पड़ी और उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर पहुंचाया गया। बाद में डाक्टर जांच के बाद तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। दिवंगत की पहचान खोड़ारे थाना क्षेत्र के सिकरी तापखोर गांव निवासी अमरदीप (23), इसी थाना क्षेत्र के खुटिहन गांव निवासी श्रीश्याम (15) व इसी गांव के ऋतिक (20) के रूप में हुई है। इस संबंध में गौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी निरीक्षक भास्कर यादव ने कहा कि अस्पताल पहुंचने के पहले तीनों की मौत हो चुकी थी।

## दुर्घटना में युवक की मौत और साथी गंभीर

**कटरा बाजार-गोंडा, अमृत विचार :** रविवार देर शाम गोंडा कटरा मार्ग पर बाबूपुर गांव के पास घर जा रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक पर बैठा दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज गोंडा ले जाया गया है। सीएचसी कटरा में इमरजेंसी में तैनात डाक्टर अरुण ने बताया कि सिर में चोट लगने के कारण खून अधिक बह गया जिससे मौत हो गई है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। उपनिरीक्षक पेशकार यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के बाबूपुर के पास अज्ञात वाहन ने बाबूपुर गांव निवासी मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति मोनू चौहान व महादेव उर्फ अमृत लाल को रौंद दिया जिसमें मोनू चौहान की मौके पर ही मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल महादेव को मेडिकल कॉलेज गोंडा ले जाया गया है जहां पर उसका इलाज चल रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## दहेज की मांग से प्रताड़ित महिला ने आग लगाकर दे दी जान

संवाददाता, बलरामपुर

● मायके वालों ने पति और ससुर पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**अमृत विचार :** तुलसीपुर थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक विवाहिता की जलकर मौत हो गई। मृतका के पिता ने पति और ससुर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चोरघटिया निवासी विजय यादव ने थाना तुलसीपुर में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री शीला यादव का विवाह करीब आठ वर्ष पूर्व ग्राम काशीराम मनकौरा निवासी सूरज यादव पुत्र कृष्णा यादव के साथ किया था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर उनकी पुत्री को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। तहरीर के मुताबिक, प्रताड़ना से परेशान होकर कई बार उनकी बेटी मायके आकर रहने लगी थी। करीब तीन माह पूर्व भी वह मायके में रह रही थी, लेकिन समाज के लोगों के समझाने पर उसे पुनः ससुराल भेज दिया गया था। आरोप है कि बीती 28 मार्च की शाम लगभग 4:30 बजे दहेज उत्पीड़न से तंग आकर शीला यादव ने खुद को आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो शव बुरी तरह जला हुआ था और पहचान पाना भी मुश्किल हो रहा था।

पीड़ित पिता ने पति सूरज यादव एवं ससुर कृष्णा यादव के खिलाफ दहेज उत्पीड़न एवं हत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


बैठक में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### प्रशिक्षण शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला चुनावी मंत्र

**गैंसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को गैसड़ी नगर पंचायत सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। शिविर में वक्ताओं ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से सक्रिय होने का आह्वान किया। पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को बताएं। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाने पर जोर दिया। जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी व जिला महामंत्री अजय सिंह पिंकू ने कहा कि देश और विश्व में बदलते हालात के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं से सजग रहने को कहा। इस अवसर पर रामकरण मिश्रा, रमेश जायसवाल, रामकृपाल शुक्ला, अजय सैनी, परमजीत सिंह पम्मी, प्रिंस वर्मा, आनंद सिंह व मनराज सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दुष्कर्म पीड़िता ने लगायी आग, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** तुलसीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म मामले की गवाह बनी किशोरी को लगातार धमकियों और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उसने खुद को आग लगा ली। लखनऊ के सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान 17 मार्च को उसकी मौत हो गई। किशोरी की मां के अनुसार, उनकी बेटी के साथ कुछ महीने पहले एक युवक ने दुष्कर्म किया था। इस मामले में 24 फ़रवरी को कोर्ट में गवाही देने के बाद लौटते समय आरोपित के परिजनों ने उसे घेरकर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने जेल से छूटने के बाद पीड़िता की बहनों के साथ भी दुष्कर्म की बात कही, जिससे किशोरी बुरी तरह टूट गई। लगातार मिल रही धमकियों से त्रस्त होकर उसने 1 मार्च को खुद को आग लगा ली। परिजन बताते हैं कि किशोरी ने वीडियो में आत्मघाती कदम की वजह स्पष्ट की थी। परिवार को धमकियां मिल रही हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मामला गवाही-उपरांत सुरक्षा और पीड़ित संरक्षण पर गंभीर सवाल उठाता है।


जिला कार्यालय में बैठक करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### कांग्रेस कार्यकर्ताओंने दी आंदोलन की चेतावनी

**गोंडा, अमृत विचार :** कांग्रेस भवन में रविवार को शहर अध्यक्ष एवं सभासद शाहिद अली कुरेशी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में एलपीजी गैस व पेट्रोल-डीजल की किल्लत, कालाबाजारी, जल निकासी व्यवस्था और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं पर मंथन किया गया। शाहिद अली कुरेशी ने कहा कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के बावजूद गैस सिलेंडर समय से नहीं मिल रहा है, जबकि तेल और गैस की कालाबाजारी से आम जनता परेशान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो 1 अप्रैल को जनता के साथ उच्च अधिकारियों का घेराव किया जाएगा। उन्होंने बरसात से पहले शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठाई। कहा कि अधिकांश नाले कच्चे हैं, जिससे गंदा पानी घरों में घुस रहा है। जहां पक्के नालों की आवश्यकता है, वहां प्रस्ताव नहीं भेजे गए, जबकि गैर-जरूरी स्थानों पर प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। समय रहते सुधार न हुआ तो शहर के जलमग्न होने का खतरा बढ़ सकता है। बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को तिरंगा पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नई जिम्मेदारियों की घोषणा करते हुए विनय प्रकाश त्रिपाठी को शहर प्रवक्ता, अजय कुमार श्रीवास्तव को मीडिया प्रभारी, श्रीमती नूरजहां को उपाध्यक्ष और हकीमून निशा को शहर सचिव बनाया गया। इस मौके पर सैयद अब्दुल मुजीब, चांद खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एनसीसी बी सर्टिफिकेट परीक्षा संपन्न

**गोंडा, अमृत विचार :** रघुकुल महिला विद्यापीठ में 48 यूपी एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में एनसीसी बी सर्टिफिकेट परीक्षा 28 व 29 मार्च को संपन्न हुई। परीक्षा में गोंडा व बहराइच जनपद के कुल 512 एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया।

दो दिवसीय परीक्षा के पहले दिन शनिवार को विद्यापीठ मैदान में प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कैडेट्स का फुट ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट और बैटल क्राफ्ट का परीक्षण किया गया। वहीं दूसरे दिन लिखित परीक्षा कॉलेज परिसर में सम्पन्न हुई। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, सुरक्षा और गोपनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई गई। प्रवेश-निकास, बैठने की व्यवस्था, प्रश्न पत्र वितरण और उत्तर पुस्तिका संग्रहण तक हर चरण पर कड़ी नजर रखी गई।

निर्देश | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित

# बच्चों के शैक्षिक स्तर में लायें सुधार : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जनपद की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में लर्निंग आउटकम सुधारने और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित केपीआई (मुख्य प्रदर्शन संकेतक) के आधार पर विद्यालयों में ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि नियमित अनुश्रवण के माध्यम से शैक्षिक स्तर में वास्तविक सुधार सुनिश्चित किया जाए।

एक अप्रैल से शुरू होने वाले स्कूल चलो अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने डोर-टू-डोर सर्वे समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान कर उनका शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि बेसिक, माध्यमिक, आईसीडीएस, स्वास्थ्य और पंचायत विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि बच्चों के नामांकन, उपस्थिति, पोषण और स्वास्थ्य पर समग्र सुधार हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, बीएसए शुभम शुक्ला, सीएमओ मुकेश कुमार रस्तोगी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### 74 पंचायत सहायकों को अंतिम नोटिस

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पंचायत भवनों में ऑनलाइन सेवाओं को सुचारु बनाने के लिए तैनात पंचायत सहायकों की लापरवाही सामने आने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। फरवरी और मार्च माह की समीक्षा में पाया गया कि 74 पंचायत सहायकों ने अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं की। जिलाधिकारी की समीक्षा बैठक में यह तथ्य उजागर होने के बाद संबंधित पंचायत सहायकों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है। निर्देश दिए गए हैं कि पंचायत भवन नियमित रूप से खुले रहें और सभी सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हों। इसके लिए पंचायत सहायकों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय ने संबंधित पंचायत सहायकों को चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि कार्यप्रणाली में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

### खच्चर का भर रहा कोष, वन्यजीवों में आक्रोश


नारदनामा

**राकेश सिंह, बलरामपुर अमृत विचार :** चंपक वन की हरी भरी घास देखकर धर्मा खच्चर का मन ललचा गया। उसने सोचा कि चंपक वन में घास चरने का अवसर मिल जाए तो क्या कहने। उसने जुगाड़ लगाकर सांसद पद का टिकट हासिल कर लिया। चंपक वन में उसकी बिरादरी अधिक थी इसलिए वह चुनाव जीत गया। वह बिरादरी के लोगों को देखते ही खुशी से सीपों सीपों करने लगता। चंपक वन का सारा ठेका बिरादरी के लोगों को ही देता था। उसने अन्य जातियों को दरकिनार कर दिया। जातियों के समर्थन पर ही धर्मा खच्चर को चंपक वन का दोबारा सांसद चुना गया। बिरादरी के किसी भी वन्यजीव का इंतकाल हो जाए तो वह जरूर शामिल होता लेकिन अन्य जातियों को देखते ही दुलत्ती चलाने लगता। खच्चर की यह विचारधारा वन्य जीवों को पसंद नहीं आई लेकिन बेचारे कर भी क्या सकते थे। हरी भरी घास चरते-चरते खच्चर का पेट भर गया तो वह अधिक समय अपने घर पर ही व्यतीत करने लगा। फरियाद लेकर जाने वाले सीधे-साधे वन्यजीव उसके घर से वापस कर दिए जाते। जिसे राजनीति का ककहरा नहीं आता था वह अपने आप को व्याकरण का पंडित मानने लगा। चंपक वन में रेल की परियोजना लंबित थी। यह परियोजना दद्दू टाइगर की देन थी लेकिन खच्चर उसे अपनी परियोजना बता कर अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने लगा। संसद से लौट कर जब अपने क्षेत्र में आता तो बिरादरी के लोगों से कहता कि मैंने रेल की परियोजना स्वीकृत करवाई है। बिरादरी के लोग भी उसके बहकावे में आकर खूब ताली बजाते। उसने जंगल में सोलर लाइट लगवाने के नाम पर करोड़ कमाए। वन्य जीवों के घर अंधेरा दूर करने के नाम पर अपने घर को रोशन किया। बड़े मियां नामक तेंदुए का समर्थन मिलने पर ही वह चुनाव जीता था। खच्चर ने बड़े मियां की बिरादरी को भी अलग-थलग कर दिया। तमाम वन्य जीव खच्चर के नाम पर थू-थू करने लगे। चंपक वन में खच्चर के पार्टी की सरकार नहीं थी। जंगल के विधायक भी चाहते थे कि खच्चर अपने क्षेत्र का दौरा न करें। खच्चर को तेंदुए से सबक लेना चाहिए। किसी जमाने में तेंदुए की लोकप्रियता इतनी थी कि उसका हाथ चूमने वाले वन्य जीवों की लाइन लगती थी। वन्यजीवों का निरादर हुआ तो उन्होंने तेंदुए की सीटी साफ कर दी। अब खच्चर की बारी है। सभी वन्य जीव एकजुट हो चुके हैं। इस बार खच्चर को लगाम लगाकर उसे उसके बीट में भगाने का मन वन्य जीवों ने बना लिया है।

### शोध नैतिकता पर आधारित पुस्तक का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया विमोचन


पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री, कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यशाला के निष्कर्षों पर आधारित पुस्तक "नैतिक शोध अखंडता एवं जिम्मेदार अकादमिक प्रकाशन वैश्विक परिप्रेक्ष्य" का विमोचन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। यह पुस्तक 21–22 जनवरी 2026 को आयोजित दो दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला के प्रमुख बिंदुओं को संकलित करती है। कार्यशाला का उद्देश्य शोधार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को शोध कार्य एवं प्रकाशन में नैतिकता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप शोध कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। पुस्तक के प्रधान संपादक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह तथा संपादक डॉ. बसंत कुमार हैं। उनके मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्ण विषय को व्यवस्थित रूप से संकलित कर पुस्तक का रूप दिया गया।

### पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों ने मचाया धमाल


पुरस्कार पाकर खुशी मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन फंक्शन एवं ग्रेजुएशन डे का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अकादमिक अवार्ड्स, सिल्वर जोन ओलंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन, रंगोत्सव इंटरनेशनल, इंटरनेशनल टैलेंट ओलंपियाड सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय निदेशक सुयश कुमार, सुजाता आनंद एवं इशिका सुयश आनंद द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के संस्थापक एसपी आनंद के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान यूकेजी, एलकेजी व नर्सरी के बच्चों ने नृत्य व स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही विभिन्न कक्षाओं के टॉपर्स एवं प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बेस्ट एनसीसी कैडेट, बेस्ट स्पीकर, बेस्ट स्पोर्ट्स पर्सन सहित अन्य श्रेणियों में भी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका रिजवाना सिद्दीकी व आरुषि मधुरिमा ने किया। शिक्षकों व स्टाफ के सहयोग से समारोह यादगार बन गया।

### स्वास्थ्य मेलों में 1937 मरीजों को मिला उपचार


जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ और अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के सभी 31 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 1937 मरीजों का उपचार किया गया, जिनमें 852 पुरुष, 739 महिलाएं और 346 बच्चे शामिल रहे। स्वास्थ्य मेलों में मरीजों की सामान्य जांच के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, शुगर, टीबी, कुष्ठ, नेत्र एवं दंत रोगों की जांच की गई। गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, बच्चों का टीकाकरण तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। इसके अलावा विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बघनी पहुंचकर स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

### महिला को बंधक बनाने का प्रयास

**बलरामपुर, अमृत विचार :** तुलसीपुर थाना क्षेत्र में एक अनुसूचित जाति की महिला को बंधक बनाने का प्रयास करने और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। लक्ष्मनपुर रमवापुर निवासिनी शीला देवी पत्नी राजेंद्र कुमार के अनुसार, बीती 27 मार्च की शाम करीब 7:30 बजे वह तुलसीपुर से पुरुषोत्तमपुर स्थित एक चाय की दुकान पर पहुंची थीं। इसी दौरान उनका पुत्र दिवाकर और भतीजा प्रिंस उन्हें दुकान से पहले उतारकर चाय पीने चले गए। आरोप है कि वह मोटरसाइकिल के पास खड़ी थीं, तभी जुबेर पुत्र कुरैशी निवासी गनवरिया जौगढ़ पोखरा वहां पहुंचा और उन्हें जबरन बंधक बनाने का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने कहा कि जब तक मुकदमे में सुलह नहीं करोगी, तब तक नहीं छोड़ेंगे और उन्हें जबरन ले जाने लगा। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटने लगे, जिस पर आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। घटना की सूचना पीड़िता के पुत्र द्वारा डायल 112 पर दी गई। पीड़िता ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### घंटों लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिला सिलेंडर


गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र की गैस एजेंसियों पर इन दिनों भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। प्रतिदिन सैकड़ों उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि समय से बुकिंग कराने के बावजूद कई-कई दिनों, यहां तक कि महीनों तक सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है, खासकर महिलाओं को अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने एजेंसी कर्मचारियों के व्यवहार पर भी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि समस्या बताने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता और कई बार फोन पर भी जानकारी देने से मना कर दिया जाता है। गैस कनेक्शन से जुड़े कार्य—जैसे नाम परिवर्तन व मोबाइल नंबर अपडेट—के लिए भी बड़ी संख्या में लोग एजेंसी पहुंच रहे हैं, जिससे भीड़ और बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाया जाए तथा कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं से अश्लील हरकत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जरवल रोड (बहराइच) :** थाना जरवल रोड पुलिस ने महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई महिला सुरक्षा व जागरूकता अभियान (मिशन शक्ति) के तहत की गई। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक राहुल सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और महिला जागरूकता अभियान के तहत गश्त पर थे। इसी दौरान कुछ महिलाओं ने शिकायत की कि कस्बा जरवल के कटी नाला के पास एक युवक राह चलती महिलाओं पर अश्लील टिप्पणियां कर रहा है। इस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक युवक महिलाओं को देखकर अश्लील हरकत करते पाया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहम्मद शारिक (24 वर्ष), निवासी बैराकाजी मोहल्ला, कस्बा जरवल बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस ने आरोपी के परिजनों को सूचना दे दी है।

### वनरोज से टकराई बाइक, दो लोग घायल

**जमुनहा (श्रावस्ती) :** हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के ग्राम हरदत्त नगर गिरन्ट के मजरा बाढ़ियनपुरवा निवासी दानबहादुर (48) पुत्र रामलखन व जितेंद्र विश्वकर्मा (35) पुत्र काशीराम बाइक से बदला चौराहा जा रहे थे। नानपारा बदला मार्ग स्थित गिरन्ट जंगल से अचानक निकले वनरोज से बाइक टकरा गई। इससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास ग्रामीणों ने एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर गया है।

### बाइक पलटी, तीन सवार घायल

**इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना क्षेत्र के इकौना पयागपुर मार्ग पर एक बाइक रविवार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार बलरामपुर के कोतवाली देहात के नील कोठी निवासी संदीप कुमार (25) पुत्र छोटके, छेदी राम (55) पुत्र खटाऊ व छेदीराम का पुत्र कृष्ण राठौर (10) घायल हो गए। तीनों एक ही बाइक से पयागपुर थाना क्षेत्र के दूधौली गांव रिश्तेदारी में जा रहे थे। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी इकौना लाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने तीनों को जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर कर दिया।

### श्रीराम-रावण युद्ध के साथ कथा का हुआ समापन

**जरवल रोड (बहराइच) :** जरवल कस्बा के संगत मंदिर तमोली टोला में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा 'अमृत वर्षा' के नौवें व अंतिम दिन का कार्यक्रम अत्यंत भावपूर्ण और भक्ति से सराबोर रहा। कथावाचक रुबी ने रामचरितमानस की पावन कथाओं का ऐसा जीवंत वर्णन किया कि पूरी सभा मंत्रमुग्ध हो गई। उन्होंने सीता माता की खोज की व्यथा, भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए भीषण युद्ध, तथा अयोध्या में श्रीराम के राजतिलक तक की घटनाओं को बड़े ही भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। कथा सुनते-सुनते श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति में लीन हो गए। कार्यक्रम के दौरान दीदी ने मधुर भजन "हम बृजवासी अपने घर जा रहे हैं" प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर वहां मौजूद माताएं, बहनें और सभी श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। भजन के बीच अचानक हल्की बारिश की बूंदें गिरने लगीं, जिसे श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी की कृपा का संकेत माना। उस पल का दृश्य अत्यंत दिव्य और भावुक कर देने वाला था। अगले दिन हवन का विधिवत आयोजन किया गया।

# भारत-नेपाल खेल महोत्सव में युवाओं ने दिखाया दम

**रन फॉर राम मैराथन दौड़ बालक वर्ग में बॉबी कुमार प्रथम और बालिका वर्ग में वेनिका रावत आईं प्रथम**

संवाददाता, बहराइच



खिलाड़ियों के साथ मुख्यअतिथि व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में ठाकुर हुकुम सिंह किसान पीजी कॉलेज में भारत नेपाल खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री सतीश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके महोत्सव का शुभारंभ किया।

रन फॉर राम मैराथन दौड़ महिला वर्ग में वेनिका रावत प्रथम, कल्पना अवस्थी द्वितीय एवं दिव्या मिश्रा तृतीय स्थान पर रही। रन फॉर राम मैराथन दौड़ पुरुष वर्ग में बॉबी कुमार प्रथम ,किशन लाल द्वितीय ,अजीत वर्मा तृतीया ,सर्वेश चतुर्थ एवं सत्यम त्रिपाठी पंचम स्थान पर रहे। रस्सा कस्सी महिला वर्ग में केडीसी बहराइच विजेता रही एवं स्टेडियम उपविजेता रही ।

रस्साकस्सी पुरुष वर्ग में मिहींपुरवा विजेता एवं टाइगर टीम उपविजेता रही। तीरंदाजी प्रतियोगिता महिला वर्ग में कविता कुमारी विजेता एवं पुरुष वर्ग में विष्णु दयाल उपविजेता रहे।

कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स प्रथम एवं पयागपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें पयागपुर टीम 25-8 से विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स सेकंड एवं नेपाल के बीच खेला गया इसमें स्पॉट स्पोर्ट सेकंड 21-20 से विजेता रही । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह , विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह, कार्यक्रम आयोजक सुरेश प्रताप सिंह चौहान, कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा कार्यक्रम संयोजक सत्य प्रकाश सिंह सत्या, विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधान परिषद सदस्य पदम सिंह चौधरी, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष डिंपल जैन, जिला प्रचारक अजय कुमार, विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, अमरनाथ, मेजर एसपी सिंह, क्रीड़ा भारती अध्यक्ष अटल सिंह, वॉलीबाल सचिव प्रेम नाथ तिवारी, रजत सिंह, देवेंद्र सिंह, निर्णायक की भूमिका में वीरेंद्र पाल सिंह, संतोष कुमार सिंह, दिलीप वर्मा, प्रमोद कुमार, विनोद यादव, गोविंद चौहान, आशीष सिंह, सुभाष चन्द्र, श्याम सुंदर, दीपक शर्मा, केपी, रवि श्रीवास्तव, सत्यपाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार पांडे के द्वारा किया गया।

### देश में पेट्रोल, डीजल व गैस पर्याप्त मात्रा में है उपलब्ध: सतीश चंद्र शर्मा

**बहराइच, अमृत विचार।** किसान महाविद्यालय में रविवार से शुरू हो रहे रहे भारत-नेपाल खेल महोत्सव में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध के चलते पेट्रोलियम पदार्थों की देश में कमी होने के सवाल पर बोलते हुए कहा कि भारत में स्थिति सामान्य हैं। वहीं कुछ उपभोक्ताओं द्वारा पैनिक रूप से खरीदारी करने की बात सामने आयी थी। उन्होने कहा की पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व मे 60 दिनों का पेट्रोल और डीजल का स्टॉक है। वही यूपीए सरकार पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में हम एक दर्जन देशों से तेल आयात करते थे लेकिन आज हम पूरी दुनिया के 40 से अधिक देशों से तेल आयात करते हैं। आज हम प्रतिदिन 8 लाख लोगों को तेल उपलब्ध करा रहे हैं। तेल की कालाबाज़ारी और ओवर रेटिंग रोकने के लिए लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर पेट्रोल डीजल की कालाबाजारी या उसका स्टाफ जमा करने का मामला प्रकाश में आएगा तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। विपक्ष ने प्रदेश में भ्रम बनाने का प्रयास किया था लेकिन ये टूट चुका है आज पेट्रोल पंपों पर लाइन खत्म हो चुकी है और सभी को पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है।



खेल महोत्सव में शामिल होने पहुंचे खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा। अमृत विचार

# नहाने गए दो चचेरे भाई राप्ती नदी में डूबे, मौत



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, श्रावस्ती

- इकौना के जगरावाल गढ़ी गांव की घटना, मचा कोहराम


**अमृत विचार।** जगरावल गढ़ी गांव से रविवार दोपहर राप्ती नदी में नहाने गए दो चचेरे भाई गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय गोताखारों ने एक किशोर को बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे किशोर का शव काफी तलाश के बाद नदी से बरामद हुआ।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम जंगरावलगढी निवासी सूरज (13) पुत्र घनश्याम यादव व अखिलेश (12) पुत्र राजेश यादव दोनों चचेरे भाई है। रविवार दोपहर दोनों गांव के पास स्थित राप्ती नदी में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों भाई गहरे पानी में डूबने लगे। शोर सुनकर पहुंचे गांव के ही गोताखोर ने सूरज को बाहर निकाल लिया। जिसे परिजनों की ओर से सीएचसी इकौना ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने सूरज को मृत घोषित कर दिया। वहीं अखिलेश पानी में डूबकर लापता हो गया। जिसे गोताखोरों ने कड़ी मुशक्कत के बाद नदी से खोज निकाला। दो चचेरे भाइयों की मौत से जहां परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं गांव में भी मातम छा गया है। वही मौके पर पहुंची इकौना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

# टायर फटने से पिकअप पलटी दबकर 3 बाइक सवारों की मौत

नानपारा (बहराइच)

हादसा



हादसे के बाद पलटी पड़ी पिकअप।

**अमृत विचार।** सब्जी बेंचकर घर लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों की मौत पिकअप के नीचे दबकर हो गयी। बताते हैं कि टायर फटने से पिकप अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे यह हादसा हुआ।

थाना नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत हाड़ा बसहरी के पास नानपारा रूपईडीहा हाईवे पर सड़क हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान बरसाती (30) निवासी गंगा भगड़ा, मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती, मनीष पुत्र राम मिलन (28 वर्ष), शिवा पुत्र राम कुमार (12 वर्ष) निवासी लक्ष्मणपुर मटेही के रूप में हुई है। मनीष और राम मिलन रिश्ते में साले बहनोई लगते थे। सभी इस समय नानपारा के ग्राम जूडा में रहते थे। रविवार की सुबह सब्जी बेचने के लिए बाबागंज गए थे, तभी वापस आते समय हाड़ा के पास हाईवे पर सामने से आ रही पिकअप टायर फटने से अनियंत्रित हो गई और उसने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह ने बताया कि पिकअप चालक मौक से भाग गया है।

# महिलाओं को दी सुरक्षा की जानकारी

कैसरगंज (बहराइच)



मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक करतीं एसआई आशा वर्मा। अमृत विचार

आयोजन

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत वैरीमहेशपुर में रविवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में उप निरीक्षक आशा वर्मा ने कहा कि सही जानकारी और सही समय पर सही कदम ही सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस एक सच्ची मित्र की तरह हर परिस्थिति में महिलाओं के साथ खड़ी है और किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक सहायता लेना बेहद जरूरी है।उन्होंने महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्र की कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि अब महिलाएं अपनी समस्याओं का समाधान तेजी से पा सकती हैं। इसी क्रम में महिलाओं और बालिकाओं को 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा और 108 एंबुलेंस सेवा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें जरूरत पड़ने पर इनका प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान महिला आरक्षी दीपिका त्रिवेदी ने बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया, यूपी कॉप ऐप के उपयोग की जानकारी दी तथा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा से सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से समझाया इस मौके पर चन्द्रभान यादव, लक्ष्मण चौधरी, रुकसाना बेगम मौजूद रहे।

### साइकिल से बारह ज्योतिर्लिंगों व चारधाम यात्रा पर निकला श्रद्धालु

**जरवलरोड (बहराइच)।** सूरत (गुजरात) निवासी चर्तुभाई, पुत्र प्रागजी भाई, 2 नवम्बर को साइकिल से 12 ज्योतिर्लिंग एवं चारधाम यात्रा पर निकले हैं। अब तक वे त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर, भीमाशंकर, रामेश्वरम धाम, मल्लिकार्जुन, बाबा बैजनाथ व काशी विश्वनाथ के दर्शन कर केदारनाथ के लिए प्रस्थानरत हैं। यात्रा लगभग आठ माह में पूर्ण होने का लक्ष्य है।लखनऊ गोण्डा मार्ग पर रविवार प्रातः जरवलरोड चौराहे पर भाजपा नेता एवं समाजसेवी ओम प्रकाश अवस्थी से उनकी भेंट हुई। उन्होंने आर्थिक सहायता लेने से इंकार करते हुए केवल एक कप चाय स्वीकार की। उनका संकल्प व संतोष प्रेरणादायक रहा।



समाजसेवी ओमप्रकाश अवस्थी के साथ चर्तुभाई।

### विधायक ने ग्रामीणों समेत सुनी मन की बात

**बहराइच, अमृत विचार।** पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने रविवार को अपनी विधानसभा में ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उनके साथ काफ़ी लोग मौजूद रहे। विधायक श्री त्रिपाठी ने विधानसभा के मंडल पयागपुर ग्राम पंचायत शंभू टिकरी के बूथ संख्या 114 पर काली मिश्र पूरवा में सुना। इस अवसर पर भाजपा सेक्टर संयोजक हरिओम मिश्रा बूथ अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा व देवनारायण मौर्या, ग्राम प्रधान वैद्यनाथ सिंह, पूर्व प्रधान कपीष सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, अजय तिवारी, विनय तिवारी, प्रखर सिंह, भोलेंद्र शुक्ला, विवेक सिंह, महेश सिंह व जय जय राम शुक्ला उपस्थित रहे।



लोगों को संबोधित करते विधायक सुभाष त्रिपाठी।

# मिलकर कार्य करने से स्कूल का कायाकल्प संभव

पयागपुर (बहराइच)



बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि व मौजूद अन्य। अमृत विचार

- संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला को विधायक प्रतिनिधि ने संबोधित किया

**अमृत विचार।** बीआरसी विशेश्वरगंज परिसर में ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जब ग्राम प्रधान और शिक्षक मिलकर कार्य करेंगे, तभी परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प और बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।

खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कमलेश कुमार मिश्र के संयोजन में आयोजित इस कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में नीरज सिंह (गुलरिहा), पवन कुमार पाठक 'पम्मू पाठक' (कान्धभारी), राकेश कुमार शर्मा (खरिहा दपौली), अमित कुमार (गणेशपुर), आशुतोष यादव (सुल्तानपुर), राकेश यादव (ब संत टेपरा) व संसार मणि (नेजाभार) शामिल रहे प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीतने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही बेहतर शिक्षण कार्य के लिए शिक्षिका सुरभि पांडेय, निहारिका मिश्रा, निहारिका दीक्षित, रंजना आंबेडकर व अन्य सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया आगामी 31 मार्च 2026 को अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे उच्च प्राथमिक विद्यालय गुजरा के प्रधान शिक्षक अशोक कुमार मिश्र एवं ननकना देवी को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्र, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आनंद पांडेय, शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, उमाकांत तिवारी, मंत्री अमित मिश्र, शिव शंकर पाठक, राजीव तिवारी, अतुल कुमार मिश्र, विद्या प्रकाश द्विवेदी, घनश्याम शुक्ल, रघुनंदन मिश्रा, उमेश चंद्र द्विवेदी, राम मूर्ति शुक्ल, बछराज मिश्र, जय प्रकाश, प्रभात सिंह व प्रशांत सिंह आदि रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ दिल्ली में हुंकार भरेंगे शिक्षक

संवाददाता, बहराइच/श्रावस्ती

- नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 4 अप्रैल को होगी महारैली

**अमृत विचार।** आगामी 4 अप्रैल को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले विशाल महारैली होगी। इसकी तैयारियों को लेकर बहराइच के लोटस होटल में समीक्षा बैठक हुई। टेट अनिवार्यता के विरोध में रणनीति तैयार की गई।

बैठक में पर्यवेक्षक व प्रांतीय उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष लखनऊ सुधांशु मोहन ने कहा कि सरकार की ओर से थोपी गई टेट की अनिवार्यता अनुभवी शिक्षकों के स्वाभिमान पर चोट है। हम 4 अप्रैल को दिल्ली की सड़कों पर उतरकर अपनी एकजुटता का परिचय देंगे। विशिष्ट अतिथि अजय सिंह व धीरेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक अब चुप नहीं बैठेगा, जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा। समीक्षा बैठक में श्रावस्ती के पदाधिकारियों ने टेट अनिवार्यता के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया। जिलाध्यक्ष विनय पांडेय ने कहा कि दशकों से शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षकों को अब पात्रता की कसौटी पर कसना सरासर अन्याय है। हम इस काले कानून को वापस कराकर ही दम लेंगे। जिला मंत्री सत्य प्रकाश वर्मा ने कहा कि टेट अनिवार्यता शिक्षकों के भविष्य को अंधकार में धकेलने की साजिश है, जिसे श्रावस्ती का एक-एक शिक्षक दिल्ली पहुंचकर विफल करेगा वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारी वरिष्ठता और अनुभव ही हमारी पात्रता है, कागजी परीक्षाओं के जाल में शिक्षकों का शोषण अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में हरीश कुमार, दिवाकर प्रताप सिंह, अंकित श्रीवास्तव, सुनील दत्त शुक्ला, अनूप श्रीवास्तव, जनार्दन यादव सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

### निकाली गई द्वितीय खाटू श्याम निशान यात्रा

**कानीबोझी (श्रावस्ती), अमृत विचार।** हरिहरपुररानी ब्लाक मुख्यालय भंगहा बाजार में रविवार को शिव मंदिर से भंगहा बाजार होते हुए प्रहलादा खाटू श्याम मंदिर प्रहलादा तक द्वितीय खाटू श्याम निशान यात्रा निकाली गई। इसमें महिला व बच्चों सहित सैकड़ों की संख्या में श्याम प्रेमी शामिल हुए। लोग अपने हाथों में निशान लेकर गाजे बाजे व डीजे के साथ पैदल खाटू श्याम मंदिर प्रहलादा पहुंचे। इस दौरान खाटू श्याम के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।



खाटू श्याम निशान यात्रा निकालते भक्त।

### एएसपी ने मल्हीपुर थाने का किया निरीक्षण

**मल्हीपुर (श्रावस्ती), अमृत विचार।** मल्हीपुर थाने का शनिवार को एएसपी ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाने पर पुलिस की कार्यप्रणाली जांचने के साथ ही अभिलेखों व शस्त्रागार की गहन समीक्षा किया। मल्हीपुर थाना पहुंचे एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम को सम्मान गार्द की ओर से सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने थाना कार्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों का गहनता से जांच किया। साथ ही उनके रखरखाव की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्टर नंबर-8, अपराध रजिस्टर, एक्टिव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, बीपीओ रजिस्टर, शस्त्र सत्यापन रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, प्रार्थना पत्र एवं न्यायालय ऑर्डर बुक सहित विभिन्न अभिलेखों सहित त्योहार रजिस्टर की जांच की। एएसपी ने बंदीगृह, शस्त्रागार, मालखाना, आरक्षी बैरक एवं भोजनालय का भी निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को अपने कार्यस्थल को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने की हिदायत दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर महेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



मल्हीपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण करते एएसपी।

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**गिलौला (श्रावस्ती), अमृत विचार।** हड़िल्ला गांव में शनिवार देर शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची गिलौला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम हड़िल्ला निवासी विलास ने बताया कि उसके पुत्र प्रभूदयाल का विवाह एक वर्ष पूर्व बहराइच जिले के थाना पयागपुर क्षेत्र के ग्राम गोसाई पुरवा निवासी वंदना (22) से हुई थी। प्रभूदयाल कुछ माह पूर्व मजदूरी करने पंजाब चला गया था। घर पर वह और उसकी बहू वंदना ही रहते हैं। शनिवार देर शाम जब वह घर पहुंचा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखने पर देखा की वंदना छत के कुंडे से साड़ी के फंदे के सहारे लटक रही थी। इस पर उसने आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची गिलौला पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। वहीं थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

गुहार

**ग्रामीणों ने डीएम से की बदहाल आंगनबाड़ी केंद्र भवन की समस्या से निजात दिलाने की मांग**

# साहब इस पर भी दीजिए ध्यान, तो बच्चे व गर्भधात्री न हों परेशान

मल्हीपुर (श्रावस्ती)



लम्बुइया गांव में बना आंगनबाड़ी केंद्र भवन हो गया बदहाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** देवरनिया के मजरा लम्बुइया गांव में बना आंगनबाड़ी केंद्र भवन बदहाल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसकी मरम्मत करा दिया जाए तो गांव के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को काफी सहूलियत मिलने लगेगी।

जमुनहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरनिया के मजरा लम्बुइया गांव में बने आंगनबाड़ी केंद्र के भवन पर जर्जर भवन का सांकेतिक लाल चिन्ह लगा दिया गया है। देखा जाए तो इसकी दीवार अभी सही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भवन का छत तोड़कर नया छत डलवा दिया जाए तो आंगनबाड़ी भवन दोबारा चालू हो जाएगा। इससे गर्भवती व धात्री महिलाओं सहित बच्चों को काफी सहूलियत होगी। यहां आंगनबाड़ी कार्यकत्री को मिली एलसीडी से बच्चों को सीखने का मौका भी मिलता। ग्रामीणों का कहना है कि लंबुइया व सुबरातीपुरवा के बगल छेदी पुरवा प्राथमिक विद्यालय भवन में दोनों आंगनबाड़ी कार्यकत्री बैठने लगे तो दोनों गांव की महिलाओं व बच्चों को सरकार के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ मिलने लगे। ऐसे में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### जांच कराकर राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की मांग

**बदला (श्रावस्ती), अमृत विचार।** जमुनहा के ग्राम खजुरी के मजरा इटहिया निवासी रागिनी पत्नी दाताराम ने एसडीएम जमुनहा को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। इसमें पीड़िता ने कहा है कि पीड़िता का राशन कार्ड बना था। जिसमें परिवार के लोगों का नाम जुड़ा था। पीड़िता विगत कई वर्ष से गल्ला पा रही थी। उससे पीड़िता की जीविका चल रही थी। अब पीड़िता का नाम राशन कार्ड से काट दिया गया है। इसमे पीड़िता काफी परेशान है। जिला पूरआति अध्रीकिरी कार्यालय में पता चला कि मेरे नाम से चार पहिया वाहन चल रहा है। जबकि पीड़िता के पास कोई वाहन नहीं है। ऐसे में पीड़िता ने एसडीएम ने जांच कराकर परिवार का नाम राशन कार्ड में पुनः जोड़ने की मांग की है।

### कब्रों के पुनर्निर्माण के लिए राष्ट्रपति को भेजा पत्र

**बदला (श्रावस्ती), अमृत विचार।** जमुनहा के नासिरगंज स्थित अंजुमन हुसैनिया की ओर से राष्ट्रपति को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने जन्नतुल बक़ी (मदीना, सऊदी अरब) में जनाबे फातिमा जहरा एवं अन्य पवित्र कब्रों के पुनर्निर्माण की मांग की है। राष्ट्रपति को भेजे पत्र में कहा है कि सऊदी अरब के पवित्र नगर मदीना में स्थित जन्नतुल बक़ी कब्रिस्तान इस्लाम धर्मावलंबियों की आस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां हमारे प्यारे नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की पुत्री जनाबे फातिमा ज़हरा सहित अनेक पवित्र हस्तियों की कब्रें मौजूद हैं। विगत वर्षों में सऊदी शासन की ओर से इन पवित्र कब्रों के ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। इससे विश्व भर के मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। यह विषय करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। ऐसे में भारत सरकार के माध्यम से सऊदी सरकार से इस विषय पर वार्ता कर जनाबे फातिमा ज़हरा एवं अन्य पवित्र कब्रों के पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक पहल की जाए। यदि सऊदी सरकार स्वयं इस कार्य को करने में असमर्थ है, तो भारतीय मुसलमानों को यह अवसर प्रदान किया जाए कि वह अपने स्तर पर इस पवित्र कार्य को संपन्न कर सकें। हमारे धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए इस विषय पर सकारात्मक कदम उठाया जाए।

# अमृत विचार

सोमवार, 30 मार्च 2026




हमेशा सही काम करो, इससे कुछ लोग प्रसन्न होंगे और बाकी लोग आश्चर्यचकित रह जाएंगे।
-मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक



## उपलब्धि की उड़ान

उत्तर प्रदेश के जेवर में निर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ केवल एक अवसंरचनात्मक उपलब्धि के साथ ही 'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना का सशक्त उद्घोष है। लगभग 11,200 करोड़ रुपये की लागत से बना यह हवाई अड्डा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दबाव को कम करते हुए उत्तर भारत के एक नए एविएशन हब के रूप में उभरने की क्षमता रखता है। यह परियोजना 'विकसित भारत–2047' के लक्ष्य के अनुरूप है, जहां क्षेत्रीय संतुलित विकास, लॉजिस्टिक्स दक्षता और वैश्विक कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जा रही है।

उत्तर प्रदेश में पहले से लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, आगरा, बरेली, हिंडन जैसे सक्रिय हवाई अड्डे हैं। छोटे-बड़े मिलाकर प्रदेश में एक दर्जन से अधिक सक्रिय एयरपोर्ट हो चुके हैं, जबकि कुछ हवाई पट्टियों से उड़ानें सीमित या अस्थायी रूप से बंद भी रही हैं, जिनका पुनरुद्धार 'उड़ान योजना' के तहत किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट का कार्गो टर्मिनल विशेष महत्व रखता है। इसके संचालन से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ के उद्योगों, कृषि-उत्पादों और ई-कॉमर्स को वैश्विक बाजार तक तेज पहुंच मिलेगी। यदि उद्घाटन के पहले आवश्यक सुरक्षा और परिचालन मंजूरियां पूरी हो जातीं हैं, तो कार्गो ढुलाई शीघ्र शुरू हो सकती थी, अब इसमें कुछ समय लगेगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की मंजूरी अनिवार्य है। इसके बिना न तो नियमित टिकट बुकिंग शुरू हो सकती है और न ही पूर्ण पैमाने पर कार्गो संचालन। इन प्रक्रियाओं से पहले हुए उद्घाटन को पूर्ण संचालन की शुरुआत अथवा लोकार्पण के बजाए 'राजनीतिक-संकेतात्मक' उद्घाटन कहना बहुत अनुचित नहीं। 40 एकड़ में प्रस्तावित मेंटीनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल सुविधा इस परियोजना की सबसे दूरगामी उपलब्धियों में से एक है। भारत अब तक विमान रखरखाव के लिए विदेशों पर निर्भर रहा है। यह केंद्र उत्तर प्रदेश को एविएशन सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा, रोजगार सृजित करेगा और विदेशी मुद्रा की बचत भी करेगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती कनेक्टिविटी है। दिल्ली से मात्र 70 किमी दूरी के बावजूद यदि यात्री को महंगे टैक्सी किराए पर निर्भर रहना पड़े, तो 'हवाई चप्पल वाले' आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। फिलहाल मेट्रो विस्तार, रैपिड रेल, एक्सप्रेसवे बस सेवाएं और रेलवे लिंक प्रस्तावित हैं, लेकिन ये कब पूरी होंगी, अनुमान लगाना मुश्किल है। फिर भी, इस उपलब्धि को कम करके नहीं आंका जा सकता।

यह एयरपोर्ट न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि पर्यटन, उद्योग, लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षेत्र में व्यापक आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जो पहले दिल्ली पर निर्भर था, अब स्वयं एक आर्थिक केंद्र के रूप में उभर सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'उत्तम प्रदेश' की परिकल्पना में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, परंतु असली परीक्षा अब शुरू होती है, कनेक्टिविटी को किफायती बनाना, मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट को जोड़ना और संचालन को पारदर्शी व कुशल बनाना।

### प्रसंगवश

## बातें बची हैं, पर बातचीत क्यों खत्म हो रही है!

आज हमारे पास शब्दों की कोई कमी नहीं है, कमी है उस सच्चाई, उस गहराई और उस आत्मीय स्पर्श की, जो शब्दों को साधारण 'बात' से उठाकर सच्ची बातचीत में बदल देता है। हम दिन भर अनगिनत लोगों से बात करते हैं, संदेशों का आदान-प्रदान करते हैं, प्रतिक्रियाएं देते हैं, फिर भी जब रात की खामोशी उतरती है, तो भीतर एक अजीब-सा खालीपन रह जाता है। यह खालीपन यूं ही नहीं जन्म लेता, यह इस बात का साक्षी है कि 'बातें' तो बहुत हुईं, पर 'बातचीत' कहीं खो गई, क्योंकि बातचीत केवल शब्दों का मेल नहीं, बल्कि दो मनों, दो भावनाओं और दो आत्माओं का सच्चा जुड़ाव है और जब यह जुड़ाव नहीं बनता, तो शब्द केवल शोर बनकर रह जाते हैं। आज बातचीत के खत्म होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हमने उसे एक औपचारिकता, एक आदत और एक रूटीन बना दिया है। 'क्या हाल है?', 'सब ठीक?', 'खाना खाया?'— ये सवाल जरूरी जरूर हैं, लेकिन ये रिश्तों में जीवन नहीं भरते, ये सिर्फ उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। असली बातचीत तब जन्म लेती है, जब हम सतह से नीचे उतरते हैं, जब हम सच में जानना चाहते हैं कि सामने वाला कैसा है, उसके भीतर क्या चल रहा है, कौन-सी बातें उसे चुप कर रही हैं और सबसे जरूरी, जब हम इन सवालों के जवाब सुनने के लिए ठहरते हैं, बिना जल्दबाजी, बिना औपचारिकता, पूरी संवेदनशीलता के साथ।



कृति जैन
लेखिका

हमारी सबसे बड़ी कमी यही है कि हम सुनना भूल गए हैं। हम सिर्फ जवाब देने के लिए इंतज़ार करते हैं। जब कोई अपनी बात कह रहा होता है, तब हमारा ध्यान उसकी भावनाओं पर नहीं, बल्कि अपने अगले शब्दों पर होता है। यही कारण है कि सामने वाला सुना हुआ नहीं, बल्कि अनदेखा और अनसुना महसूस करता है। यही अनदेखापन धीरे-धीरे एक गहरी दूरी में बदल जाता है, जो बिना शोर किए रिश्तों को कमजोर कर देता है और अंततः बातचीत को खत्म कर देता है। शायद अब समय आ गया है कि हम फिर से सीखें, कम बोलना नहीं, बल्कि सच में सुनना और दिल से जुड़ना।

डर और असुरक्षा भी बातचीत को गहराई तक पहुंचने से रोक देते हैं। हम अपनी सच्ची भावनाओं, अपने भीतर छिपे सच और अपनी नाज़ुक संवेदनाओं को व्यक्त करने से कतराते हैं। कहीं हमें गलत न समझ लिया जाए, कहीं हमारी कमजोरी उजागर न हो जाए, कहीं हमारी छवि टूट न जाए, इसलिए हम सुरक्षित शब्दों का सहारा लेते हैं, सतही बातें करते हैं और अपने असली भावों को भीतर ही दबाए रखते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जहां जोखिम नहीं होता, वहां सच्ची गहराई भी नहीं होती। बातचीत तब जीवंत और अर्थपूर्ण बनती है, जब हम अपने भीतर की सच्चाई को, अपनी अपूर्णताओं और असहजताओं के साथ, साहसपूर्वक सामने रखने का हौसला करते हैं।

तकनीक ने बातचीत को तेज़, सुविधाजनक और हर पल उपलब्ध जरूर बना दिया है, लेकिन उसे गहराई और संवेदनशीलता नहीं दे पाई। टेक्स्ट, इमोजी और छोटे-छोटे संदेशों ने भावनाओं को सीमित और संक्षिप्त कर दिया है। हम तुरंत जवाब तो दे देते हैं, लेकिन उन शब्दों को महसूस करने, उन्हें समझने और उनके पीछे छिपे भावों को पकड़ने का समय नहीं लेते, जबकि सच्ची बातचीत को समय चाहिए, ठहराव चाहिए, और एक ऐसा धैर्य चाहिए जिसमें शब्दों के बीच की खामोशी भी सुनी जा सके। जब हर चीज़ जल्दबाज़ी में हो, तो बातचीत भी उसी जल्दबाज़ी की शिकार हो जाती है और यही कारण है कि आज हम एक-दूसरे से जुड़े तो हैं, लेकिन वास्तव में समझे नहीं जाते।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# ओली की गिरफ्तारी से सवालों के घेरे में बालेन सरकार





यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है, लेकिन इसकी जो टाइमिंग है, वह बालेन सरकार पर सवाल खड़े करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है, तो कोई हिंदू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है, यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका-आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरीयता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है, उससे ऐसा लगता है, अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है।

शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता, तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे, रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी, क्योंकि जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच के लिए गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है।

> नेपाल में सत्ता परिवर्तन का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, जनता ने ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं सोचा था। राजनीति में 'बदले की भावना' भी एक अध्याय है, लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार करना ठीक था।

सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है, ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े-बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों-करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा-दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है, जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की। नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए।

नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृह मंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद, जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ, सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी-बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए।

जिन आरोपों में ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामे को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया, तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे-अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग-अलग हैं, वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं। बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही, तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक-एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग-अलग मत उभर कर सामने आए हैं।

बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा, क्योंकि फिर उन्हें कानून-व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा। ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृह मंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है।

एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृह मंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग (जो अब गृह मंत्री हैं) ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांतिपूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी, फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही।

आयोग ने रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है। उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है, हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है। यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है।


(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



हमारे प्रदेश में (पीएम) मेहमान बनकर आए हैं, हम उनको मेहमान मानकर ही सम्मान सहित विदा करेंगे। जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता है। उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। सादर विदाई!
-अखिलेश यादव
सपा प्रमुख

प्रधानमंत्री को 'मेहमान' बताने वालों, कान खोलकर सुन लो, उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता का हर घर उनका अपना घर है। मेहमान तो वो हैं, जो पांच साल में एक बार चुनाव देखकर एसी कमरों से बाहर निकलते हैं और हार दिखने पर संस्कारों का रोना रोते हैं।
-पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा



# महिला आरक्षण विधेयक में बदलाव की तैयारी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में जुट गई है। संसद के दोनों सदनों से पारित इस विधेयक के प्रारूप में परिसीमन की शर्त को विलोपित कर सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही महिलाओं को आरक्षण देने की है। परिसीमन की शर्त के साथ इस प्रावधान को लागू करना 2029 से पहले संभव नहीं है। इस विधेयक में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए संसद और विधानसभा की सीटें आरक्षित करना जरूरी है। सरकार चालू सत्र में संविधान संशोधन विधेयक कैबिनेट से पास कराकर संसद में पेश कर सकती है। यह सत्र दो अप्रैल तक ही है, इसलिए गृह मंत्री जरूरी बहुमत के लिए विपक्षी दलों से सहमति बनाने में जुट गए हैं।

केंद्र सरकार ने देश की आधी आबादी का अभिनंदन करते हुए सितंबर 2023 में 128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया था। लोकसभा में 27 साल से यह विधेयक लंबित था। इस विधेयक के पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय कर दी गई है। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें आरक्षित हो गई हैं। इन सीटों पर महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ सकेंगी। यह आरक्षण की सुविधा 15 वर्ष के लिए तय की गई है, लेकिन मांग के अनुसार इसे बढ़ाया भी जा सकता है। देश में इस समय करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं।

> महिला आरक्षण अधिनियम में केंद्र बड़े संवैधानिक बदलाव की तैयारी में है। सरकार की इच्छा लोकसभा और विधानसभाओं में 2027 से ही आरक्षण देने की है।

तकरीबन 27 साल पहले महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रारूप संयुक्त मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान गीता मुखर्जी ने तैयार किया था, लेकिन अक्सर इस विधेयक को लोकसभा सत्र के दौरान अंतिम दिनों में पटल पर रखा गया। इससे यह संदेह हमेशा बना रहा कि एचडी देवगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारें गठबंधन के दबाव और राजनीतिक असहमतियों के चलते ठोस इच्छा शक्ति नहीं जता पाईं थीं।

नौ मार्च 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने जरूर इस विधेयक को राज्यसभा में पेश कर पास करा लिया था, लेकिन मनमोहन सिंह इसे लोकसभा से पारित नहीं करा पाए थे, जबकि उनके पास लोकसभा में स्पष्ट बहुमत था। इस सरकार को अपने ही सहयोगी दलों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। सहयोगी गठबंधन के सांसदों ने पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, इस विधेयक को अटका दिया था। यहां तक कि समर्थक दलों ने कांग्रेस को समर्थन वापसी की धमकी भी दे दी थी, हालांकि प्रजातंत्र में तार्किक असहमतियां, संवैधानिक अधिकारों व मूल्यों को मजबूत करने का काम करती हैं, लेकिन असहमतियां जब मुट्ठीभर सांसदों की अतार्किक हठधर्मिता का पर्याय बन जाएं, तो ये संसद की गरिमा और सदन की शक्ति को ठेंगा दिखाने वाली साबित होती हैं।

उस समय विधेयक से असहमत दलों की प्रमुख मांग थी, '33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को विधानमंडलों में आरक्षण का प्रावधान रखा जाए,' जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में पिछड़े वर्ग की महिलाओं को लाभ कैसे संभव है? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है? अब ऐसी जानकारी मिल रही है कि 33 प्रतिशत आरक्षित सीटों के अलावा अनारक्षित सीटों पर भी महिलाओं की उम्मीदवारी को प्राथमिकता देने का प्रावधान जोड़ दिया जाएगा। इससे एक तो संसद में महिलाओं की कुल हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से बढ़कर करीब 40 फीसदी हो जाएगी।

हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी। स्त्रीजन्य विषमताएं और भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। फिलहाल लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17 प्रतिशत है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल 9 फीसदी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## इलाहाबाद की स्मृतियां

इलाहाबाद लंबे समय तक साहित्य के केंद्र में था। छायावाद के तीन प्रमुख स्तंभ पंत, महादेवी और निराला की कर्मभूमि यदि इलाहाबाद था तो फ़िराक़, बच्चन, धर्मवीर भारती, कमलेश्वर, भैरव प्रसाद गुप्त, मार्कंडेय, अमरकांत, शेखर जोशी, दूधनाथ सिंह, ज्ञान रंजन, नरेश मेहता, सतीश जमाली, रविंद्र कालिया... यह फेहरिस्त बहुत लंबी है। खुशी और उत्साह के इस माहौल में पिछले दिनों अचानक मुझे इलाहाबाद से संबंधित एक किताब 'इलाहाबाद पैसेंजर' (उपन्यास) पढ़ने का अवसर मिला।



प्रतुल जोशी
स्वतंत्र लेखन

युवा लेखक संजीव राय ने अपने इस पहले उपन्यास के माध्यम से पिछली सदी के 8वें दशक के इलाहाबाद को बेहद कलात्मकता, मांसलता और सजीवता के साथ चित्रित किया है। उपन्यास की भावभूमि इलाहाबाद विश्वविद्यालय है। 'पूरब का ऑक्सफोर्ड' कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की विशेषता रही है कि यहां इलाहाबाद के आस-पास के ज़िलों से बड़ी संख्या में छात्र विद्याध्ययन के लिए आते रहे हैं। साथ ही अखिल भारतीय सेवाओं से लेकर प्रांतीय सेवाओं की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इलाहाबाद के वातावरण को बेहद अनुकूल माना जाता रहा था।

'इलाहाबाद पैसेंजर' का मुख्य किरदार हरिप्रताप (एचपी) है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया ज़िले से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ने आया है। 1988 में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित हरिप्रसाद 18-19 साल का नवयुवक है। उपन्यास की भूमिका में संजीव राय लिखते हैं (यात्रा की पृष्ठभूमि) 'एचपी की अपनी जीवन यात्रा में एक से एक बकलोल, बड़े बड़े बकैत और भौकाली लोग आते हैं, जिनमें से कुछ अपने सपनों को साकार करते हैं, तो कुछ टूटे सपनों के साथ कई साल इलाहाबाद में रहने के बाद घर वापस चले जाते हैं, इस सबके बीच जिन कुछ दोस्तों को प्यार हुआ, जिन कुछ का दिल टूटा, उनको भी इन कहानियों में सहज रूप से जगह मिली है।

हॉस्टल और लल्ला चुंगी के अलावा एचपी का संसार यूनिवर्सिटी रोड की पान- चाय की टपरी, ममफोर्डगंज, कटरा में किसी दोस्त के कमरे पर अंडा करी-चावल का निमंत्रण, लक्ष्मी टॉकीज में रात के शो में फ़्री की फ़िल्म और कभी कभार सिविल लाइंस घूमने तक सीमित है। एचपी के साथ वाले कुछ आईएएस और पीसीएस में सेलेक्ट हो गए, कुछ के घर से जब पैसे आने बंद हो गए तो वे छात्र राजनीति में उतर आए और कुछ हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने लगे।

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## गैस संकट से निपटने को ठोस उपायों की जरूरत

खाड़ी देशों में चल रहे तनाव की वजह से उपजे गैस संकट ने रसोई के बजट और ऊर्जा सुरक्षा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सबसे बड़ी चुनौती स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा। दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 फीसदी हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50 फीसदी कच्चा तेल और 54 फीसदी एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार है, जिसका उपयोग खाना पकाने के लिए किया जाता है।

गैस-तेल संकट पर पीएम मोदी ने संसद में कहा कि सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशील भी है, सतर्क भी है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सिलेंडर की डिलीवरी में देरी हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। देशभर में सिलेंडर की कमी दिख रही है। खान-पान का कारोबार सीधे तौर पर प्रभावित हुआ है। इन सबके बीच एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को लेकर एक बार फिर बड़ा बदलाव किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, अब जिनके यहां दो एलपीजी सिलेंडर हैं, उन्हें 35 दिन बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग दी जाएगी, हालांकि सिंगल सिलेंडर वालों के लिए बुकिंग की अवधि फिलहाल 25 दिन ही रहेगी। इसके अलावा, उज्जवला योजना वाले उपभोक्ताओं की 45 दिन बाद बुकिंग स्वीकार की जाएगी। कॉमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति शासन के आदेशानुसार सिर्फ आपात सेवाओं और शिक्षण संस्थानों के लिए की जा रही है।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो 2014 तक देश में केवल 14 करोड़ एलपीजी कनेक्शन थे, जो अब दोगुने से भी अधिक बढ़कर 33 करोड़ हो गए हैं। भारत सरकार ने 'उज्ज्वला' या 'प्रकाश' स्वच्छ ऊर्जा योजना को बढ़ावा दिया है, जिसके तहत गरीब परिवारों को 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। बढ़ती जरूरतों के लिहाज से पिछले एक दशक में सरकार ने एलपीजी बॉटलिंग क्षमता को दोगुना कर दिया है, जबकि वितरण केंद्रों की संख्या 13,000 से बढ़कर 25,000 हो गई है।

भारत ने पिछले 11 साल में अपनी क्रूड ऑयल इंपोर्ट का डाइवर्सिफिकेशन किया है। पहले 27 देशों से एनर्जी इम्पोर्ट होता था, आज 41 देशों से इम्पोर्ट हो रहा है। वैश्विक संकट के आर्थिक असर को देखते हुए पीएम मोदी ने राज्यसभा में बताया कि भारत सरकार ने सात नए एंपावर्ड ग्रुप्स का गठन किया है। ये ग्रुप पेट्रोल, डीजल, गैस और सप्लाई चेन जैसी चुनौतियों पर 24 घंटे नजर रखेंगे। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देश भर में लगातार छापेमारी की जा रही है। भारत में रसोई गैस सिलेंडर की समस्या आज की नहीं है। पहले की सरकारों के समय भी यह समस्या रही है। इस समस्या की मूल वजह है, सरकार के पास गैस भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था न होना। चूंकि गैस का भंडारण महंगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार आपूर्ति पर ही निर्भर बनाए रखा। मौजूदा सरकार ने भी गैस के भंडारण की समुचित व्यवस्था करने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किए। भारत में हर दिन 80 हजार टन एलजीपी की आवश्यकता है परन्तु भारत की भंडारण क्षमता सिर्फ डेढ़ लाख टन है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



**कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच इलेक्ट्रिक वाहन अब विकल्प से आगे बढ़कर बन रहे भविष्य की जरूरत बन रहे हैं। ईरान युद्ध के कारण मार्च माह में अब तक इलेक्ट्रिक कारों और दोपहिया वाहनों की बिक्री में दर्ज किया गया है बड़ा उछाल**

## ईंधन की महंगाई के डर ने ईवी की मांग बढ़ाई

पश्चिम एशिया में एक माह से ज्यादा समय से जारी अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष ने वैश्विक तेल बाजार और ऑटोमोबाइल उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और हॉर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से दुनिया भर में गहराते पेट्रोल-डीजल तथा गैस के संकट को देखते हुए लोगों की मांग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की तरफ मुड़ती नजर आ रही है। भविष्य में ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ने की आशंका के कारण उपभोक्ता पेट्रोल-डीजल या सीएनजी कारों का मोह छोड़कर इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि देश में पेट्रोल-डीजल या सीएनजी की खुदरा कीमतें नहीं बढ़ी हैं, लेकिन लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में दाम बढ़ाए जा सकते हैं। उनकी इस आशंका की झलक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और कार डीलरों से मिल रही है। बीते 15 दिनों में नई ईवी के लिए पूछताछ में 30 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई है। आटो सेक्टर विशेषज्ञ भी मौजूदा हालात में ईवी और प्लग-इन हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक वाहनों (पीएचईवी) के साथ इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहनों की मांग बढ़ने से इंकार नहीं कर रहे हैं।



**30%**
नई ईवी की मांग में और पुरानी ईवी की मांग में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है।

**1.38**
लाख यूनिट्स हो चुकी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री मार्च माह में

**20%**
की वृद्धि हुई है इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए होम चार्जर की मांग में

**2025**
में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे देश में

**80%**

### बैटरी चार्ज करें, फास्ट चार्जिंग जरूरत पर ही अपनाएं

- इलेक्ट्रिक वाहन में सबसे जरूरी पार्ट उसकी बैटरी होती है। कई कार कंपनियां ईवी की बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी देती हैं। इससे बड़ी खराबी आने पर परेशान होने की जरूरत नहीं होती है। लेकिन, फिर भी कुछ छोटी-मोटी बातों का ध्यान रखकर ग्राहक बैटरी की क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं। जैसे कार की बैटरी को हर समय 100 फीसदी चार्ज रखना जरूरी नहीं है। स्मार्ट फोन की तरह ही इसे आप 80 फीसदी तक चार्ज रख सकते हैं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि बैटरी पूरी तरह डिस्चार्ज न होने पाए। 20 फीसदी से कम चार्जिंग होते ही बैटरी को चार्जर से कनेक्ट कर दें।
- कई इलेक्ट्रिक कारों में फास्ट चार्जिंग की सुविधा होती है, जिससे उन्हें आधा या पौन घंटे में ही चार्ज किया जा सकता है, जबकि साधारण चार्जर से कार को फुल चार्ज करने में सात घंटे का समय लगता है। फास्ट चार्जिंग की सुविधा अच्छी है लेकिन, इसका इस्तेमाल हमेशा नहीं करना चाहिए। फास्ट चार्जिंग में बैटरी को कम समय में बहुत ज्यादा पावर दी जाती है, जिससे हीट जेनरेट होती है और यह हीट समय के साथ बैटरी की क्षमता को प्रभावित करती है। ऐसे में समय नहीं हो और लंबी यात्रा पर जाना हो, तभी फास्ट चार्जर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### ईवी कंपनियां जल्द ला सकती बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल

- ईवी निर्माता कंपनियों ने भी लोगों का रुझान देखते हुए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इसमें बैटरी-एज-ए-सर्विस मॉडल को अपनाने की बात कही जा रही है, जिसमें ग्राहक को बैटरी की पूरी कीमत एक साथ नहीं देनी होगी। इस कदम से ईवी खरीदना पेट्रोल कार जितना सस्ता हो जाएगा। सरकार भी युद्ध की स्थिति को देखते हुए देश में ही बैटरी सेल बनाने पर अधिक जोर दे रही है ताकि बाहरी देशों पर निर्भरता कम की जा सके। वैसे भी भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक सभी नए वाहनों की बिक्री का कम से कम 30 फीसदी हिस्सा ईवी हो, ऐसे में वर्तमान संकट इस बदलाव को और गति देगा, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### 23 दिन में 11 हजार इलेक्ट्रिक कारों की ब्रिकी

- कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता के कारण मार्च माह के 23 दिनों में ही इलेक्ट्रिक वाहनों का पंजीकरण पिछले साल के मार्च माह के कुल आंकड़ों का 90 फीसदी से अधिक हो चुका है। आंकड़ों के अनुसार 11 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक कारों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, साल 2025 के मार्च माह में कुल 12,356 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई थी। इसी अवधि में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की बिक्री करीब 1.38 लाख यूनिट्स हो चुकी है, जो पिछले साल इसी महीने में कुल बिक्री 1.31 लाख से काफी अधिक है।

### पिछले साल से 20% उछाल का अनुमान

- पुरानी कारों का कारोबार करने वालों की मानें तो युद्ध के कारण कार खरीदने का ट्रेंड भी बदलता नजर आ रहा है। बाजार में यूज्ड ईवी के लिए पूछताछ और मांग बढ़ गई है। युद्ध और लंबा खिंचता है, तो यह बदलाव आने वाले समय में और रफ्तार पकड़ सकता है। ऑटो बाजार के आंकड़ों के मुताबिक देश में साल 2025 में लगभग 13 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बिके थे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 फीसदी से अधिक की वृद्धि थी। यदि खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ती हैं, तो इस वर्ष यह वृद्धि दर 20 फीसदी से अधिक रहने की उम्मीद लगाई जा रही है।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर


## काम की बात

### ड्राइविंग टिप्स



- यू-टर्न लेते समय हमेशा पहले गियर का इस्तेमाल करें। मुड़ने से पहले गाड़ी को थोड़ा बाईं ओर (सफेद पट्टी के पास) ले जाएं ताकि मुड़ने के लिए पर्याप्त जगह मिल सके। इसी तरह टर्न सिग्नल्स पर मुड़ने से पहले हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें और शीशों में पीछे से आने वाले वाहनों को देखें। हाईवे पर अपनी लेन में रहें और ओवरटेक करते समय सावधानी बरतें। लंबी यात्रा के दौरान हर तीन घंटे में ब्रेक जरूर लें।

### क्लच पैडल की सेटिंग



- अगर क्लच पैडल की हाइट और फ्री प्ले सही नहीं है तो कई तरह की समस्याएं हो सकती है, जैसे क्लच स्लिप होना, गियर बदलने में दिक्कत आना, इंजन पर एक्स्ट्रा दबाव और क्लच प्लेट और अन्य पार्ट्स जल्दी खराब होना। इन समस्याओं को नजरअंदाज करने पर क्लच पूरी तरह खराब हो सकता है। क्लच की लाइफ बढ़ाने के लिए बेवजह क्लच पर पैर रखकर न चलाएं, ब्रेक लगाते समय हर बार क्लच न दबाएं, सिग्नल पर गाड़ी न्यूट्रल में रखें। चढ़ाई पर क्लच की बजाय हैंड ब्रेक का इस्तेमाल करें।

### इस तरह रखें ख्याल



- गर्मियों में कार को कोशिश करें कि कवर्ड पार्किंग, पेड़ या बिल्डिंग की छाया में खड़ी करें। इससे कार का केबिन ज्यादा गर्म नहीं होगा। इसी तरह धूप में तपती कार में बैठते ही तुरंत एसी न चलाएं। पहले विंडो नीचे करें या डोर खोलकर एक मिनट रुकें, ताकि अंदर की गर्मी बाहर निकल जाए, इसके बाद एसी चालू करके उसे धीरे-धीरे बढ़ाएं। इसी तरह कार की विंडो पर सनशेड भी लगाकर बाहर की गर्मी रोक सकते हैं।

### गर्मियों में कार मेंटेनेंस



- कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें। डैशबोर्ड को ढकें, और इंजन को ठंडा रखने के लिए सही कूलेंट का इस्तेमाल करें। इंजन को ओवरहीटिंग और पेंट को खराब होने से बचाएं।कूलेंट स्तर, बैटरी, टायर प्रेशर और एसी की जांच नियमित रूप से करें।

## रॉयल एनफील्ड की नई गुरिल्ला-450 स्मार्ट और स्पोर्टी

मिडसाइज मोटरसाइकल सेगमेंट में दुनिया की नंबर एक कंपनी रॉयल एनफील्ड ने देश में अपनी नई गुरिल्ला-450 लॉन्च कर दी है। यह अपडेटेड मॉडल बाइक हिमालयन 450 वाले दमदार प्लेटफॉर्म पर आधारित है, लेकिन इसे सड़क पर तेज और आरामदायक राइडिंग के लिए डिजाइन किया गया है। कंपनी ने ग्राहकों के फीडबैक को ध्यान में रखते हुए इसमें कई सुधार करके इस बाइक को पहले से ज्यादा आधुनिक बना दिया है। नया मॉडल ज्यादा अग्रेसिव लुक और बेहतर टायरों के साथ नई खूबियों से लैस है। इसमें पीछे की सीट पर एक सीट काउल दिया गया है, जिसे हटाकर आप पीछे सवारी बैठा सकते हैं। इस बार कंपनी ने लाइनअप में एक नया एपेक्स वेरिएंट भी जोड़ा है। यह उन लोगों के लिए है जिन्हें स्पोर्टी लुक और आक्रामक राइडिंग पोजीशन पसंद है। यह खासतौर पर उन युवाओं को आकर्षित करेगा जो शहर के भीतर एक पावरफुल और स्टाइलिश बाइक चलाना चाहते हैं। गुरिल्ला 450 की एक्स-शोरूम कीमत 2.49 लाख रुपये से 2.72 लाख रुपये के बीच रखी गई है। इसे चार मुख्य वेरिएंट्स एनालॉग, डैश, फ्लैश और एपेक्स में पेश किया गया है। बाइक की बुकिंग शुरू हो चुकी है और बिक्री 31 मार्च से शुरू करने के लिए कहा जा रहा है।



## केटीएम 350 ड्यूक और एडवेंचर अगले माह होंगी लॉन्च

आस्ट्रियाई मोटरसाइकिल ब्रांड केटीएम एक बार फिर बाइक बाजार में हलचल मचाने को तैयार है। नई केटीएम 350 ड्यूक और 350 एडवेंचर अगले माह लॉन्च होने वाली है। देश में 350 सीसी इंजन वाली मोटरसाइकिलों की मांग पिछले साल लागू किए गए संशोधित जीएसटी ढांचे के कारण अचानक बढ़ी है। नए कर कानूनों में 350 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों को विलासिता की वस्तु माना जाता है, और उन पर 40 फीसदी कर लगता है, जबकि 350 सीसी या उससे कम इंजन क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर 18 फीसदी कर देय है। केटीएम 390 ड्यूक में 399 सीसी का इंजन लगा होने से यह 40 फीसदी कर के दायरे में आती है। ऐसे में इंजन का डिस्प्लेसमेंट घटाकर 350 सीसी से थोड़ा नीचे लाकर केटीएम ने कर में 22 फीसदी की बचत की है। इससे कंपनी को कीमतों के मामले प्रतिस्पर्धी रुख अपनाने का मौका मिला है। कंपनी का कहना है कि दमदार परफॉर्मेंस बनाए रखकर, लागत कम की है। फिलहाल एक्स शो रूम कीमत 2.60 लाख से 2.80 लाख कर होना संभावित है। कंपनी का दावा है कि पॉवर क्षमता कम होने के बावजूद ये बाइक्स दिखने और चलाने में मौजूदा 390सीसी बाइक्स से काफी मिलती-जुलती होंगी। कंपनी स्टाइल, आक्रामक लुक और दमदार इंजन की खूबियां बरकरार रहने का भरोसा दिला रही है। बस इंजन का आकार थोड़ा छोटा (शॉर्ट स्ट्रोक) होगा, लेकिन केटीएम का मूल अनुभव बरकरार रहेगा। माना जा रहा है कि केटीएम ड्यूक 350 एडवेंचर बाइक प्रेमियों के लिए वह बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है, जिसकी उन्हें जरूरत थी।



## फरारी की सुपर लग्जरी कार ‘849 टेस्टारोसा’

भारत में लग्जरी और सुपरकारों की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए फरारी ने अपनी नई फ्लैगशिप सुपर कार ‘849 टेस्टारोसा’ को देश में लॉन्च कर दिया है। यह कार कंपनी की पॉपुलर सुपरकार एसएफ 90 स्ट्राडेल की जगह लेगी। फरारी 849 टेस्टारोसा परफॉर्मेंस और लग्जरी दोनों मामलों में काफी खास रहने वाली है। इस नई सुपरकार को मॉडर्न टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ शानदार डिजाइन और पावरफुल इंजन के साथ पेश किया गया है। इस कार में 16 इंच का बड़ा डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जिससे ड्राइवर को सारी जरूरी जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके अलावा इसमें 9 इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले भी है। यह सिस्टम वायरलेस एन्ड्रायड ऑटो और एपल कारप्ले को सपोर्ट करता है, जिससे स्मार्टफोन आसानी से कनेक्ट किया जा सकता है। कार में 7 स्पीकर वाला ऑडियो सिस्टम भी दिया गया है, जो बेहतरीन साउंड क्वालिटी का अनुभव कराता है। प्रीमियम इंटीरियर, मॉडर्न डिजाइन और एलईडी हेडलाइट्स जैसे शानदार फीचर्स इस सुपरकार को लग्जरी और टेक्नोलॉजी का बेहतरीन कॉम्बिनेशन बनाते हैं। रफ्तार के मामले यह कार यह सिर्फ 2.3 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 330 किलोमीटर प्रति घंटा है। माना जा रहा है कि फरारी 849 टेस्टारोसा का भारत में मुकाबला लैंबॉर्गिनी रेव्यूल्टो से होगा। फिलहाल फरारी ने अपनी इस कार की एक्स-शोरूम कीमत 10.38 करोड़ रुपये के आसपास रखी है। कार की डिलीवरी अगले दो माह के भीतर शुरू कर दी जाएगी।



## मारुति लाएगी नई मॉडर्न व स्टाइलिश 7-सीटर ई-कार



मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा के बाद अब एक नई 7-सीटर इलेक्ट्रिक कार उतारने की तैयारी में जुट गई है। यह नई मॉडर्न और स्टाइलिश कार MPV सेगमेंट में उतारी जाएगी। कंपनी की योजना साल 2030 तक देश के बाजार में अपने मॉडल्स की संख्या बढ़ाकर बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने की है, जिसमें इलेक्ट्रिक कारों का बड़ा हिस्सा होगा। अपनी नई 7-सीटर ईवी को कंपनी YMC कोडनेम दिया गया है और यह 27पीएल प्लेटफॉर्म पर तैयार की जा रही है। माना जा रहा है कि इस कार में जापान में बिकने वाली सुजुकी स्पेसिया की झलक देखने को मिलेगी। इस नई इलेक्ट्रिक MPV का डिजाइन थोड़ा बॉक्सी हो सकता है, ताकि लोगों को अंदर थोड़ी ज्यादा जगह मिल सके। इसके लिए तीन पंक्तियों में इस तरह सीटिंग दी जाएगी, जिससे 7 लोग आराम से बैठ सकें। इस कार के बारे में जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक चौकोर हेडलाइट्स, बड़ी ब्लैक ग्रिल पर क्रोम फिनिश और बड़ा मजबूत बंपर दिया जाएगा। भले ही इस कार में स्लाइडिंग डोर न दिए जाएं, लेकिन डिजाइन में बलेनो और फ्रांक्स के कुछ फीचर्स देखने को मिल सकते हैं। इस कार में 49kWh और 61kWh बैटरी पैक के विकल्प मिल सकते हैं। छोटी बैटरी के साथ 440 किमी और बड़ी बैटरी के साथ 543 किमी की रेंज मिलने की उम्मीद है। इसमें वही पावरट्रेन इस्तेमाल किया जाएगा जो ई-विटारा में दिया गया है। मारुति की यह कार अगले साल लॉन्च होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## 36 हजार करोड़ से ज्यादा का ऑटो रिक्शा बाजार

कॉम्पैक्ट डिजाइन, संकरी गलियों में सुगमता और कम दूरी की यात्रा में उपयोगिता के कारण ऑटो रिक्शा (थ्री व्हीलर) अब देश के छोटे-छोटे शहरों में परिवहन का महत्वपूर्ण सर्व सुलभ साधन बन चुके हैं। बड़े शहरों में भी यातायात जाम वाले तथा बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंध वाले इलाकों में आवाजाही और माल ढुलाई में ऑटो रिक्शा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के चलते देश में ऑटो रिक्शा का बाजार जो कि साल 2025 में लगभग 36,000 करोड़ रुपये था, इसके 2031 तक 70,000 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इस बढ़ती मांग में मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा की हिस्सेदारी 2030 तक 65-75% तक होने का अनुमान है। बजाज ऑटो इस बाजार का अग्रणी ब्रांड है, जो 60% से अधिक हिस्सेदारी रखता है। इसके बाद महिंद्रा और पियाजियो का स्थान है। पिछले वित्त वर्ष में ऑटो रिक्शा की बिक्री ने करीब 8 लाख यूनिट्स के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया था। इस आंकड़े के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बाजार बन गया है। 2025 में वैश्विक इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर बिक्री में भारत की हिस्सेदारी करीब 60% रही है।



### दुनिया को ‘ऑटो रिक्शा’ शब्द भारत ने दिया

- ऑटो रिक्शा से हर किसी की यादें जुड़ी हैं। दुनिया को ‘ऑटो रिक्शा’ शब्द भारत की ही देन है। वर्ष 1947 में भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली और कई उद्योगपतियों ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम शुरू किया। वर्ष 1948 में फिरोडिया ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को अपना ऑटो-रिक्शा दिखाया। फिरोडिया ने इसके लिए उस समय बछराज ट्रेडिंग कारपोरेशन के के साथ जॉइंट वेंचर बनाया था, बाद में यही कंपनी बजाज ऑटो के नाम से जानी गई। उस समय देश में उत्पादन के लिए लाइसेंस लेना होता था।

## बीएसपीटीसीएल को सूचीबद्ध कराने की योजना

**नयी दिल्ली।** बिहार सरकार अपनी बिजली पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। बिहार के बिजली सचिव मनोज कुमार सिंह ने साक्षात्कार में कहा कि हम अपनी पारेषण कंपनी को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना बना रहे हैं और मर्चेंट बैंकर की नियुक्ति के लिए रुचि पत्र (ईओआई) जारी किया है।



# संकट प्रभावित क्षेत्रों के लिए और राहत पैकेज पर विचार कर रही सरकार

## खासकर लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए ला सकती है और राहत पैकेज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की स्थिति में सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर वर्गों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए और राहत पैकेज ला सकती है।

सूत्रों के अनुसार, सरकार पहले ही पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे कई कदम उठा चुकी है और जरूरत पड़ने पर आगे भी राहत उपाय करने से पीछे नहीं हटेगी। सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल को इस कर से मुक्त कर दिया है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर आम लोगों पर कम पड़े।

साथ ही, देश में उपलब्धता बढ़ाने के लिए डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर फिर से शुल्क लगाया गया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरुआत में कच्चे तेल की कीमत 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो बाद में घटकर करीब 100 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। इससे पहले सरकार ने निर्यातकों को उनकी निर्यात प्रतिबद्धताएं पूरी करने के लिए कुछ रियायतें दी थीं।

पश्चिम एशिया संकट के बाद से कारोबारी समुदाय की दिक्कतें बढ़ी हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा कि मौजूदा हालात में सरकार को सबसे अधिक प्रभावित व्यवसायों और परिवारों को तुरंत राहत देने की जरूरत है।

### एटीएफ पर टैक्स कम कराने के प्रयास में मंत्रालय

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** नागर विमानन मंत्रालय एयरलाइन कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्प तलाश रहा है। इसमें एक विकल्प राज्य सरकारों के साथ मिलकर विमान ईंधन (एटीएफ) पर कर को कम करना है। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। उसके बाद हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के चलते एयरलाइन कंपनियों की परिचालन लागत बढ़ रही है। एक उच्चस्तरीय सूत्र ने कहा कि मंत्रालय बड़े प्रयासों के हिस्से के रूप में एयरलाइंस पर पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रहा है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और मंत्रालय ने जेट ईंधन पर कर कम करने की संभावना को लेकर मुख्यमंत्रियों और राज्य सरकारों के साथ चर्चाएं शुरू की हैं। एयरलाइन की कुल परिचालन लागत में एटीएफ का हिस्सा करीब 40% होता है। विभिन्न राज्यों में एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर टैक्स अलग-अलग होता है।

# पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल के दाम तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा




**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- **विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख तय करेंगे धारणा : विश्लेषक**

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा रुपये-डॉलर का रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में धारणा को प्रभावित करेंगी।

शेयर बाजार मंगलवार को महावीर जयंती और शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर बंद रहेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कह कि इस सप्ताह वैश्विक वृहद घटनाक्रम खासकर कच्चे तेल की कीमतें और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षविराम को लेकर बातचीत की प्रगति से बाजार की दिशा प्रभावित होगी। विदेशी संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बढ़ाने के लिए रुपये की स्थिरता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर, फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और मार्च का एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई महत्वपूर्ण रहेगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कमजोर होते रुपये के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने घरेलू शेयर बाजार से 1.14 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.3 अरब डॉलर) निकाले हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था। जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला किया। वहीं ईरान ने इसके जवाब में अमेरिका के सहयोगी देशों और तेल अवीव पर हमले किए। ऑनलाइन ट्रेडिंग और संपदा प्रौद्योगिकी कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आगे देखें तो, बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और भूराजनीतिक घटनाक्रम इसकी प्रमुख वजह हैं। निवेशकों की निगाह पश्चिम एशिया की स्थिति पर रहेगी। संघर्ष बढ़ने या घटने का धारणा पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

विदेशी निवेशकों का प्रवाह, रुपये का उतार-चढ़ाव और वृहद वैश्विक बाजार रुख निकट भविष्य में धारणा तय करेंगे। बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 949.74 अंक या 1.27 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एनएसई निफ्टी 294.9 अंक या 1.27 प्रतिशत के नुकसान में रहा।लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा-आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक वैश्विक रुख से तय होने की उम्मीद है।

## बिजनेस ब्रीफ

### जीवन और साधारण बीमा क्षेत्र में उतरेगी जियो फाइनेंशियल

**मुंबई।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज (जेएफएस) इस साल साधारण बीमा और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में उतरने की योजना बना रही है। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी की बिना गारंटी वाले ऋण और टिकाह उपभोक्ता सामान (जैसे टीवी, फ्रिज आदि) के ऋण बाजार में तत्काल उतरने की कोई योजना नहीं है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी और प्रबंध निदेशक हितेश सेठिया ने कहा कि हम 2026 में बीमा व्यवसाय शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं, बशर्ते कि सभी नियामकीय मंजूरियां मिल जाएं। उन्होंने बताया कि जियो फाइनेंशियल सर्विसेज अपनी समान संयुक्त उद्यम साझेदार कंपनी आलियांज के साथ मिलकर साधारण और जीवन बीमा कारोबार क्षेत्र में काम करेगी।

### एनएसई 13 अप्रैल से शुरू करेगा ब्रेंट कच्चा तेल वायदा अनुबंध

**नयी दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चे तेल (प्लैट्स) का वायदा कारोबार शुरू करेगा। इससे एक्सचेंज के वैश्विक तेल बेंचमार्क से जुड़े जिंस वायदा पेशकश का विस्तार होगा। यह अनुबंध, एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी (प्लैट्स) दिनांकित ब्रेंट मूल्यांकन पर आधारित होगा, और इसका कारोबार बीआरक्रूडऑयल के रूप में किया जाएगा। एनएसई ने एक परिपत्र में कहा- भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिलने के बाद वह 13 अप्रैल से दिनांकित ब्रेंट कच्चा तेल (प्लैट्स) वायदा अनुबंध शुरू करने जा रहा है।

### इंटेलियस रिकोड ने सेबी पर जमा कराए आईपीओ दस्तावेज

**नयी दिल्ली।** इंटेलियस रिकोड लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष शुरुआत दस्तावेज दाखिल किए हैं। आईपीओ दस्तावेजों (डीआरएचपी) के अनुसार, प्रस्तावित निर्गम में 117 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 12 .9 लाख शेयरों तक की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

### इंडिगो शुरू करेगी 30 से अधिक नये मार्गों पर उड़ानें

**नयी दिल्ली।** देश की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नये मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने बताया कि नये मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम् के लिए उड़ानें शामिल होंगी।

# ईंधन, एलपीजी आपूर्ति के लिए सरकार ने तेज किए प्रयास

## पश्चिम एशिया संकट के चलते घबराहट में खरीदारी से बचने की लोगों से की अपील

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बीच सरकार ने देश में ईंधन और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम तेज कर दिए हैं। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर ज्यादा खरीदारी से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश में रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता भी पूरे देश में पर्याप्त है और पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

मंत्रालय ने बताया कि कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण लोगों ने घबराकर ज्यादा खरीदारी की, जिससे कुछ पेट्रोल पंप पर भीड़ और बिक्री में अचानक बढ़ोतरी देखी गई। हालांकि, देश के सभी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क भी लगाया गया है।

गैस क्षेत्र में घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी जा रही है। पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जबकि उद्योगों को उनकी सामान्य जरूरत का करीब 80 प्रतिशत गैस मिल रही है। उर्वरक कारखानों को 70-75 प्रतिशत गैस दी जा रही है और अतिरिक्त एलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि शहरों में गैस वितरण नेटवर्क का विस्तार तेज किया जा रहा है और एलपीजी की जगह पीएनजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मार्च में 2.9 लाख से अधिक नए पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए हैं।

बयान में कहा गया कि एलपीजी की आपूर्ति पर अंतरराष्ट्रीय हालात का असर पड़ा है, लेकिन फिलहाल किसी तरह की कमी की सूचना नहीं है। रोजाना 55 लाख से अधिक सिलेंडर की डिलिवरी हो रही है और दुरुपयोग रोकने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है।

मंत्रालय ने बताया कि व्यावसायिक एलपीजी की आपूर्ति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और इसमें होटल, खानपान सेवाओं और जरूरी उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने मिट्टी के तेल (केरोसिन) की आपूर्ति भी बढ़ाई है और जमाखोरी व कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। हाल ही में करीब 2,900 छापे मारे गए और लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए।

बयान में कहा गया कि राज्यों को निगरानी बढ़ाने, रोजाना जानकारी देने, अफवाहों पर रोक लगाने और गैस से जुड़े ढांचे के काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की अनावश्यक खरीदारी से बचें।

## प. एशिया संकट पर सरकार की प्रतिक्रिया भरोसेमंद : सीआईआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट से पैदा हुई समस्याओं पर सरकार की तेज, समन्वित और संतुलित प्रतिक्रिया की सराहना की। साथ ही, उद्योग मंडल ने भारत के उद्योग जगत के लिए 12-सूत्रीय योजना भी पेश की, ताकि सरकार के प्रयासों को और मजबूत किया जा सके।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि हालांकि नीतिगत प्रतिक्रिया ने तात्कालिक जोखिमों को कम कर दिया है, लेकिन बदलती स्थिति के लिए सरकार और उद्योग के बीच निरंतर समन्वय की आवश्यकता है। बनर्जी ने कहा कि नीतिगत दृष्टिकोण ने उत्पादन की निरंतरता बनाए रखने और व्यवहार्य उद्यमों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया है।

बनर्जी ने कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया समय पर, संतुलित और भरोसेमंद रही है। यह सरकार के समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुचारू रखना, निर्यातकों का समर्थन करना, परिवारों की सुरक्षा करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखना है।

## दिल्ली-एनसीआर में आवास बिक्री में 17 फीसदी की गिरावट: एनारॉक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण नकारात्मक धारणा के चलते जनवरी-मार्च की अवधि में दिल्ली-एनसीआर में घरों की बिक्री तिमाही आधार पर 17 प्रतिशत घटकर लगभग 16,000 इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र की परामर्श कंपनी एनारॉक ने यह जानकारी दी।

हालांकि, सालाना आधार पर मांग में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसका कारण पिछले साल का निचला आधार प्रभाव है। एनारॉक के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-मार्च की मौजूदा अवधि के दौरान घरों की बिक्री 15,985 इकाई रही, जो इससे पिछली तिमाही के 19,250 इकाई की तुलना में 17 प्रतिशत कम है। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री पिछले वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 11,120 इकाई की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ी है। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि भारत के आवास क्षेत्र के दीर्घकालिक बुनियादी सिद्धांत मजबूत बने हुए हैं, लेकिन ईरान युद्ध के अल्पकालिक प्रभाव पहली तिमाही में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए।

## ओला इलेक्ट्रिक को ग्राहक का स्कूटर बदलने या पैसा लौटाने का निर्देश

**मुंबई, एजेंसी।** ठाणे के एक उपभोक्ता आयोग ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज को खराब इलेक्ट्रिक स्कूटर बदलने या पूरा पैसा ग्राहक को लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि यह कंपनी की ओर से 'गंभीर खामी' का मामला है।जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (अतिरिक्त ठाणे) ने हाल ही के एक आदेश में कहा कि बेंगलुरु की यह विनिर्माता कंपनी अनुचित व्यापार व्यवहार में शामिल है। आयोग ने कहा कि मामले को देखने पर पता चलता है कि उपयुक्त वाहन सही स्थिति में नहीं था और इसमें कई तरह की खामियां थीं।

# एआई से नहीं जाएंगी नौकरियां, काम होगा आसान

## भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है डेलॉयट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- **सीओओ ने बताया-जल्द ही शुरू करेंगे क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र**

कृत्रिम मेधा (एआई) से बड़े पैमाने पर नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए डेलॉयट के दक्षिण एशिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नितिन केनी ने कहा है कि कंपनी भारत में 50,000 लोगों की भर्ती की योजना पर काम कर रही है और इसमें कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकी के अनुरूप कौशल बढ़ाने पर खास जोर दिया जा रहा है। एक साक्षात्कार में केनी ने बताया कि डेलॉयट देश में तेजी से विस्तार और निवेश की योजना पर काम कर रही है और जल्द ही 'क्वांटम उत्कृष्टता केंद्र' शुरू करने की तैयारी है।

उन्होंने कहा कि एआई के कारण नियुक्तियों पर असर पड़ने की चिंता सही नहीं है। डेलॉयट एआई को नौकरियां कम करने वाला साधन नहीं मानती, बल्कि काम को ज्यादा आसान और प्रभावी बनाने का जरिया मानती है। केनी ने कहा कि नौकरियों में कटौती करना कोई समाधान नहीं है। जरूरी है कि लोगों के कौशल को बढ़ाया जाए, ताकि वे नई प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर अधिक मूल्य वाले और जटिल काम कर सकें। उन्होंने बताया कि कंपनी अब तक करीब 30,000 कर्मचारियों को एआई का प्रशिक्षण दे चुकी है, जबकि लगभग 20,000 कर्मचारी कंपनी के अपने मंच पर काम करने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि डेलॉयट के कुल वैश्विक कर्मचारियों में से लगभग एक-तिहाई भारत में काम करते हैं, जिससे भारत कंपनी के लिए एक अहम बाजार है। केनी ने कहा कि कंपनी अपनी आय का करीब नौ प्रतिशत हिस्सा कौशल विकास, क्षमता बढ़ाने और नए प्रयोगों पर खर्च करती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# केरल: पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो कहा-अगली सरकार हमारी

## एलडीएफ और यूडीएफ ने केरल को लूटा है, इनसे सावधान रहें

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रचार अभियान के तहत रविवार को यहां एक रोड शो किया। वहीं पलक्कड़ में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि केरल में अगली सरकार राजग ही बनाएगा।

रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में लोग उनकी एक झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। रोड शो की शुरुआत जिला अस्पताल के निकट हुई। भीषण गर्मी की परवाह किये बिना, लोग कई घंटे पहले सड़क के किनारे एकत्र हो गए थे और नारे लगा रहे थे और अपने मोबाइल फोन से उन पलों की फोटो खींच रहे थे जब प्रधानमंत्री ने एक खुले वाहन से उनका अभिवादन स्वीकार किया। त्रिशूर जिले में राजग के प्रमुख उम्मीदवारों पद्मजा वेणुगोपाल और लोकसभा में त्रिशूर का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने रोड शो में हिस्सा लिया। पलक्कड़ में चुनाव रैली को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूडीएफ और एलडीएफ दोनों पर निशाना साधते हुए उन पर दशकों तक भ्रष्टाचार करने और राजनीतिक अवसरवादिता में लिप्त होने का रविवार को आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि दशकों से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने मिलकर केरल को लूटा है... इस व्यवस्था में हमारा केरल फंसा रहा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी... आपको दोनों से सावधान रहना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और आपके सहयोग से हम यहां सरकार बनाएंगे और केरल की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



केरल के त्रिशूर में रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। साथ में प्रत्याशी पद्मजा वेणुगोपाल।

### रैली में धुआं से दहशत

**पलक्कड़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी रैली में उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब एक एम्पलीफायर से धुआं निकलता देखा गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह घटना प्रधानमंत्री के रैली स्थल कोट्टामैदानम पहुंचने से कुछ ही समय पहले घटी। ध्वनि प्रसारक का प्रबंधन करने वालों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और एम्पलीफायर को हटा दिया।

# पुराने कृत्यों के लिए शाह पर चार्जशीट होनी चाहिए: ममता

**पुरुलिया (पश्चिम बंगाल),एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ राजनीतिक चार्जशीट (आरोपत्र) जारी किए जाने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि खुद शाह के खिलाफ उनके पुराने कृत्यों के लिए चार्जशीट दाखिल होनी चाहिए। बनर्जी ने पुरुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दावा किया कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो वह महिलाओं के लिए शुरू की गई लक्ष्मीर भंडार योजना बंद कर देगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि यदि भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो लोगों की खानपान संबंधी पसंद पर पाबंदियां लगा दी जाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के जरिये 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

### आयोग ने किया 83 अफसरों का तबादला

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले एक नए फेरबदल में चुनाव आयोग ने रविवार को राज्य भर में प्रखंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों (एआरओ) सहित 83 अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिया। आयोग जारी आदेश के अनुसार, सबसे अधिक स्थानांतरण पूर्वी मिदनापुर जिले से हुए हैं, जहाँ 14 बीडीओ और एआरओ का तबादला किया गया है।

### हटाए गए मतदाताओं के लिए ट्रिब्यूनल पोर्टल शुरू

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की शिकायतों के समाधान के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद एक विशेष ट्रिब्यूनल प्रणाली और ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है, जिसके तहत प्रभावित मतदाता रविवार से अपील दर्ज कर सकेंगे। ट्रिब्यूनल जल्द ही काम करना शुरू करेंगे, जिससे जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, उन्हें औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज कराने और निवारण का अवसर मिलेगा। इससे पहले आयोग ने राज्य के 23 जिलों में ट्रिब्यूनल गठित किए थे, जिनकी देखरेख के लिए 19 पूर्व न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

# असम: भाजपा लगाएगी हैट्रिक, लगातार तीसरी बार सत्ता में आएगी : नितिन नबीन

**तिनसुकिया (असम), एजेंसी**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को दावा किया कि पार्टी असम में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर हैट्रिक लगाएगी। मार्गेरिटा से उम्मीदवार एवं मौजूदा विधायक भास्कर शर्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नबीन ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर राज्य के विकास के बजाय वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस काले अध्याय को याद रखना जरूरी है।

कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा हैट्रिक लगाने वाली है। हमने पहली बार सर्वानंद सोनोवाल के नेतृत्व में सरकार बनाई थी, इसके बाद हिमंत विश्व शर्मा का कार्यकाल रहा। इस बार हम मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में अपनी तीसरी सरकार बनाएंगे। नवीन ने कहा कि वह 2009-10 से विभिन्न पार्टी कार्यों के सिलसिले में असम आते रहे हैं और राज्य भर में व्यापक दौरे कर चुके हैं। उस समय विकास की कोई चर्चा ही नहीं होती थी। जब मैं एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना चाहता था तो तनाव बना रहता था। जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के बाद पूरी स्थिति बदल गई और पूरा देश असम के विकास की बात करने लगा।

### हर अवैध प्रवासी को वापस भेजना होगा : शाह



**ढेकियाजुली (असम), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि प्रत्येक अवैध प्रवासी को उनके देशों में वापस भेजा जाना चाहिए। सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध किया है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई घुसपैठियों को संरक्षण देना चाहते हैं। शाह ने गोगोई से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

### भाजपा ने असम को धोखा दिया: सैकिया

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा में निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष देवब्रत सैकिया ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग को न्याय दिलाने में नाकाम रही है और इसने कई मोर्चों पर जनता के साथ विश्वासघात किया है। सैकिया ने भरोसा जताया कि नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस एवं उसके सहयोगी दल बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा के विश्वासघातों की सूची लंबी है, लेकिन अंतिम और सबसे गंभीर विश्वासघात जुबिन गर्ग के मामले में न्याय सुनिश्चित न कर पाना है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार मांग करता रहा कि इस मामले की कार्यवाही की सार्वजनिक निगरानी हो, लेकिन सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सैकिया ने कहा- असम की जनता शुरू से ही नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ थी, लेकिन भाजपा ने उनकी भावनाओं की अनदेखी करते हुए इसे लागू किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### लेबनान में पत्रकारों की हत्या वैश्विक चेतना के लिए चेतावनी : ईरान

**तेहरान/बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे सिर्फ मीडिया जगत की बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेज्जीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन की पत्रकार फातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया जाना बताया जा रहा है। अराघची ने इस हमले को स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या करार दिया और कहा कि यह सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश है।

### गैस संकट: महाराष्ट्र के मंत्री के घर पर रिक्शा चालकों का प्रदर्शन

**छत्रपति संभाजीनगर।** पश्चिम एशिया युद्ध के कारण ऑटो रिक्शा के लिए ईंधन की आपूर्ति बाधित होने का आरोप लगाते हुए कई चालक रविवार को महाराष्ट्र के मंत्री संजय शिरसाट के आवास के बाहर एकत्रित हुए। रिक्शा चालकों ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें ईंधन नहीं मिल रहा है। इसी वजह से उन्होंने शिरसाट को अपनी परेशानी से अवगत कराने के लिए इस तरह का विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। इसके जवाब में, शिरसाट ने जिला आपूर्ति अधिकारी को फोन किया और उन्हें ऑटो रिक्शा चालकों की मदद के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। शिरसाट ने जिला आपूर्ति अधिकारी से कहा, इन ऑटो रिक्शा चालकों को पिछले चार दिनों से ईंधन नहीं मिला है।

### विजयपत सिंघानिया का मुंबई में किया गया अंतिम संस्कार

**मुंबई।** उद्योगपति और रेमंड ग्रुप के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार को मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। वर्ष 1980 से 2000 तक कंपनी की कमान संभालने वाले सिंघानिया का शनिवार शाम निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थे। वह 87 वर्ष के थे। पद्म भूषण से सम्मानित सिंघानिया की अंतिम यात्रा दक्षिण मुंबई स्थित उनके आवास से शुरू हुई। उनके बेटे गौतम सिंघानिया और मधुपति ने अंतिम संस्कार का नेतृत्व किया। वर्तमान में रेमंड की कमान गौतम सिंघानिया के हाथों में है। अंतिम संस्कार चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर किया गया। इस दौरान गौतम सिंघानिया की पत्नी नवाज मोदी भी मौजूद रहीं। नवाज मोदी ने बताया कि उन्होंने विजयपत सिंघानिया के साथ लंबा समय बिताया।

# नेपाल में पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड्का को भी किया गिरफ्तार

- धनशोधन के मामले में गिरफ्तारी पहले से थे भ्रष्टाचार के आरोप

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल पुलिस ने पूर्व ऊर्जा मंत्री और नेपाली कांग्रेस के नेता दीपक खड्का को धन शोधन के मामले में रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

'द हिमालयन' ने नेपाल पुलिस के के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ के हवाले से बताया कि सीआईबी ने रविवार सुबह खड्का को हिरासत में ले लिया। पिछले साल जनरेशन जी के विरोध प्रदर्शन के दौरान ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए जिसमें खड्का और पूर्व प्रधानमंत्रियों शेर बहादुर देउबा एवं पुष्प कमल दहल प्रचंड के आवास पर जले नोटों के टुकड़े दिख रहे थे। बाद में फोरेंसिक प्रयोगशाला से इन निष्कर्षों की पुष्टि की गई।

### ओली की गिरफ्तारी पर देशभर में प्रदर्शन

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को रविवार को काठमांडू जिला न्यायालय ने पांच दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन जारी हैं। ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पिछले साल आठ और नौ सितंबर को हुए जेन जी आंदोलन को दबाने में संलिप्तता के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। ओली की पार्टी शनिवार से ही देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी अपने अध्यक्ष ओली को तत्काल रिहा करने की मांग कर रही है।

## केंद्र के अभियान की उपलब्धियां

नक्सलवाद के खात्मे के लिए वैसे तो यूपीए की पूर्ववर्ती केंद्र सरकार के कार्यकाल में भी अभियान चलाए गए लेकिन एनडीए सरकार की ओर से वर्ष 2017 में शुरू किए गए अभियान 'समाधान' के काफी हद तक ठोस नतीजे सामने आए हैं। इस अभियान के तहत नक्सलमुक्त भारत का लक्ष्य तय करते हुए इसकी मियाद 31 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई थी। दो दिन अभियान का समय पूरा होने जा रहा है। इस बीच सुरक्षा बलों ने सैकड़ों माओवादियों को मार गिराया है, साथ ही सैकड़ों को गिरफ्तार भी किया है। काफी संख्या में माओवादियों ने हथियार डालने की घोषणा करते हुए आत्मसमर्पण भी किया है। इसके बाद तमाम नक्सल प्रभावित जिले नक्सलमुक्त हो गए हैं और उनमें घटनाएं शून्य हो गई हैं। नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय ही सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा।

# नक्सलमुक्त भारत



### बड़ा अभियान... समाधान

- मई 2017 में तत्कालीन गृह मंत्री ने इस व्यापक अभियान की घोषणा की थी। इस अभियान में एक बहुआयामी दृष्टिकोण निहित किया गया था। इसमें आठ बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया था।
- अभियान में कुशल नेतृत्व, आक्रामक रणनीति, प्रोत्साहन और प्रशिक्षण, सटीक सूचनाएं, प्रगति की निगरानी, तकनीक, प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग कार्ययोजना और फंडिंग रोकने के बिंदु तय किए गए थे।

### अभियान के मुख्य लक्ष्य

- शून्य सहिष्णुता के तहत नक्सलियों के हिंसक हमलों को पूरी तरह रोकना सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य था।
- उन इलाकों में नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जाने थे जहां पहले अक्सर पुलिस नहीं पहुंच पाती थी।
- सड़क निर्माण, मोबाइल टावर, बैंक और पोस्ट ऑफिस खोलना ताकि लोग मुख्यधारा से जुड़ सकें।
- नक्सलियों को अपने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए मदद करना और प्रोत्साहित देना।

### ऑपरेशन ग्रीन हंट

यह वर्ष 2009 में यूपीए सरकार के दौरान शुरू किया गया एक बड़ा सैन्य अभियान था जिसके तहत नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा के जंगलों से नक्सलियों का सफाया कर प्रशासनिक नियंत्रण स्थापित किया जाना था।

2024 के शुरुआती 10 महीनों में छत्तीसगढ़ में 190 से अधिक नक्सली मारे गए थे। नक्सलियों के सुरक्षित गढ़ माने जाने वाले अबूझमाड़ जैसे इलाकों में अब सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित हो चुके हैं।

### अभियान की उपलब्धियां

- सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 1,500 माओवादी मुठभेड़ों में मारे गए जो छत्तीसगढ़, झारखंड और महाराष्ट्र में सक्रिय थे।
- सरकार की पुनर्वास नीति के कारण 10,000 से अधिक नक्सलियों ने हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया।
- सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर और इंटेलिजेंस के आधार पर 15,000 से अधिक माओवादियों को इस अभियान में गिरफ्तार किया।
- नक्सली हिंसा की घटनाओं में 73% की गिरावट और आम नागरिकों और सुरक्षा बलों की मृत्यु दर में लगभग 86% की कमी आई।

नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, इनकी संख्या अब घटकर 38 रह गई है। | प्रभावित इलाकों में हिंसा की घटनाओं में करीब 70-80% तक की गिरावट दर्ज की गई है। | नक्सलवाद अब छत्तीसगढ़ के बस्तर जैसे देश के कुछ इलाकों तक सीमित रह गया है।

# पश्चिम एशिया में विश्वविद्यालय भी निशाने पर

## तेहरान विश्वविद्यालय पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने दी जवाबी हमले करने की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



ईरान के तेहरान विश्वविद्यालय पर अमेरिकी हमले के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में दूसरे विश्वविद्यालयों के भी हमलों का निशाना बनने की आशंका पैदा हो गई है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्‌र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर 30 मार्च दोपहर 12 बजे तक अमेरिका और इजराइल ने ईरान के शिक्षण संस्थानों पर हुई बमबारी की निंदा नहीं की तो वे पश्चिम एशिया में अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालयों पर जवाबी हमले करेंगे।

ईरानी अधिकारियों ने मार्च महीने में विश्वविद्यालय और कई शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों पर अमेरिकी-इजराइली हमलों की जानकारी दी है, जिसमें 28 मार्च को तेहरान में साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर हुआ हमला भी शामिल है। ईरानी मीडिया ने बताया कि वैज्ञानिक और अनुसंधान के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है और करीब पांच लोग मारे गए हैं। आईआरजीसी ने एक बयान में ईरानी विश्वविद्यालय पर हुई बमबारी की निंदा करते हुए इसके बाद पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालयों को अपना वैध लक्ष्य बताया है।

आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी और इजराइली सेनाओं ने तेहरान साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय पर बमबारी करके एक बार फिर ईरानी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका को यह पता होना चाहिए कि अब से पश्चिम एशिया में मौजूद सभी अमेरिकी और इजराइली विश्वविद्यालय हमारे लिए वैध लक्ष्य होंगे। ईरानी विश्वविद्यालय के बदले में दो विश्वविद्यालयों पर हमला किया जाएगा। आईआरजीसी ने इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, प्रोफेसरों और छात्रों, साथ ही आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी सलाह दी कि वे अपनी जान बचाने के लिए बताए गए विश्वविद्यालय से कम से कम एक किलोमीटर दूर रहें।

आईआरजीसी ने यह भी कहा है कि अगर अमेरिकी प्रशासन चाहता है कि इस क्षेत्र में उसके विश्वविद्यालय उन दो विश्वविद्यालयों में शामिल न हों जिन्हें जवाबी हमले के लिए निशाना बनाया जाएगा तो उसे सोमवार, 30 मार्च को दोपहर 12 बजे (तेहरान समय) तक ईरानी विश्वविद्यालय पर हुई बमबारी की निंदा करते हुए एक आधिकारिक बयान जारी करना होगा। आईआरजीसी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका चाहता है कि उसके बाद इस क्षेत्र में उसके विश्वविद्यालय पर हमला न हो, तो उसे अपनी सेनाओं को विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्रों पर हमला करने से रोकना होगा, अन्यथा यह चेतावनी लागू रहेगी और इसे अंजाम दिया जाएगा।

### ईरान में जमीनी युद्ध की तैयारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है जो कई हफ्तों तक जारी रह सकती है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट दी है कि किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी।

### ईयू की चेतावनी, यमन जलक्षेत्र में न जाएं जहाज

**हूती विद्रोहियों के हमले की आशंका**

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की ओर से जहाजों को यमन के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में प्रवेश न करने की चेतावनी देते हुए ईरान समर्थित हूती विद्रोही समूह की ओर से व्यापारिक जहाजों पर हमले फिर शुरू करने की आशंका जताई गई है। हूती विद्रोहियों ने शनिवार को इजराइल पर मिसाइल हमले किए और आगे भी इन्हें जारी रखने की घोषणा की थी। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल 'एस्पिडीज' मिशन ने कहा कि विशेष रूप से लाल सागर और अदन की खाड़ी में खतरा बना हुआ है। रिपोर्ट में इजराइली हितों से जुड़े जहाजों के लिए उच्चस्तर का खतरा आंका गया है, जबकि अमेरिका या इज़रायल से असंबद्ध जहाजों के लिए यह मध्यम स्तर का है।

### इरबिल में हमले तेज, अमेरिकी ठिकाने निशाने पर

**दुबई।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में शनिवार रात भर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास एवं अन्य स्थानों को निशाना बनाकर कई ड्रोन हमले किए गए। हालांकि उन्हें उनके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले की रोक दिया गया। इस बीच पूरी रात तेज धमाके सुनाई देते रहे और एक ड्रोन को अमेरिकी ठिकानों की ओर बढ़ते देखा गया। इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूहों ने हाल के दिनों में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं। इरबिल भी लगातार इन हमलों का निशाना बन रहा है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी हालात और अधिक संवेदनशील हो गए हैं। अमेरिका ने शनिवार को जारी एक बयान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूहों के हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इन्हें घृणित आतंकी हमले बताया।

# बिना मुकदमा जेल सजा के समान : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सुनवाई शुरू न होने पर दो साल से जेल में बंद शख्स को किया रिहा

सुप्रीम कोर्ट ने बिना मुकदमे के कारावास को सजा के समान बताते हुए हत्या के प्रयास के मामले में पंजाब के एक व्यक्ति को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि यह व्यक्ति दो साल से जेल में है, जबकि मुकदमे की सुनवाई तक शुरू नहीं हुई है।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पीवी वराले की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्रदीप कुमार उर्फ बानू के खिलाफ फरवरी 2024 में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने अभी तक मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी कोई सवाल-जवाब नहीं किए हैं। पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के 11 जुलाई, 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने 13 मार्च के अपने आदेश में कहा, अभियोजन पक्ष ने अपीलकर्ता के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए मामले से संबंधित 23 गवाहों में से किसी से भी सवाल-जवाब नहीं किए हैं। इसलिए, मुकदमे को पूरा होने में कुछ समय लग सकता है।

मामले का समग्र रूप से अवलोकन करते हुए, न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मुकदमे की सुनवाई तक अपीलकर्ता को आगे हिरासत में रखना आवश्यक नहीं है।

# पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरू से गुजरने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है।

# अमेरिका तक मार करेंगी उत्तर कोरिया की मिसाइलें

**सियोल, एजेंसी**



- किम जोंग उन की मौजूदगी में मिसाइल के इंजन का परीक्षण
- कहा- नए परीक्षण से सर्वोच्च स्तर पर पहुंची सामरिक ताकत

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हथियारों के लिए उन्नत, उच्च-शक्ति वाले, ठोस ईंधन चालित इंजन के परीक्षण का जायजा लिया और इसे देश की सामरिक सैन्य क्षमता को मजबूत करने वाला बताया। इस मौके पर दावा किया गया कि इस इंजन से युक्त मिसाइलें मध्य अमेरिका तक मार करने में सक्षम होंगी।

यह परीक्षण अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाने वाली उन्नत मिसाइलें हासिल करने के किम के घोषित लक्ष्य के अनुरूप है लेकिन कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्तर कोरिया ने इस परीक्षण के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर दावा किया है। 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के यह जानकारी देने से कुछ दिन पहले ही, किम जोंग उन ने संसद में अपने भाषण में कहा था कि वह उत्तर कोरिया को स्थायी तरीके से परमाणु शक्ति संपन्न देश के रूप में स्थापित करेंगे और सबसे बड़े दुश्मन दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए रहेंगे। किम ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का जिक्र करते हुए अमेरिका पर आतंकवाद और आक्रामकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था।

केसीएनए के अनुसार, किम ने मिश्रित कार्बन फाइबर सामग्री से बनाए गए नए उन्नत इंजन का ग्राउंड जेट परीक्षण देखा। एजेंसी ने बताया कि इंजन का अधिकतम थ्रस्ट 2,500 किलोटन है, जो सितंबर में इसी तरह के ठोस ईंधन चालित इंजन के एक परीक्षण में बताए गए लगभग 1,971 किलोटन से अधिक है।

केसीएनए की खबर में बताया कि यह परीक्षण देश के पांच वर्षीय सैन्य विस्तार कार्यक्रम के तहत किया गया। इस योजना के उद्देश्यों में सामरिक हमले के साधनों को उन्नत करना शामिल है। केसीएनए की खबर के अनुसार किम ने कहा कि नवीनतम इंजन परीक्षण का देश की सामरिक सैन्य ताकत को सर्वोच्च स्तर पर पहुंचाने में बहुत महत्व है।

# इस्लामाबाद में पश्चिम एशिया तनाव पर चर्चा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- पाकिस्तानी विदेश मंत्री की मिस्र और तुर्किये के समकक्षों से वार्ता

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इसहाक डार ने चतुर्भुज शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को यहां मिस्र और तुर्किये के विदेश मंत्रियों से मुलाकात कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और क्षेत्र में शांति वार्ता के प्रयासों पर चर्चा की। विदेश कार्यालय ने बताया कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद, तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती, डार के निमंत्रण पर इस्लामाबाद की यात्रा पर हैं।

विदेश कार्यालय ने रविवार को कहा कि डार और अब्देलत्ती के बीच हुई बैठक के दौरान पाकिस्तान और मिस्र ने द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा, दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त मंत्रिस्तरीय आयोग सहित द्विपक्षीय तंत्रों को सक्रिय करने और व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में तनाव पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और संयम बरतने, तनाव कम करने और संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से विवादों के समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

डार ने फिलिस्तीनियों के लिए पाकिस्तान के अटूट समर्थन की पुष्टि की और गाजा और वेस्ट बैंक में इजराइली सेनाओं की आक्रामकता की कड़ी निंदा की। विदेश कार्यालय के अनुसार, डार ने तुर्किये के विदेश मंत्री फिदान से भी मुलाकात की। उसने बताया, दोनों नेताओं ने पाकिस्तान-तुर्किये के मजबूत संबंधों की पुष्टि की, ईरान सहित क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की और शांति एवं स्थिरता के लिए संवाद, तनाव कम करने, कूटनीति और समन्वय पर जोर दिया।

## रूसी वायु रक्षा बलों ने रात भर में नष्ट किए 200 यूक्रेनी ड्रोन

- यूक्रेन ने रूस के अलग-अलग इलाकों में दागे थे ड्रोन

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है।

मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया, पिछली रात वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्जा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है। यूक्रेन कई दिन से लगातार रूसी इलाकों में ड्रोन दागकर हमले कर रहा है।

## गुजरात के अमरेली में आया 3.1 तीव्रता का भूकंप

- सौराष्ट्र में छह दिन के अंदर दूसरी बार महसूस किए गए झटके

**अमरेली(गुजरात)।** गुजरात के अमरेली जिले में रविवार को 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि, इससे किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार, भूकंप का यह झटका शाम 4.10 बजे दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र सौराष्ट्र क्षेत्र में अमरेली से लगभग 42 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में सतह से 11.6 किमी की गहराई पर स्थित था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से न तो कोई घायल हुआ और न ही संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सौराष्ट्र क्षेत्र के राजकोट जिले में भी इसी तरह का 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था।

सावरकुंडला विधानसभा के सदस्य महेश कसवाला ने कहा, पिछले कुछ दिनों में अमरेली में कई हल्के झटके महसूस किए गए हैं। मित्याला गांव के सरपंच ने कहा कि रविवार का झटका काफी तेज महसूस किया गया था।

**अभियान** — अधिकारियों ने किया दावा, कहा- खत्म हो चुका है नक्सलवादियों का शीर्ष नेतृत्व

# एक दशक में 10,000 से ज्यादा माओवादियों ने डाले हथियार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुरक्षाबलों के दबाव और पुनर्वास योजनाओं के चलते पिछले एक दशक में 10,000 से अधिक माओवादियों ने हथियार डाले हैं, इसके साथ नक्सलियों का शीर्ष नेतृत्व खत्म कर दिया गया है। नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान से खत्म होने से पहले अधिकारियों ने यह दावा किया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए 31 मार्च तक की समयसीमा निर्धारित कर रखी है। वर्ष 2025 में 2,300 माओवादियों ने हथियार डाले और 2026 के पहले तीन महीनों में 630 से अधिक नक्सलियों ने सशस्त्र विद्रोह के बजाय मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना। ये आंकड़े 2014 से 2026 की शुरुआत तक माओवादियों के आत्मसमर्पण से संबंधित हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एकीकृत, बहुआयामी और निर्णायक रणनीति अपनाई है। इसका एक उदाहरण रेड कॉरिडोर में सड़कों का निर्माण है।

केंद्र ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) को पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में सड़कें बनाने का काम सौंपा, जिसमें नक्सलवाद के इन गढ़ों में पांच प्रमुख सड़कों और छह महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि भाकपा (माओवादी) के प्रभाव वाले क्षेत्रों में 15,000 किमी से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया, जिनमें से 12,250 किमी सड़कें पिछले 10 वर्षों में पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में इन क्षेत्रों में सिर्फ 66 थाने थे जबकि पिछले 10 साल में 586 थानों का निर्माण किया गया।

### नक्सलप्रभावित इलाकों में पहुंचा योजनाओं का लाभ

अधिकारियों के अनुसार, जिन क्षेत्रों में शासन व्यवस्था कमजोर थी और माओवादियों ने अपना दबदबा बनाया हुआ था, वहां सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचने लगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत घरों की संख्या मार्च 2024 में 92,847 से बढ़कर अक्टूबर 2025 में 2,54,045 हो गई। इसी अवधि में आधार पंजीकरण भी 23.5 लाख से बढ़कर 24.85 लाख हो गया और 21.44 लाख आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। पिछले 10 वर्षों में 250 से अधिक एकलव्य विद्यालयों को मंजूरी दी गई, जिनमें से 179 चालू हैं, साथ ही 11 केंद्रीय स्कूल और छह नवोदय स्कूल भी खोले गए हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज नया काम शुरू न करें। भाई-बहनों से सहायता लेने में संकोच न करें। व्यापार के विस्तार में कुछ रुकावट आ सकती है।

**तुला** – आज यदि आपने एकाग्रचित्त होकर कार्य किया तो आप काफी शानदार परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आप बोरियत महसूस कर सकते हैं। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज काम की अधिकता के बावजूद ऊर्जावान रहेंगे। राजनीतिक लोग अपने विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे।

**मिथुन** – आज केवल अपने काम पर फोकस करें। चतुराई के कारण आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगे। नकारात्मकता में कमी आयेगी।

**धनु** – आज कामकाज में आपका अधिक मन नहीं लगेगा। किन्तु दूरदर्शी सोच के कारण आपको व्यापार में लाभ मिलेगा।

**कर्क** – आज किसी पुरानी बात को याद करके आप खुश होंगे। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। उल्टी व दस्त के कारण डिहाइड्रेशन जैसी समस्या हो सकती है।

**मकर** – आज जीवनसाथी के साथ मतभेद उभर सकते हैं। अहंकार की वजह से अपने संबंधों को खराब न करें। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**सिंह** – आज आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहेंगे। मन में नये-नये विचार आते रहेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर अत्यन्त जागरूक रहेंगे।

**कुंभ** – आज आपकी दिनचर्या अत्यधिक व्यवस्थित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप अत्यन्त सरलता से अपने काम करेंगे।

**कन्या** – आज विरोधियों से सावधान रहना चाहिए। बहुत आवश्यक न हो तो लोगों से अपनी बातें एवं सूचनाएं शेयर करने से बचें।

**मीन** – आज नए कारोबार की आप शुरूआत कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। बच्चों को ऑनलाइन गतिविधियों से दूरी बनाकर रखें।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 30 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 07.09 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-मघा 14.48 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |

### सुडोकू -104

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |



> विराट कोहली का अभी और भी बहुत कुछ आना बाकी है। पूरी पारी के दौरान कोहली अभी भी थोड़े रस्टी लग रहे थे। जैसे-जैसे वह और सेट होंगे, उनसे बहुत कुछ और देखने को मिलेगा।
>
> -अंबाती रायुडू


# स्टेडियम

अयोध्या, सोमवार, 30 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# रहाणे और रघुवंशी की अर्धशतकीय पारियों से केकेआर ने बनाए 220 रन


## आईपीएल-2026 : मुंबई इंडियंस के लिए शार्दुल ठाकुर ने हासिल किए तीन विकेट

**मुंबई, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों की बदौलत रविवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चार विकेट पर 220 रन बनाए।

सपाट पिच पर मुंबई इंडियंस के गेंदबाज अपने पहले ही मैच में दबदबा नहीं बना पाए, लेकिन शार्दुल ठाकुर (39 रन देकर तीन विकेट) ने टीम को अहम सफलता दिलाई। टीम के दोनों सीनियर तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह को कोई विकेट नहीं मिला। हालांकि भारत के मुख्य तेज गेंदबाज के 18वें और 20वें ओवर की किफायती गेंदबाजी ने केकेआर को 250 रन के करीब पहुंचने से रोक दिया। रहाणे ने पहले ओवर में बोल्ट की गेंद पर लांग ऑन के ऊपर से छक्का लगाकर पारी की शुरुआत की।

कप्तान हार्दिक पंड्या (39 रन देकर एक विकेट) की चौथे ओवर में लाइन और लेंथ की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर केकेआर ने 26 रन बना लिए। रहाणे ने लेग साइड में दो 'पिक-अप' शॉट खेलकर लगातार दो छक्के जड़े, जबकि फिन एलेन (17 गेंद में 37 रन) ने पंड्या की गेंद पर चौका जड़ा और फिर विकेटकीपर व शॉर्ट फाइन लेग के ऊपर से स्कूप शॉट खेलकर तीसरा चौका लगाया। इससे पहले एलेन ने पदार्पण कर रहे अल्लाह गजनफर (51 रन देकर कोई विकेट नहीं) के तीसरे ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाकर कुल 17 रन बटोरे थे। हालांकि ठाकुर ने अपनी दूसरी ही गेंद पर फिन को आउट करके मुंबई को सफलता दिलाई, जिनका कैच तिलक वर्मा ने लपका। इसके बावजूद पावरप्ले खत्म होने के बाद केकेआर का स्कोर एक विकेट पर 78 रन था। केकेआर ने आठवें ओवर में ही 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया था और एक समय ऐसा लग रहा था कि रहाणे तिहरे अंकों (शतक) तक पहुंच जाएंगे। वह 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे। लेकिन ठाकुर ने अपने दो अलग-अलग स्पैल में दो विकेट लेकर मेहमान टीम की लय तोड़ दी। नौवें ओवर में ठाकुर ने कैमरन ग्रीन को आउट किया। फिर अपने तीसरे और पारी के 14वें ओवर में ठाकुर ने धीमी क्रॉस-सीम गेंद डालकर रहाणे को चकमा दे दिया, और वह कवर पर खड़े रोहित शर्मा को कैच देकर पवेलियन लौट गए। रहाणे ने 40 गेंद की पारी में तीन चौके और पांच छक्के जमाए। उनका मयंक मारकंडे के सिर के ऊपर से लगाया गया शॉट बेहद शानदार था, जो छक्के के लिए गया। गजनफर की गेंद पर रहाणे ने घुटनों के बल बैठकर मिड-विकेट के ऊपर से एक और जोरदार छक्का लगाया।




अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे। एजेंसी

### केकेआर

**220/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का हार्दिक बो शार्दुल | 67 |
| फिन एलेन का तिलक बो शार्दुल | 37 |
| कैमरन ग्रीन का रदरफोर्ड बो शार्दुल | 18 |
| रघुवंशी का तिलक बो हार्दिक | 51 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 33 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 04 |

**गेंदबाजी** : ट्रेंट बोल्ट 4-0-38-0, हार्दिक पंड्या 3-0-39-1, एएम गजनफर 4-0-51-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-35-0, शार्दुल ठाकुर 4-0-39-3, मयंक मार्कंडेय 1-0-16-0

### डीआरएस रेफरल के लिए ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा

**मुंबई।** बीसीसीआई ने आईपीएल की टीमों से कहा कि कि डीआरएस रेफरल के दौरान कोई भी ऑटोमैटिक डबल चेक नहीं होगा। खास तौर पर, रिव्यू केवल अपील के मूल बिंदु तक ही सीमित रहेगा, और कोई भी अतिरिक्त चेक तभी किया जाएगा जब दूसरी टीम ने तय समय के अंदर रिव्यू किया हो। अगर गेंदबाजी करने वाली टीम कैच-बिहाइंड के लिए रिव्यू करती है, तो अंपायर उसके बाद वाइड के लिए चेक नहीं करेंगे। यह तभी चेक किया जाएगा जब बल्लेबाजी करने वाली टीम रिव्यू का विकल्प चुने। बीसीसीआई के विशेषज्ञ कहते हैं कि हाइट वाइड के लिए कोई ऑटोमैटिक चेक नहीं होगा। अब से, इसका रिव्यू तभी किया जाएगा जब बल्लेबाज़ी करने वाली टीम तय 15 सेकंड के अंदर रिव्यू का विकल्प चुने।



गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच से एक दिन पहले बारिश के कारण मैदान को कवर कर दिया गया। एजेंसी

# धोनी के बिना उतरेगी चेन्नई सैमसन पर रहेंगी निगाहें

- राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबला आज

**गुवाहाटी, एजेंसी**

पिछले एक दशक से अधिक राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे संजू सैमसन अब आईपीएल के मैच में सोमवार को उसी टीम के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे जबकि चेन्नई टीम का हिस्सा रहे रविंद्र जडेजा अब रॉयल्स के लिए खेलने जा रहे हैं।

पिछले दस साल से अधिक समय से सैमसन रॉयल्स टीम के कप्तान और स्टार बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कप्तानी में रॉयल्स 2022 में फाइनल तक पहुंची थी। जिस तरह से चेन्नई की पहचान महेंद्र सिंह धोनी हैं, वैसे ही रॉयल्स की पहचान सैमसन बन गए थे, लेकिन इस सत्र से पहले हुई अदला बदली में अब जडेजा रॉयल्स के लिए खेलेंगे और भारत की टी20 विश्व कप जीत के नायक रहे सैमसन चेन्नई टीम का हिस्सा होंगे।

सैमसन ने टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों में 50 से अधिक रन बनाकर भारत की खिताबी जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। वह चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी की शुरुआत करेंगे और टीम के कोर नेतृत्व का भी हिस्सा होंगे चूंकि धोनी फिटनेस कारणों से कम से कम दो सप्ताह नहीं खेल पायेंगे। चोट के कारण एमएस धोनी टीम के साथ गुवाहाटी नहीं आये हैं। उनकी गैर मौजूदगी में सैमसन व गायकवाड़ पर नजरें रहेंगी।

### टीम

**चेन्नई सुपर किंग्स** : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

### हाईलाइट

## कोको गाफ को हराकर एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन जीता



**मियामी गार्डन्स।** एरिना सबालेंका ने मियामी ओपन महिला एकल फाइनल में कोको गाफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराकर खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका चौथी रैंकिंग वाली गाफ को हराकर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पिछले चार साल में पहली खिलाड़ी बनी। उन्होंने इंडियन वेल्स खिताब भी जीता था। मियामी ओपन में यह उनकी लगातार दूसरी जीत है।

## विश्व वुशू चैंपियनशिप में भारतीय चमके

**तियानजिन (चीन)।** भारतीय खिलाड़ियों ने रविवार को यहां 10वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक जीते जबकि चार अन्य भी अलग-अलग वर्ग में फाइनल में पहुंच गए। भारत की अनु लड़कियों के वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की झांग लिनिंग के सामने थीं लेकिन वह कड़े मुकाबले में हार गईं जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। वहीं लड़कों के सेमीफाइनल में गौतम मनकास अपने प्रतिद्वंद्वी से हार गए, जिससे उन्हें भी कांस्य पदक मिला। इसके अलावा चार भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। उपेंद्रो थौगम ने मिस्र के अहमद मोहम्मद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पामा हेइबा सिंह ने सेनेगल के अलीमौ सी को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

## दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को हराया

**क्राइस्टचर्च।** अयाबोंगा खाका (छह विकेट) के बाद एनरी डर्कसन (72), सुने लूस (53) और कायला रेनेके (नाबाद 42) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पहले दिनरात्रि एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को दो विकेट से शिकस्त दी। कायला रेनेके को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 269 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 30 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। तेजमिन ब्रिट्स (शून्य) और लॉरा वुलफॉर्ट (10) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद एनरी डर्कसन और सुने लूस की जोड़ी ने पारी को संभाला। मैच की आखिरी गेंद पर कायला रेनेके ने छक्का लगाकर टीम को दो विकेट से जीत दिलाई।

# ब्रेक से तरोताजा होकर वापसी में मदद मिली : विराट कोहली

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आईपीएल के 2026 सत्र की शुरुआत नाबाद अर्धशतक से करने वाले महान बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि नियमित अंतराल पर खेल से ब्रेक लेने से उन्हें थकान से बचने और मानसिक रूप से तरोताजा होकर वापसी करने में मदद मिली।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के पहले मैच में गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से मिली जीत में कोहली ने 38 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए। कोहली ने मैच के बाद कहा वापिस यहां आकर अच्छा लग रहा है। आखिरी मैच मैने पिछले साल आईपीएल फाइनल खेला था लेकिन हाल ही में वनडे शृंखलाओं में जिस तरह से बल्लेबाजी की, उससे मुझे लय हासिल करने में मदद मिली।

अंतरराष्ट्रीय टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली ने कहा मैं वह शॉट्स नहीं खेल रहा था जो आम तौर पर नहीं खेलता। मुझे पता है कि मैं लय में हूं और मैने फिटनेस पर भी काफी मेहनत की है तो प्रदर्शन अच्छा ही रहेगा। हमारे पास अच्छी शुरूआत का मौका था और हमने वही किया। सिर्फ एक ही प्रारूप खेलने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा पिछले 15 साल से जिस तरह का कार्यक्रम रहा है और हमने जितनी क्रिकेट खेली है, मेरे लिये तैयारी की कमी की बजाय जरूरत से ज्यादा खेलने की थकान का जोखिम अधिक रहा है।



### हमने देवदत्त, कोहली को रन बनाने के मौके दिए : कोच विटोरी

**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ अपनी टीम की गेंदबाजी को खराब बातते हुए कहा कि गेंदबाजों ने आईपीएल के पहले मैच में विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल को रन बनाने के काफी मौके दिए। सनराइजर्स ने सत्र के पहले मैच में नौ विकेट पर 201 रन बनाये लेकिन आरसीबी ने लक्ष्य 15 .4 ओवर में ही हासिल कर लिया। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा आपको गेंदबाजी से अच्छी शुरूआत की जरूरत थी जो फिल साल्ट का विकेट लेकर की भी, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके।

## इस उम्र में कोहली की ऊर्जा और जोश बेजोड़ : अश्विन

**बेंगलुरु।** विराट कोहली की जमकर तारीफ करते हुए भारत के पूर्व आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने के बावजूद अपनी बेजोड़ ऊर्जा और जोश के दम पर जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं।

पिछले साल तीन जून को आईपीएल फाइनल जीतने के बाद पहली बार टी20 प्रारूप खेलते हुए कोहली ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 38 गेंद में नाबाद 69 रन बनाये जिसकी मदद से गत चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल 2026 के पहले मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। अश्विन ने एक शो पर कहा वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा ऐसा लगता है कि वह लोगों को दिखा रहे हैं कि कैसे खेला जाता है। इसे जोरदार ढंग से खेलो और वैसे ही खेलो, जैसे खेला जाना चाहिए। विराट ने जो कुछ भी किया, उस लिहाज से यह बात मेरे लिए सबसे खास रही। कोहली ने आईपीएल से पहले जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 93, 23 और 124 रन बनाए थे।

# पिछली जीत को हम पीछे छोड़ चुके : पाटीदार


- आरसीबी के कप्तान बोले-हम कुछ बचाने के लिए नहीं खेल रहे

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पिछले साल आईपीएल में मिली जीत को पीछे छोड़ चुकी है और अब फोकस इस साल फिर खिताब जीतने के लिये बेहतरीन प्रदर्शन पर है। आरसीबी ने इस सत्र के पहले मैच में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हराकर शानदार शुरूआत की । पाटीदार ने हालांकि कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब बचाने की मुहिम नहीं मानते।

उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात है। हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से खेल रहे हैं।

आरसीबी की जीत में विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी का अहम योगदान रहा। पाटीदार ने कहा लक्ष्य का पीछा करने में कोहली नंबर एक हैं। मुझे हमेशा से उनकी बल्लेबाजी पसंद है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है। उन्होंने कहा कोच एंडी फ्लावर की तरह मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के शिखर पर है। उसकी पारी को बयान करने के लिये मेरे पास समय नहीं है। वह मेरे आदर्श है और मैने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। सनराइजर्स के शीर्ष तीन विकेट लेने वाले डफी के बारे में उन्होंने कहा वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है । जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है ।



## मर्सिडीज के एंटोनेली ने लगातार दूसरी एफवन रेस जीती

**सुजुका।** मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (एफ1) रेस जीत ली।

इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

एंटोनेली ने चीन में भी पोल पोजीशन से जीत दर्ज की थी। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं। वह अब सत्र की ड्राइवर की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।

### मिले मौका

**पूर्व महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने बढ़ावा देने की मांग की**

# आदिवासी खिलाड़ियों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने की क्षमता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व महिला मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को भारत के आदिवासी समुदायों के बीच खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा कि इन समुदायों के लोगों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता बनने के लिए जरूरी शारीरिक क्षमता और मानसिक दृढ़ता मौजूद है।

एआईबीए महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छह बार स्वर्ण पदक जीतने वाली कॉम ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में आयोजित फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल कार्यक्रम के दौरान यूनीवार्ता को दिए एक साक्षात्कार मे कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि अगर आदिवासी खिलाड़ियों (पुरुष और महिला दोनों) को सही तरह का सहयोग मिले, तो वे निश्चित रूप से बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, मैं खुद कॉम समुदाय से आने वाली एक आदिवासी महिला हूं। आदिवासी लोग ऐसे इलाकों में रहते हैं जहां की परिस्थितियां काफी कठिन होती हैं, उनमें जबरदस्त शारीरिक और मानसिक दृढ़ता होती है और उन्हें अपने रोजमर्रा के जीवन में बहुत अधिक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आदिवासी लोग स्वभाव से ही मजबूत होते हैं, और मुझे लगता है कि अगर उन्हें सही मात्रा में सहयोग और जागरूकता मिले, तो वे खेलों के क्षेत्र में निश्चित रूप से बहुत आगे बढ़ेंगे। 2012 के लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली इस खिलाड़ी ने छत्तीसगढ़ में चल रहे पहले खेलो इंडिया आदिवासी खेल 2026 की जमकर सराहना की। इन खेलों में 30 राज्यों के आदिवासी एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। चुने गए खिलाड़ियों को खेलो इंडिया केंद्रों में शामिल किया जाएगा, और वहां से जो सबसे बेहतरीन खिलाड़ी होंगे, उन्हें नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए चुना जाएगा।



मैरी कॉम ने कहा उन्हें मुफ्त में ट्रेनिंग मिलेगी, इससे बेहतर और क्या हो सकता है। आदिवासियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उनमें जागरूकता की बहुत बड़ी कमी है। हमें उम्मीद है कि ये खेल आदिवासी एथलीटों को आगे आने के लिए एक बहुत बड़ा मंच प्रदान करेंगे। जिन्हें अक्सर मैग्निफ़िसेंट मैरी (शानदार मैरी) के नाम से पुकारा जाता है, ने बताया कि वह फ़िलहाल प्रोफ़ेशनल बॉक्सिंग में कदम रखने की योजना बना रही हैं और उनका लक्ष्य 2027 में अपना प्रोफ़ेशनल डेब्यू करना है। उन्होंने कहा मैंनेशौकिया बॉक्सिंग में वह सब कुछ हासिल कर लिया है, जो हासिल किया जा सकता था।

### उतर सकती हैं पेशेवर मुक्केबाजी में

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम ने रविवार को कहा कि वह पेशेवर मुक्केबाजी में उतर सकती हैं। लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी 43 वर्ष की मैरी कॉम ने कहा कि अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिये अब उनकी उम्र निकल चुकी है। उन्होंने कहा छह विश्व चैम्पियनशिप जीतना खास रहा। अब मैं उस उम्र में हूं कि देश के लिये अमैच्योर सर्किट पर नहीं खेल सकती। पेशेवर मुक्केबाजी एक नया मौका हो सकता है।